भोपाल
सोमवार, 21 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-08
वर्ष : 12, अंक : 20
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 38
न्यून. 24

**हरिभूमि**
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


13 गुजरात के खिलाफ आज कोलकाता...

विचार पेज
08 लोकतंत्र में टकराव ठीक नहीं

### छतरपुर जिला अस्पताल में डॉक्टर की हैवानियत पर सरकार का कड़ा एक्शन

# 77 साल के बुजुर्ग को पीटने वाला डॉक्टर राजेश मिश्रा नौकरी से बर्खास्त, सिविल सर्जन डॉ. जीएल अहिरवार भी 'निलंबित'


देरी से आने का कारण पूछने पर डॉक्टर को बुजुर्ग पर आया था गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

जिला अस्पताल में डॉक्टर द्वारा बुजुर्ग मरीज से मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद शासन ने बड़ी कार्रवाई की। डॉक्टर राजेश मिश्रा और रेडक्रॉस कर्मचारी राघवेंद्र खरे को बर्खास्त (सेवा समाप्त) कर दिया गया है, जबकि अस्पताल के सिविल सर्जन सह मुख्य अधीक्षक डॉ. जीएल अहिरवार को सस्पेंड कर दिया गया है। घटना 17 अप्रैल की है और इसका वीडियो रविवार को वायरल हुआ। 17 अप्रैल की सुबह नौगांव निवासी उद्धव लाल जोशी अपनी पत्नी लाली जोशी (70) के साथ इलाज के लिए 30 ▶▶ शेष पेज 6 पर

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन** मप्र के मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना के हस्ताक्षर से जारी हुआ आदेश, नौगांव थाने में डॉक्टर पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज


पीड़ित अपनी पत्नी के साथ इलाज के लिए करीब 30 किमी का सफर तय करके जिला अस्पताल आए थे, लेकिन बिना इलाज ही जाना पड़ा।



#### शासन ने आचरण को कदाचरण माना

डॉ. राजेश मिश्रा अस्पताल में संविदा स्नातकोत्तर चिकित्सा अधिकारी अस्थिरोग विशेषज्ञ के पद पर जिला अस्पताल छतरपुर में पदस्थ थे। बुजुर्ग के साथ मारपीट मामले में शासन ने उनके आचरण को कदाचरण माना है और उनकी सेवा समाप्ति को आदेश जारी किया है। डॉ. मिश्रा की बर्खास्तगी का आदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मप्र के मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना के हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

#### सिविल सर्जन डॉ. अहिरवार इसलिए सस्पेंड

डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा बुजुर्ग से मारपीट मामले में अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. जीएल अहिरवार को भी सस्पेंड कर दिया गया है। डॉ. अहिरवार पर दायित्वों का ठीक से निर्वहन नहीं करने के कारण यह कार्रवाई की गई है। निलंबन आदेश में बताया गया है कि डॉ. अहिरवार ने अपने अधीनस्थ स्टॉफ पर नियंत्रण नहीं किया, जिसके कारण बुजुर्ग के साथ मारपीट की घटना घटित हुई।

**बुजुर्ग से मारपीट से सरकार की छवि धूमिल:** बुजुर्ग से मारपीट करने वाले डॉ. राजेश मिश्रा की करतूत से स्वास्थ्य विभाग और सरकार की छवि धूमिल हुई है। विपक्ष ने भी सरकार पर निशाना साधा है। वहीं इस बात को ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
कोलकाता गुजरात
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे गिरफ्तार, जेल भेजा

**इंदौर।** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे सहित आठ लोगों के खिलाफ हीरानगर पुलिस ने केस दर्ज किया है।



पार्षद के भतीजे का विवाद पानी के टैंकर को लेकर उनकी गली में रहने वाले कपिल पाठक से हुआ था। कपिल भाजपा नेता है। चिंटू चौकसे के समर्थक हीरानगर थाने में हंगामा किया। नेता प्रतिपक्ष को जेल भेज दिया।

### अफजल खान ने 'ड्रीम 11' पर जीते 4 करोड़

**खंडवा।** जिला मुख्यालय से करीब 50 किमी दूर स्थित भवानिया गांव के अफजल खान ने फैंटेसी गेमिंग एप ड्रीम 11 पर टीम बनाकर पूरे 4 करोड़ रुपए का इनाम जीता है।



अफजल पेशे से कंप्यूटर ऑपरेटर हैं और खंडवा की हरदा-इंदौर ट्रांसपोर्ट कंपनी में हैं, शुक्रवार को ड्रीम 11 पर पंजाब-बेंगलुरु मैच की टीम बनाई थी।

### कर्नाटक के पूर्व डीजीपी की हत्या, पत्नी पर शक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओमप्रकाश की हत्या कर दी गई है। आशंका जताई जा रही है कि उनकी पत्नी ने ही चाकू घोंपकर उनकी हत्या की है।



पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है। बेंगलुरु के एचएसआर लेआउट स्थित उनके घर में उनका शव बरामद हुआ है। घर में उनकी पत्नी और बेटी ही मौजूद थी।

### भैरुंदा में चार दुकानें जलकर खाक

**भैरुंदा।** जिले के भैरूंदा स्थित जेपी मार्केट में एक बूट हाउस में आग लग गई। आग ने आसपास की चार दुकानों को भी चपेट में ले लिया।



गर परिषद भैरूंदा की दमकलें आग बुझाने में जुट गईं। आग की घटना शनिवार रात करीब 9 बजे हुई, लेकिन 10 दकमलें एवं टैंकर रविवार सुबह 4 बजे तक आग बुझाने में जुटे रहे।

### राष्ट्रीय राजमार्ग हुआ बाधित, राहत एवं बचाव दल मुस्तैदी से जुटा

# रामबन में बादल फटने से भारी तबाही, 250 घर क्षतिग्रस्त, 3 की मौत, 100 को बचाया

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू कश्मीर के रामबन में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। इससे अचानक बाढ़ आ गई और पहाड़ का मलबा खिसककर गांव की तरफ आ गया, जिसकी चपेट में आने से तीन लोगों की जान चली गई जबकि 250 से अधिक घरों को भारी क्षति हुई है। इस तबाही में सैकड़ों वाहन पानी में बह गए और कुछ मलबे में दब गए। राष्ट्रीय राजमार्ग भी बाधित हुआ और आवागमन ठप हो गया।

वहीं बड़ी संख्या में पर्यटक भी फंस गए। हालांकि राहत एवं बचाव दल ने 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा दिया है। रामबन जिले के बनिहाल इलाके में कई जगह लैंडस्लाइड हुई हैं। इसकी वजह से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया है। सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। किश्तवाड़-पद्दर मार्ग भी बंद है। यहां वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रामबन में भूस्खलन और फ्लैश फ्लड की दुखद घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं। ▶▶ शेष पेज 6 पर

बादल फटे और पहाड़ का मलबा खिसककर गांव में आ गया | उधमपुर जिले में आंधी तूफान और बारिश से मचा हड़कंप

- *सैकड़ों वाहन फंसे, किश्तवाड़ पद्दर मार्ग भी बंद*
- *रामबन, उधमपुर, पुंछ और बारामुला जिलों में अलर्ट*





#### जम्मू एयरपोर्ट की भी कई फ्लाइट्स रद्द की गईं

जम्मू एयरपोर्ट पर भी शनिवार को भी यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। श्रीनगर में खराब मौसम की वजह से कई फ्लाइट्स रद्द या देर से थीं, जिससे जम्मू में कनेक्टिंग फ्लाइट्स पर असर पड़ा। टर्मिनल के अंदर भीड़ बढ़ गई और यात्रियों ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर स्थिति बताई। स्पाइसजेट ने भी जानकारी दी कि श्रीनगर में मौसम खराब होने के कारण सभी उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं, और यात्रियों से अनुरोध किया कि वे अपनी फ्लाइट की स्थिति जांचते रहें।

#### आज से 23 तक मप्र में होगी बारिश, कई जिलों के लिए अलर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में गर्मी का असर लगातार देखने को मिल रहा है, जिसने सभी को परेशान कर दिया है। शनिवार-रविवार को मलाजखंड और खंडवा में पारा 42 डिग्री से अधिक रहा। वहीं, जबलपुर, नर्मदापुरम, शिवपुरी, खजुराहो, खरगोन, सतना, दमोह और रीवा में भी पारा 41 डिग्री के पार रहा, जबकि बैतूल, सिवनी, नरसिंहपुर, गुना, सागर, उमरिया और नौगांव में तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। गर्मी के चलते प्रदेश के अधिकांश जिलों में गर्मी ने लोगों का हाल-बेहाल कर रखा है। भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने कुछ जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। साथ ही मौसम में ▶▶ शेष पेज 6 पर

#### लैंडस्लाइड के वीडियो सामने आए

*अधिकारियों ने मौसम साफ होने के बाद ही हाईवे पर सफर करने की अपील की है। लैंडस्लाइड के कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिसमें पहाड़ से मलबा गिरते देखा जा सकता है। कुछ इलाकों में पहाड़ का मलबा सड़कों और रिहायशी इलाकों तक पहुंच गया है। एक वीडियो में तीन-चार टैंकर और कुछ अन्य गाड़ियां मलबे में पूरी तरह दबी हुई दिख रही हैं। इसके अलावा होटल और घर भी मलबे से प्रभावित दिख रहे हैं। रामबन जिले में चेनाब नदी के पास धर्मकुंड गांव लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया है। 10 घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए, 25-30 अन्य घरों को भी नुकसान हुआ है। धर्मकुंड पुलिस ने 90-100 लोगों को सुरक्षित बचाया। उधमपुर जिले की सतैनी पंचायत में भी तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई है। बिजली की आपूर्ति ठप है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2-3 दिनों तक जम्मू-कश्मीर में बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है।*

**सुप्रीम कोर्ट** पर टिप्पणी कर बुरे फंसे भाजपा सांसद निशिकांत दुबे

# अवमानना की कार्यवाही की मांग अटॉर्नी जनरल के पास पहुंची चिट्ठी

### दुबे की टिप्पणियों को सुप्रीम कोर्ट की गरिमा के खिलाफ बताया गया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ बयानबाजी के मामले में भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे घिरते नजर आ रहे हैं। इस मामले में देश के अटॉर्नी जनरल को चिट्ठी लिखकर सांसद के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की इजाजत मांगी गई है।

आपराधिक अवमानना का मामला चलाए जाने की मांग दुबे की सुप्रीम कोर्ट और चीफ जस्टिस संजीव खन्ना के खिलाफ टिप्पणियों को लेकर की गई है। अधिवक्ता अनस तनवीर ने अटॉर्नी जनरल को लिखे ▶▶ शेष पेज 6 पर

#### भाजपा सांसद ने क्या कहा था

वकील ने आरोप लगाया है कि निशिकांत दुबे ने टिप्पणी 'बेहद अपमानजनक' और सुप्रीम कोर्ट की गरिमा को कम करने के उद्देश्य से की है। आवेदन में कहा गया है कि दुबे ने सुप्रीम कोर्ट पर तीखा हमला करते हुए कहा था कि अगर कानून सुप्रीम कोर्ट को ही बनाना है, तो संसद और राज्य विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। उन्होंने भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना पर भी निशाना साधा और उन्हें देश में गृह युद्ध के लिए जिम्मेदार ठहराया।

**मुख्यमंत्री** ने दी प्रदेश के नागरिकों को बधाई

# सीएम ने गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में छोड़े दो चीते

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को वन्य जीव संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मंदसौर जिले के गांधी सागर अभयाण्य में दो चीते छोड़े। चीतों के नाम प्रभाष और पावक हैं। इन्हें कूनो नेशनल पार्क से यहां लाया गया है। दक्षिण अफ्रीका से फरवरी 2023 में लाए गए इन चीतों ने कूनो में दो साल बिताए हैं।

डॉ. यादव ने प्रदेश के गांधी सागर अभयारण्य में चीतों के छोड़े जाने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि गांधी सागर अभयारण्य में 2 चीते छोड़े जाने का अवसर प्रसन्नता ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी


जैसे ही पिंजरे से चीते को आजाद किया गया, छलांग लगाते हुए भागा

### तालाब में डूबे दो चचेरे भाई

## नहाते समय गहरे पानी में गए एक-दूसरे को बचाने में गई जान

**शिवपुरी।** चमरऊआ गांव में रविवार दोपहर तालाब में नहाने गए दो चचेरे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। ये हादसा दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास खनियाधाना थाना क्षेत्र में हुई।



करण केवट (18) पिता रघुवर केवट और अभिषेक केवट (13) पिता विक्रम केवट गांव के कुछ अन्य युवकों के साथ नहाने के लिए तालाब गए थे। नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए, जिससे वे डूबने लगे। बताया जा रहा है कि बड़ा भाई पानी में डूब रहा था, तो उसे बचाने के लिए छोटा भाई गया। इसी दौरान दोनों पानी में डूब गए। मौके पर मौजूद अन्य ग्रामीणों ने उन्हें तालाब से बाहर ▶▶ शेष पेज 6 पर

### नेता ने नाबालिग भाई-बहन को पीटा

## लड़की के पेट और प्राइवेट पार्ट पर आई चोट, केस दर्ज

**सागर।** जिले के बीना में सागर सांसद लता वानखेड़े के प्रतिनिधि और उसके साथियों ने नाबालिग लड़की और उसके भाई के साथ मारपीट कर दी।



▪ सांसद प्रतिनिधि पर पुलिस ने दर्ज किया केस

सांसद का प्रतिनिधि और रेलवे में सलाहकार समिति सदस्य बनने के बाद नौगांव के पूर्व सरपंच संतोष ठाकुर पावर में आ गया है। उन्होंने और उनके परिजनों ने पुरानी बुराई पर गांव के ही दो नाबालिगों पर जानलेवा हमला कर दिया। बीना निवासी संतोष कुशवाहा ने बताया कि उनका बेटा सुमित (17) रात 9 बजे दुकान पर सामान लेने जा रहा था। घर के सामने गोलू ठाकुर, हरिसिंह ठाकुर, संतोष ठाकुर हाथों में डंडा, लोहे की राड लिए ▶▶ शेष पेज 6 पर

### संघ प्रमुख ने दिया समरसता का मंत्र

## एक मंदिर, एक कुआ, एक श्मशान से मिटेगा जातिवाद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने हिंदू समाज से जातिगत मतभेदों को समाप्त करने की पुरजोर अपील की है।


▪ सभी वर्गों में समरसता लाने का आह्वान

उन्होंने एक मंदिर, एक कुआ और एक श्मशान की नीति अपनाकर सभी वर्गों में समरसता और समानता लाने का आह्वान किया। अलीगढ़ में पांच दिवसीय दौरे पर आए मोहन भागवत ने दो प्रमुख शाखाओं-एचबी इंटर कॉलेज और पंचन नगरी पार्क में स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमें सभी वर्गों को समान सम्मान देना होगा। यही हमारा धर्म है, यही हमारी संस्कृति है। आरएसएस प्रमुख ने स्वयंसेवकों को सामाजिक ▶▶ शेष पेज 6 पर

### वीडियो वायरल होने के बाद एमपी सिविल सेवा (आचरण) नियमों के तहत शिक्षक हो चुका सस्पेंड

शिक्षक ने बताया राजनीतिक साजिश, डीएनए टेस्ट कराने को तैयार

# छात्रों को शराब पिलाने के वायरल वीडियो पर स्कूल पहुंची जांच टीम, ग्रामीणों और स्कूल स्टाफ से की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के खिरहनी के शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल के प्राथमिक शिक्षक का छात्रों को शराब पिलाने का मामला थम नहीं रहा है। तहसीलदार नितिन पटेल और बीईओ सहित अन्य अधिकारी रविवार को जांच करने स्कूल पहुंचे, जहां लोगों के बयान लेकर जांच रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी जाएगी।

वहीं, प्राथमिक शिक्षक लाल नवीन प्रताप सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो मामला राजनीतिक साजिश है, जिसने यह वीडियो वायरल किया है वह हमारे परिवार का विरोधी है। हम स्कूल से उस दिन डेढ़ बजे घर गए थे, जहां पर खेल रहे ▶▶ शेष पेज 6 पर

**कटनी जिले** के खिरहनी के शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल का मामला



#### क्या बोले गांव के लोग

गांव की रहने वाली सावित्री बाई सहित अन्य महिला ने बताया कि यहां पर बच्चे शराब का सेवन नहीं करते है और जो वीडियो बताया जा रहा है। यहां ऐसा कभी नहीं किया गया है। गांव के पूर्व पंच खुशीराम कोल ने बताया कि छात्र यहां स्कूल में पढ़ने आते हैं, यहां बच्चे शराब नहीं पीते।

#### कलेक्टर के आदेश पर कार्रवाई

अधिकारी ने बताया कि वीडियो का संज्ञान लेते हुए जिला कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिला शिक्षा अधिकारी ओपी सिंह को शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि वीडियो को विभिन्न ब्लॉकों के अधिकारियों को भेजा गया और बाद में शिक्षक की पहचान लाल नवीन प्रताप सिंह के रूप में हुई। अधिकारी ने बताया कि सिंह को कदाचार, बच्चों को शराब पीने के लिए प्रोत्साहित करने और शिक्षक की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप में एमपी सिविल सेवा (आचरण) नियमों के तहत तत्काल निलंबित कर दिया गया।



# मुख्यमंत्री से आज रूबरू होंगे प्रदेश के भावी 375 वैज्ञानिक, होंगे सम्मानित

## मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् की 17वीं विज्ञान मंथन यात्रा का फ्लैग ऑफ भी करेंगे सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् की 17वीं विज्ञान मंथन यात्रा के लिए चयनित प्रतिभाशाली भावी वैज्ञानिकों से सोमवार को संवाद करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री निवास में शाम 7 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री यात्रा पर जाने वाले भावी वैज्ञानिकों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम में डॉ. यादव विज्ञान मंथन यात्रा का फ्लैग ऑफ भी करेंगे। इस अवसर पर वैज्ञानिक संस्थानों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक उपस्थित रहेंगे।

विज्ञान विषय में अध्यनरत पूरे प्रदेश के कुल 375 छात्र-छात्राओं का किया है चयन



### 20 चयनित विद्यार्थियों को मिलेगी स्कॉलरशिप

17वीं विज्ञान मंथन यात्रा 21 से 27 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। योजना में चयनित प्रतिभागियों को देश की प्रतिष्ठित प्रयोगशालाओं और समर्पित वैज्ञानिकों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। यात्रा के बाद परिषद् द्वारा आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में भाग लेने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में सफल होने वाले प्रत्येक कक्षा के 20 चयनित विद्यार्थियों को 5 वर्षों तक 12 हजार रुपए प्रति वर्ष की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। यात्रा के लिए इस वर्ष कक्षा 10वीं से 12वीं विज्ञान विषय में अध्ययनरत पूरे प्रदेश के कुल 375 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। चयन प्रक्रिया में प्रदेश को 5 विभिन्न जोन (ईस्ट, वेस्ट, नार्थ, साउथ व सेंट्रल) में बांटकर प्रत्येक जोन से 75 प्रतिभागियों का चयन किया गया है।

### प्रतिभागियों का चयन प्रदेश स्तर पर हुआ

परियोजना प्रभारी डॉ. विवेक कटारे के अनुसार प्रतिभागियों के चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन हुए है, जिसमें कक्षा 10वीं के 49 छात्राएं तथा 76 छात्रों का चयन हुआ, जबकि कक्षा 11वीं के 54 छात्राएं तथा 71 छात्रों का चयन हुआ है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं की 48 छात्राएं तथा 77 छात्रों का चयन हुआ है। प्रदेश के विज्ञान विषय के 33 शिक्षकों का भी चयन किया गया है। विद्यार्थियों का एक ग्रुप चंडीगढ़ जाएगा और दूसरा ग्रुप दिल्ली स्थित संस्थानों का अवलोकन करेगा। चंडीगढ़ जाने वाले ग्रुप का नाम 'सीवी रमन ग्रुप' होगा, जबकि दिल्ली जानेवाले ग्रुप का नाम 'एपीजे अब्दुल कलाम ग्रुप' रखा गया है।

### कल वंदेभारत ट्रेन से रवाना होंगे विद्यार्थी

इन भावी वैज्ञानिकों के दोनों समूह 22 अप्रैल को रानी कमलापति स्टेशन से सुबह वंदेभारत ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। दिल्ली पहुंचने पर प्रदेश के इन सभी भावी वैज्ञानिकों का भव्य स्वागत विज्ञान भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा, जिसमें विज्ञान जगत की अनेकों प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति की संभावना है।

## प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का दिया संदेश

# ईसाई समुदाय ने धूमधाम से मनाया ईस्टर पर्व हुई प्रार्थना सभा, एक-दूसरे को दी बधाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईस्टर संडे यानी पास्का रविवार सभी गिरजाघरों में धूमधाम से मनाया गया। गुड फ्राइडे के तीसरे दिन प्रभु यीशु पुनर्जीवित हो गए थे। इसी खुशी में ईसाई समाज के लोग ईस्टर मनाते हैं। इस मौके पर गिरजाघरों में मिस्सा बलिदान चढ़ाने के साथ विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इसके साथ ही पुर्नरुत्थान के गीत गाए गए। शहर के सेंट जोंस चर्च में ईस्टर रविवार के मौके पर विशेष आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी ने एक दूसरे को ईस्टर की बधाई दी।

### प्रभु यीशु को शुक्रवार को क्रूस पर लटकाया था, तीसरे दिन हुए जीवित



### ईस्टर का महत्व बताया

आर्च डीकन अनिल मार्टिन ने ईस्टर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, आपसी प्रेम, भाईचारा और विश्व शांति के लिए कार्य करने की बात कहीं। उन्होंने अपने संदेश में यह बताया कि प्रभु यीशु मसीह को शुभ शुक्रवार को क्रूस पर लटकाया गया था। उन्होंने सात वचन बोले थे और अंतिम वचन में कहा था पूरा हुआ वह काम पूरा हुआ, जो परमेश्वर पिता ने उन्हें करने के लिए भेजा था कि मानव जाति को शैतान और मृत्यु के बंधन से छुटकारा दे। यीशु मसीह तीसरे दिन जीवित होने के बाद उन्होंने सर्वप्रथम मरियम को दर्शन दिया उसके बाद उनके 11 शिष्यों को दर्शन दिया। संत जॉन'एस पीएलसी चर्च के अध्यक्ष युवा अमन मार्टिन ने बताया कि इस मौके पर गीत और नाट्य प्रस्तुतियां भी हुई। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### गिरजाघरों में ईस्टर पर गीत और नाट्य प्रस्तुतियां भी आयोजित की

*एक अंत के बाद हमेशा नई शुरुआत होती है : आर्च बिशप*



अरेरा कॉलोनी स्थित अजम्पशन चर्च में आयोजित समारोह में आर्चबिशप डॉ. एएएस दुरईराज ने कहा कि जीवन की तमाम चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बीच, ईस्टर हमें यह महत्वपूर्ण संदेश देता है कि एक अंत के बाद हमेशा एक नई शुरुआत होती है। उन्होंने कहा कि ईस्टर हमें अपने हृदयों में दया, करुणा और समझ जैसे मानवीय मूल्यों को विकसित करने और इन गुणों को अपने आस-पास के सभी लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करता है। फादर अल्फ्रेड डिसूजा ने ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए कहा ईस्टर का पर्व अपने साथ आशा, नवीनीकरण और अपार खुशी का संदेश लेकर आता है।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान देवनारायण का जन्म उत्सव

# माता गुजरी की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने पृथ्वी पर लिया अवतारः संत सांवरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कल्याणी महिला को कभी दुखी नहीं रहना चाहिए, इससे उसके पति की आत्मा को तकलीफ पहुंचती है। यह बात देवनारायण भगवान कथा के दौरान संत सांवरिया गुर्जर ने कही। स्वर्गीय श्री रामफूल मीना पटेल की स्मृति में चीचली बैरागढ़ के पास पंचमुखी हनुमान मंदिर में भगवान देवनारायण कथा का आयोजन किया जा रहा है।

कथा के मुख्य आयोजक अमित मीणा सुमित मीणा ने बताया कि रविवार को कथा के दौरान भगवान के जन्म की लीला का वर्णन किया गया। इस दौरान भगवान देवनारायण का जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कथा वाचक सांवरिया गुर्जर ने कहा कि माता साडू गुजरी की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में मालासेरी डूंगरी में कमल के फूल पर बाल स्वरूप में अवतरित हुए थे।

# भागवत कथा संपन्न, देवी हवन यज्ञ कर कराया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मां शीलता माता मंदिर जनता नगर करोंद में श्रीमद् भागवत कथा संपन्न होने पर समिति द्वारा चार भंडारे का आयोजन किया गया। श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम के पिठाधीश पंडित सुशील महाराज द्वारा सभी का कल्याण और रोगों का नाश करने के लिए देवी हवन यज्ञ किया गया। पं सुशील महाराज ने बताया कि श्रीमद् भगवत कथा का विधि विधान से संपन्न होने पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

पहला भंडारा भागवत पंडाल में कथा समापन दिवस पर संपन्न हुआ। दूसरा श्री हनुमान सेना और तीसरा भंडारा देवी हवन यज्ञ करके कार्यकर्ताओं को सपरिवार कराया गया। पं सुशील महाराज ने बताया कि रविवार को चौथा भंडारा गाय माताओं को खिलाकर श्रीमद् भागवत कथा के चार भंडारे संपन्न करवाए गए। इस अवसर पर पं सुशील महाराज ने भक्तों को 'श्री हरि रक्षा कवच' वितरित किए।

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में 700 लोगों ने डाली आहूतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*200 नौनिहालों के विद्यारंभ और 10 गर्भवती के पुंसवन संस्कार हुए*



अवधपुरी में चल रहे 24 कुंडीय महायज्ञ में रविवार को 700 से अधिक लोगों ने आहूतियां डालीं। 10 गर्भवती बहनों के पुंसवन और 200 बालक बालिकाओं के विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न हुए।

महायज्ञ समिति के संयोजक गजानंद घिडोड़े ने बताया कि व्यासपीठ से शांतिकुंज के प्रतिनिधि टोली नायक प्रमोद वारचे ने कहा कि महाकाल की युग निर्माण योजना को पूरा करने के लिए धरती पर स्वर्ग जैसी स्थितियां पुनः निर्मित होने जा रही हैं। इस हेतु देवताओं का धरती पर अवतरण सुनिश्चित है, अतः उन माता बहिनों को देव शक्तियों को अपने घर संतान के रूप मे जन्म देने का सौभाग्य मिलेगा जो अपना चिंतन, चरित्र, आचरण और व्यवहार माता कुंती, जीजा बाई, शकुंतला, शांकराचार्य की माँ, मदालसा, सीता जैसा बनाएंगी। महायज्ञ में नगर के हर क्षेत्र से गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एम्स के डॉ. कृष्णा ने अमेरिका में प्रस्तुत की ब्रेकियल प्लेक्सस इंजरी की आधुनिक तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



एम्स भोपाल के बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. दीपक कृष्णा ने वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) में आयोजित सम्मेलन में ब्रेकियल प्लेक्सस इंजरी (कंधे की नसों में चोट) के इलाज में उन्नत तकनीक प्रस्तुत की। डॉ. कृष्णा ने अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में आयोजित इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ सोसाइटीज ऑफ सर्जरी ऑफ द हैंड की त्रैवार्षिक कार्यशाला में अपने शोध पत्र के माध्यम से भारत का प्रतिनिधित्व किया।

इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में विश्वभर से एक हजार से अधिक विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डॉ. दीपक कृष्णा ने अपने शोध पत्र 'टेंडन ट्रांसफर फॉर रिस्ट एंड फिंगर्स ड्राप इन ब्रेकियल प्लेक्सस इंजरी' में एम्स भोपाल में इलाज किए गए मरीजों के अनुभवों और परिणामों को साझा किया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के दौरान कंधे के ऊपरी हिस्से की नसों पर अत्यधिक खिंचाव (ट्रैक्शन) के कारण हाथ में कमजोरी आ जाती है। इस स्थिति में पारंपरिक टेंडन ट्रांसफर तकनीकों की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने एफडीएस टेंडन के उपयोग पर आधारित एक उन्नत तकनीक प्रस्तुत की, जिससे रोगियों को बेहतर परिणाम प्राप्त हुए हैं।

# सांदीपनि विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन शिविर धार से हुई शुरुआत

**भोपाल।** प्रदेश के महर्षि सांदीपनि (सीएम राइज) विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसकी शुरुआत धार जिला मुख्यालय पर स्थित महर्षि सांदीपनि (सीएम राइज) विद्यालय से हो गई है। यहां रविवार को सहृदय, सीखें, सृजन करें, समाज से जुड़ें थीम पर आधारित ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ राष्ट्रगान एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। कक्षा केजी से लेकर 10वीं तक के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रथम दिन शिविर में सहभागिता की। प्राचार्य डॉ. स्मृति रत्न मिश्र ने मोबाइल के दुष्प्रभावों के बारे में विद्यार्थियों को बताया।

# चौरसिया समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में लिया खुशी के मौके पर पौधरोपण का 8वां वचन

वर-वधुओं को भेंट किए तुलसी के पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्यामला हिल्स स्थित मानस भवन में रविवार को अखिल भारतीय सकल तंबोली एवं चौरसिया समाज राम मंदिर समिति द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें आधा दर्जन से अधिक जोड़े वैदिक विधि से विवाह बंधन में बंधे। कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, विश्वास सारंग, महापौर मालती राय और विधायक भगवान दास सबनानी, राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद चौरसिया लक्खु भैया और कृष्णकांत चौरसिया की मौजूदगी में दूल्हा-दूल्हन ने सात फेरे लिए और आठवां वचन लिया कि हर खुशी के मौके पर एक पौधा जरूर लगाएंगे। विदाई का क्षण भावुक कर देने वाला था।



### जोड़ों ने सेल्फी ली...

समिति के अध्यक्ष नितेश चौरसिया ने बताया कि 5 हजार से अधिक मेहमानों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई। दूल्हों ने मंच पर अपनी दुल्हनों के साथ सेल्फी लेकर खास पल को कैमरे में कैद किया। इस मौके पर वर-वधुओं को तुलसी के पौधे भी भेंट किए।

### स्मारिका का विमोचन

कार्यक्रम संयोजक कृष्णकांत चौरसिया ने जानकारी दी कि यह सम्मेलन केवल परिचय का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की एकता और शक्ति का प्रतीक है। कार्यक्रम में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों से 5-6 हजार लोग शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत 400 से अधिक युवक-युवतियों के पंजीयन हुए थे। कार्यक्रम में रंग-बिरंगी स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर आनंद चौरसिया, केपी ग्रुप, राजेश चौरसिया एडवोकेट, राजेश चौरसिया प्रेस, नंदकिशोर चौरसिया, प्रकाश चौरसिया समेत अनेक लोग मौजूद रहे।



हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 21 अप्रैल 2025

5 जावद में सीएम ने किया सांदीपनि विद्यालय...



10 'स्वच्छ सवेरा' में दिखा स्वच्छता और कला का...





ज्वलंत समस्याओं की लाइव पड़ताल | राजधानी के मुख्य स्टेशन पर पानी की समस्या ले रही गंभीर रूप

# भोपाल स्टेशन पर 28 वाटर मशीनों में से कई खराब आधे दे रहे गर्म पानी, ठंडे पानी के लिए यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्मी शुरू होने के साथ ही पानी की डिमांड बढ़ने लगी है तो वहीं भोपाल रेलवे स्टेशन पर लगे 28 वाटर मशीनों में से अधिकांश खराब हैं। जिस कारण यात्रियों के लिए गर्म पानी पीना पड़ रहा है।

इसके अलावा यात्री कलेजा ठंडा करने के लिए 15 से 20 रुपए में पानी की बोतल खरीदने को मजबूर हैं। राजधानी के मुख्य स्टेशन से रोजाना हजारों यात्री देश के विभिन्न हिस्सों की यात्रा करते हैं, वहां पीने के पानी की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। यात्रियों को ठंडे पानी की उम्मीद में वाटर कूलर के पास जाना भी अब बेकार साबित हो रहा है, क्योंकि स्टेशन पर लगी अधिकांश वाटर मशीनें या तो बंद पड़ी हैं या फिर उनमें गर्म पानी आ रहा है।

स्टेशन पर कुल 28 वाटर मशीनें लगाई गई हैं, जिनका उद्देश्य यात्रियों को साफ और ठंडा पानी उपलब्ध कराना है। लेकिन हालात ये हैं कि इनमें से दो मशीनें पूरी तरह बंद पड़ी हैं, जबकि आधे से ज्यादा मशीनों से ठंडे पानी के बजाय गर्म पानी आ रहा है, जिससे यात्रियों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

*मजबूरी में पैसे खर्च कर खरीदनी पड़ रही पानी की बोतल*




## छह नंबर प्लेटफॉर्म पर वाटर कूलर बंद

*प्लेटफार्म नंबर 6 के इटारसी छोर पर लगा वाटर कूलर पूरी तरह से बंद है। यात्रियों ने बताया कि यह स्थिति कई दिनों से बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं किया गया है। प्लेटफार्म नंबर दो पर स्थित सांची स्टाल के पास लगे वाटर कूलर की भी हालत खराब है। यह मशीन बंद है। पेयजल व्यवस्था की तरह सफाई व्यवस्था भी चिंताजनक बनी हुई है। कई वाटर कूलरों के आसपास गंदगी फैली हुई है, जिससे वहां खड़े होना भी मुश्किल हो गया है। नल और टोंटी के आसपास की जगहों पर गंदगी पड़ी हुई है और साफ-सफाई की कोई नियमित व्यवस्था नजर नहीं आ रही।*

## दिल्ली से रानी कमलापति आ रही वंदे भारत का एसी फेल

*भोपाल। नई दिल्ली से चलकर देर रात रानी कमलापति पहुंचने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के कई कोचों के एसी ग्वालियर स्टेशन निकलने के बाद ही फेल हो गए। कोच सी 5 सी 6 सी 7 में यात्रा कर रहे यात्री इससे भरी गर्मी में खासे परेशान नजर आए। लोगों ने कोच मैनेजर से इसकी शिकायत की, लेकिन पूरा सफर हो गया और कोई भी मेकेनिकल स्टाफ यात्रियों की शिकायत दूर करने नहीं पहुंचा। इसके अलावा यात्रियों ने सहायता नंबर 139 पर भी शिकायत की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। यात्री पूरे रास्ते परेशान होते हुए किसी तरह रानी कमलापति स्टेशन पहुंचे और राहत की सांस ली।*

**ठंडे पानी की उपलब्धता सबसे जरूरी**

इस अव्यवस्था से परेशान यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से व्यवस्था सुधारने की मांग की है। यात्री रूपेश चौरसिया का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में साफ और ठंडे पानी की उपलब्धता सबसे जरूरी है।

## अस्पतालों का हालः जेपी में कूलर सूखे, हमीदिया में पंखे के भरोसे मरीज तो एम्स में एसी बंद

*भोपाल। राजधानी के सरकारी अस्पतालों में गर्मी से बचने के लिए किए गए इंतजाम की पोल खुल गई। रविवार को हरिभूमि टीम ने जेपी, हमीदिया और एम्स अस्पताल की ओपीडी की पड़ताल की तो सामने आया कि तीनों अस्पतालों में भी मरीजों के परिजनों के लिए कोई छांव की व्यवस्था नहीं है। एम्स में कॉरिडोर में एसी बंद मिले। हमीदिया में पंखे के भरोसे मरीज मिले और जेपी अस्पताल के कूलर बिना पानी के सूखे मिले। इसी तरह काटजू अस्पताल में भी परिजनों को धूप में बाहर खड़े होने को मजबूर होना पड़ रहा है।*



**समयः दोपहर 12:10 बजे, एम्स**

यहां कॉरिडोर में एसी बंद था। मरीजों के परिजनों के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। मरीजों के लिए तो अंदर व्यवस्था ठीक है, वहां पॉवर बैकअप की सुविधा है। परिजनों ने बताया कि रात में 11 से 12 बजे के बीच कई बार एम्स में लाइट गई।

**समयः दोपहर तीन बजे, हमीदिया अस्पताल**

हमीदिया अस्पताल में ए और बी ब्लॉक की दोनों बिल्डिंग में चौथे फ्लोर तक तो एसी है, इसके ऊपर एसी नहीं होने से परेशानी है। पीडियाट्रिक वार्ड में बच्चों को उनकी माताएं गोद में लेकर घूमने को मजबूर हैं। डायलिसिस यूनिट में मरीज पंखे के भरोसे हैं।

**समयः दोपहर 1:30 बजे, जेपी अस्पताल**

यहां कूलर ड्राई हो गए थे। वार्ड में गर्मी होने से मरीज और परिजन परेशान रहे। रिपोर्टर को देखकर अस्पताल का कर्मचारी कूलरों में पानी भरने लगा। यहां 50 प्रतिशत से ज्यादा डॉक्टर शाम की ओपीडी में नहीं बैठे। मरीज परेशान होते रहे।

**सभी जगह एसी चालू**

एम्स में सभी जगह के एसी चालू हैं। हमने तो मरीजों और उनके परिजनों सहित राहगीरों के लिए भी बाहर शेड बनाने के साथ ठंडे पानी के लिए मटके रखवाएं हैं। गर्मी से राहत देने के लिए हर सुविधा एम्स में है।

**डॉ. अजय सिंह**, डायरेक्टर, एम्स

**कूलर उपलब्ध हैं**

हमीदिया के ए ब्लॉक में सभी फ्लोर पर वाटर कूलर की व्यवस्था हो गई है। गर्मी से बचाने के लिए भर्ती वार्ड में भी कूलर की व्यवस्था की गई है।

**डॉ. सुनीत टंडन**, अधीक्षक हमीदिया अस्पताल

**ओआरएस की व्यवस्था**

हमारे यहां वार्ड और ओपीडी में भी कूलर रखवाए गए हैं। पीने के लिए ठंडे पानी की भी व्यवस्था की गई है। मरीजों और परिजनों की सुविधाओं के लिए गर्मी को देखते हुए ओआरएस की व्यवस्था भी गई है।

**डॉ. राकेश श्रीवास्तव**, सिविल सर्जन, जेपी अस्पताल

कोलार में लाइव पब्लिक फीडबैक



## स्वच्छता सर्वेक्षण 2024: सर्वे टीम ने लोगों से पूछाः आपके घर के पास आता है कचरा वाहन

◆ दिल्ली से आई सर्वे टीम ने रविवार को जलस्त्रोत और उद्यान का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत दिल्ली से आई सर्वे टीम ने रविवार को शहर के बीचों-बीच सर्वे किया। इस दौरान टीम ने जल स्त्रोत और उद्यान की स्थिति का जायजा लिया।

साथ ही पब्लिक फीडबैक लेकर साइट पर अपलोड किया। आनलाइन वार्ड खुलते ही टीमें लोकेशन पर पहुंचीं और सर्वे टीम ने लोगों के बीच जाकर पूछा कि आपके घर के आसपास कचरा वाहन आता है या नहीं। सिर्फ इतने सवाल पूछकर टीमें आगे बढ़ती गईं। दरअसल, स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए जीएफसी (गार्बेज फ्री सिटी) की टीमें यूएलबी (अर्बन लोकल बाडी) की साइट खुलते ही आनलाइन लोकेशनों पर पहुंच रही हैं।

**डाक्यूमेंट के आधार पर चल रहा फीडबैक का काम**

*अर्बन लोकल बाडी की साइट पर नगर निगम ने जो डाक्यूमेंट्स भेजे हैं। उन्हीं के आधार पर फीडबैक लेने का काम चल रहा है। यह टीमें अलग-अलग ग्रुप बनाकर आनलाइन यूएलबी को लेकर किए दावों की हकीकत देख रही हैं। रविवार को जोन 18 के वार्ड 83 सहित करीब 20 लोकेशन पर टीमों ने पब्लिक फीडबैक लिया।*

**ननि के दावों को परख रही टीमें**

*गौरतलब है कि इस बार भी नगर निगम भोपाल ने देश का सबसे स्वच्छ शहर होने का दावा किया है। इन्हीं दावों को दिल्ली की टीमें परख रही हैं। रविवार को टीमों ने 15 लोकेशन देखी। निगम को सिर्फ इतनी जानकारी थी कि आनलाइन पोर्टल पर कौन सा वार्ड खुला है, लेकिन टीम किस लोकेशन पर पहुंचेगी, इसकी जानकारी किसी को नहीं थी। ज्ञात हो कि शनिवार से दिल्ली से आई टीमें शहर के अलग-अलग जोन इलाकों में सर्वे कर रही हैं। रविवार को भी सर्वे की एक टीम जहां कोलार के जोन 18 व 19 में पब्लिक फीडबैक लेने के लिए सर्वे कर रही थी। वहीं दूसरी टीम छोटा तालाब, बड़ा तालाब, पांच नंबर तालाब समेत उद्यान का निरीक्षण कर रही थी। जीएफसी (गार्बेज फ्री सिटी) टीम का फोकस अभी पब्लिक फीडबैक पर ही है।*

Hero

शुभ मुहूर्त आया, हीरो साथ लाया.
आज ही घर लाइए अपनी नई हीरो




HF Deluxe ₹65,100*

XTREME 125R ₹97,707*

कैश बोनस ₹2500#

कम डाउन पेमेंट ₹4,999** | आधार आधारित EMI | कम ब्याज दर 6.99%** | हायपोथेकेशन नहीं

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. Ex-showroom prices are applicable in Bhopal. #Offer Valid on HF Deluxe self and kick variants. *Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलरः भोपालः वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूलः खण्डेलवाल हीरो9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावराः आनंद हीरो 9289922871, गुनाः गगन हीरो 9289922358, अशोक नगरः आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदाः राहुल हीरो 9289922491, विदिशाः पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियरः तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैनाः गगन हीरो 9289922678, श्योपुरः आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरीः रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगरः आरव हीरो 9821743269, इंदौरः पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानीः शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुरः श्रीजी हीरो 9289922372, देवासः खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9935596392), धारः साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलियाः श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआः नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षीः अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवाः ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोनः निमाड़ हीरो 9289922378, महूः लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः आष्टाः श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोनाः आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेलीः श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपालः मानिक मोटर्स 8827379110, बंडाः श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंजः जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदाः ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसीः रेवा मोटर्स 9425630406, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेराः आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरियाः राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़ः गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोरः प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेनः युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीनाः राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुरः हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़ः बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरीः श्याम हीरो 7748890061, जामनेरः अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंजः प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सियाराली: भयरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी : गंगोत्री मोटर्स 9755101902, अम्बाह-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबराः दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेराः आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोरः दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़ः शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारसः भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़ः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवासः बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहदः ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहारः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़ः न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावरः नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़ियाः कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियांः अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमाः अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोदः अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौरः गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडीः अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमलः हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावदः भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरीः कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊः अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवाः डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, पुंजापुराः पटेल मोटर्स 9755567226, सतवासः शिवम मोटर्स 9826088351, नागदाः कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, सिंघोटः आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छः भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौदः लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोदः जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलियाः श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुनाः गगन हीरो 9289922358, विदिशाः पाल हीरो 9289922379, भिन्ड : शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा : गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगीः श्री मोटर्स, 9340927342.

LOK | SAATCHI & SAATCHI

गौतम नगर पुलिस ने दर्ज की थी एफआईआर, केस डायरी मिलने के बाद एमपी नगर पुलिस ने किया अरेस्ट

# नाबालिग को निर्वस्त्र कर चप्पल और बेल्ट से पीटने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर जोन टू में साढ़े 16 साल के नाबालिग का अपहरण कर उसे बिलखिरिया अजनाल डैम ले जाकर मारपीट करने वाले सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी उसे गत 21 मार्च को अगवा कर ले गए थे और निर्वस्त्र कर बेल्ट और चप्पल से पीटा था। इस दौरान आरोपियों ने उसका वीडियो भी बनाया था।

पुलिस के अनुसार विगत 21 मार्च 2025 को एमपी नगर चेतक ब्रिज के पास कॉफी शॉप के पास से नारियलखेड़ा थाना गौतम नगर निवासी साढ़े 16 साल वर्षीय किशोर को अगवा कर लिया गया। बदमाश उसे बिलखिरिया स्थित अजनाल डैम लेकर पहुंचे और वहां उसे नग्न कर पीटते हुए वीडियो बना लिया। आरोपियों ने उसे धमकी दी थी कि यदि पुलिस से शिकायत की तो जान से खत्म कर देंगे और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। आरोपियों ने गत दिनों नाबालिग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने की जानकारी मिलते ही परिजन उसे गौतम नगर थाना लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। गौतम नगर पुलिस ने उक्त मामले में अगवा कर मारपीट करने, आईटी एक्ट समेत पॉक्सो एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर एमपी नगर पुलिस को केस डायरी सौंप दी थी। एमपी नगर पुलिस ने फरियादी के बताए अनुसार और वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपी अरहम उर्फ अजीम (21) ईटखेड़ी, शान उर्फ उमान उर्फ डीसेंट (18) निवासी शाहजहांनाबाद, शानू उर्फ आशिम (40) कोकता बिलखिरिया, अल्ताफ खान (23) ऐशबाग व अरबाज शेख (22) निवासी जहांगीराबाद, बताए गए हैं। इनमें से मुख्य आरोपी अरबाज पूर्व में जेल में बंद था। मार्च माह में उसने जेल से बाहर आने के बाद वारदात को अंजाम दिया था।



### जेल से छूटते ही अरबाज ने किया अपहरण

पुलिस ने बताया कि जेल में बंद आरोपी अरबाज को, नाबालिग का बार-बार जेल आकर नदीम बच्चा से मुलाकात करना पसंद नहीं था। इसलिए जेल से छूटते ही अरबाज ने अपने साथियों के साथ मिलकर नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ मारपीट की और वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

राजधानी में नहीं थम रहीं मोबाइल झपटने की घटनाएं

# अब बाइक सवारों ने एमपी नगर में सिक्योरिटी गार्ड का मोबाइल झपटा

- 24 घंटों के दौरान गोविंदपुरा में तीन और एमपी नगर में एक लूट की हुई वारदात
- तमाम प्रयासों के बाद भी अब तक पुलिस के हाथ नहीं लगे लुटेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर थाना क्षेत्र गायत्री मंदिर के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने सिक्योरिटी गार्ड के हाथ से मोबाइल झपट लिया। घटना के समय वह ड्यूटी कर अपने घर लौट रहे थे। इस बीच कॉल आने पर वह मंदिर के पास खड़े होकर बात करने लगे। अंधेरे में आए बदमाश उनका मोबाइल झपटकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज किया है। 24 घंटों के दौरान गोविंदपुरा में तीन और एमपी नगर में एक लूट की एक वारदात से लोगों में दहशत व्याप्त है। तमाम प्रयासों के बाद भी पुलिस अब तक लुटेरों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

पुलिस के अनुसार प्रगति नगर अवधपुरी निवासी नन्हेलाल चौधरी (35) एमपी नगर के एक मॉल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। विगत 18 अप्रैल की रात करीब सवा 12 बजे वे ड्यूटी कर अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच गायत्री मंदिर के पास किसी का कॉल आने पर वह साइड में खड़े होकर बात करने लगे। तभी अचानक बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों में से एक बदमाश ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया और अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### किशोरी ने चूहामार दवा खाकर दी जान

**भोपाल।** गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित विकास नगर में 14 साल की किशोरी ने चूहमार दवा खाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि किशोरी मोबाइल का इस्तेमाल अधिकतर समय करती थी। इसको लेकर मां ने फटकार लगाई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार रूपाली सोनी पिता शंकर सोनी (14) विकास नगर, गांधीनगर में रहती थी और स्कूली छात्रा था। शुक्रवार दोपहर उसने घर में रखा चूहामार दवा खा लिया। उल्टियां करने पर परिजन उसे जयप्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल में शनिवार दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मरने से पूर्व रूपाली के बयान नहीं हो सके थे। साथ ही परिजन अभी शोकाकुल है और बयान देने की स्थिति में नहीं है।

### चलती स्कूटर से गिरी 72 साल की महिला की मौत

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित श्री कृष्ण राधापुरम गेट के पास शनिवार सुबह चलती एक्टिवा से गिरी बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। हादसे के समय वह अपनी भतीजी के साथ एक्टिवा से एम्स जाने के लिए निकली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। पुलिस के अनुसार रेवा बाई पिता स्व. भोलानाथ (72) श्री कृष्ण राधापुरम में अपनी भतीजी राधा धाकड़ के साथ रहती थी। भतीजी राधा धाकड़ के पति सेना में हैं और उनकी बाहर पोस्टिंग है। उम्रदराज रेवा बाई की तबीयत अक्सर खराब रहती थी। उनका एम्स में इलाज चल रहा था। शनिवार सुबह साढ़े 8 बजे उन्हें सीटी स्कैन के लिए एम्स बुलाया गया था। राधा उन्हें स्कूटर से लेकर एम्स जाने के लिए निकली थी। कॉलोनी के गेट से निकलते ही रेवा बाई को चक्कर आया और वह चलती एक्टिवा से गिर गई। राधा उन्हें एम्स लेकर पहुंची, वहां उनका ऑपरेशन भी हो गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। बताया जाता है कि एक्टिवा से गिरने के कारण उनके सिर में और शरीर में चोट थी।

### श्मशान घाट के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान

**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर में श्मशान घाट शीघ्र बनाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया है। श्मशान घाट के लिए वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, पदम चौहान, आरती यादव, माखन सेन, विनोद नामदेव, रवि शंकर राय, गुड्डू यादव, रुपेश लोधी, नितिन सैन, प्रदीप साहू, सोनू गौर, अरुण भावसार, डॉ. सुनील गुप्ता, अनिल प्रजापति आदि ने बताया कि पिछले हफ्ते नायब तहसीलदार और नगर परिषद के सीएमओ को ज्ञापन दिया था, मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिसके कारण अब हम नगर परिषद का घेराव करेंगे और अर्जुन नगर में धरना प्रदर्शन कर आंदोलन करेंगे। ज्ञात हो कि अर्जुन नगर और आसपास की कॉलोनियों के रहवासियों को दाह संस्कार के लिए करीब 4 किलोमीटर दूर श्मशान घाट पर ले जाना पड़ता है, जिससे लोगों को शव यात्रा में काफी परेशानी होती है।

अशोका गार्डन में शनिवार देर रात बाइक सवार बदमाशों ने की वारदात

# पत्नी के सामने पति पर तलवारनुमा चाकू से किया जानलेवा हमला, गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित शैडो वाली मस्जिद इलाके में शनिवार देर रात बाइक सवार बदमाशों ने युवक पर तलवारनुमा चाकू से हमला कर दिया। हमला कनपटी के पास होने से उसने हाथ से रोका था। उसे हाथ और कनपटी में गंभीर चोट आई है। देर रात हुई इस वारदात का वीडियो एक कार वाले ने बना लिया। हालांकि वीडियो में बदमाश हमला करते हुए नजर नहीं आए, लेकिन हाथ में तलवारनुमा चाकू लेकर भागते हुए जरूर नजर आए हैं। पुलिस ने तीन आरोपियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों पर भी कार्रवाई की जा सकती है।

पुलिस के अनुसार सोहेल मेवाती पिता शाकिर खान (26) अब्बू कलाम का मकान शैडो वाली मस्जिद के पास अशोका गार्डन में रहता है और फर्नीचर का काम करता है। शनिवार रात वह पत्नी को लेकर बच्चे के लिए डायपर खरीदने जा रहा था। इस दौरान शाहरुख की चाय की दुकान के पास रात करीब साढ़े 11 बजे अकीब बच्चा, अमन बच्चा और अन्नू बच्चा मिल गया। उनके साथ उनके साथी भी थे। आरोपियों ने उससे पुरानी बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। इसी बीच एक आरोपी ने उस पर तलवारनुमा चाकू से हमला कर दिया। चाकू सोहेल को कनपटी के पास लगा था। इसके अलावा हमला रोकते समय उसकी हाथ की हथैली में भी चाकू लगा है।



### पूर्व में थी आरोपियों से दोस्ती

सोहेल मेवाती अकीब की पूर्व में अकीब बच्चा, अमन बच्चा और अन्नू से दोस्ती थी। सभी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त थे। सोहेल की शादी हो गई और सोहेल की आपराधिक गतिविधियां खत्म हो गई थी, लेकिन पुरानी रंजिश उसकी आरोपियों से थी। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने उसे शाहरुख की चाय की दुकान के पास रोक लिया और हमला कर दिया। पत्नी उसे अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां उसका इलाज चल रहा है।

### आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने ट्रेन से कटकर दी थी जान

- हाथ पर बने नाम और टैटू से पत्नी ने की पहचान,
- रायसेन से दो दिन पहले ही भोपाल आया था परिवार

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित शीतल हाइट के पीछे रेलवे ट्रैक पर गुरुवार सुबह मिली लाश की शिनाख्त हो गई है। मृतक गुरुवार सुबह घर से निकला था और ट्रेन से कटकर जान दे दी। मृतक की पत्नी ने पूछताछ में बताया कि वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। इसी के चलते ट्रेन से कटकर जान दी है। पुलिस ने मर्चूरी में रखा शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। एएसआई आमोद शर्मा ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब पौने 11 मिसरोद रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर ने सूचना दी थी कि शीतल हाइट के पीछे रेलवे ट्रैक पर किसी युवक का क्षत-विक्षत शव पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। ट्रेन की चपेट में आने से युवक का सिर बुरी तरह से चिपट गया था और बांया पैर कटकर अलग हो गया था। उसकी उम्र 35 से 40 साल के आसपास थी। मृतक के बाएं हाथ पर राजू लिखा हुआ था और ऊपर ओम बना था। पुलिस ने मृतक का हुलिया आसपास के थानों को भेज दिया। शनिवार को मिसरोद थाने के पास रहने वाली जमना बाई पहुंची। उन्होंने बताया कि उनके पति राजू उर्फ अमर सिंह शुक्रवार सुबह पांच बजे से लापता हैं। पुलिस ने मृतक का हुलिया बताया तो जमुनाबाई ने मृतक की पहचान अपने पति राजू उर्फ अमर सिंह भिलाला (38) के रूप में कर ली।

#### बड़ा था परिवार और आय कम

जमुना बाई ने बताया, वह गांव बावड़िया थाना नूरगंज जिला रायसेन के रहने वाले हैं। अभी कुछ दिन पहले ही परिवार के साथ पाटीदार के मकान में मिसरोद थाने के पास रहने आए थे। उनके परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है। राजू एक साल पहले हलवाई का काम करते थे, लेकिन काम लगातार नहीं मिलता था, जिससे परिवार का गुजरा नहीं हो पाता था। लिहाजा उन्होंने हलवाई का काम छोड़कर मजदूरी शुरू कर दी। मजदूरी से मिले रुपए भी कम पड़ रहे थे और परिवार बड़ा होने के कारण घर का गुजारा नहीं हो पा रहा था। इसी को लेकर राजू परेशान रहते थे।

# छात्रावास में नौकरी दिलाने का प्रलोभन देकर ठग ने लगाया 12 लाख रुपए का चूना

- अब तक 14 लोगों ने दर्ज कराई शिकायत, बढ़ सकते हैं और भी फरियादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्यामला हिल्स पुलिस ने आदिवासी छात्रावास समेत अन्य सरकारी विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले जालसाज पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। अब तक 14 लोग उसके खिलाफ शिकायत कर चुके हैं। पुलिस ने इनमें से एक फरियादी की शिकायत पर धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी ने अपने घर के पांच लोगों की नौकरी के लिए आरोपी को 12 लाख रुपए दिए थे। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।





पुलिस के अनुसार अमराई परिसर बाग सेवनिया निवासी रमेश विसंगरे (47) ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि उन्होंने नवंबर 2023 में अपने बेटे व परिवार के करीबी रिश्तेदारों की नौकरी के लिए आलोम बामने को 12 लाख रुपए अलग-अलग समय पर दिए थे। आरोपी ने दूरदर्शन केन्द्र के पास आदिवासी हॉस्टल में चपरासी व कंप्यूटर ऑपरेटर समेत अन्य पदों पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। हॉस्टल में आरोपी की पत्नी इंचार्ज है। पत्नी के मिलने के दौरान ही लोगों से उसकी मुलाकात हुई और अधिकारियों व नेताओं से संबंध होने का झांसा देकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया।

### पत्नी ने भी कराई शिकायत

पुलिस ने बताया कि आरोपी आलोक बामने की पत्नी ने भी शिकायती आवेदन दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पत्नी के खाते से भी बिना अनुमति लाखों रुपए निकाल लिए हैं। पुलिस के पास अब तक कुल 14 शिकायती आवेदन आ चुके हैं। आरोपी नेताओं व अधिकारियों से संबंध होने का झांसा देकर लोगों से पैसा ऐंठता था। कई बार उसने नेताओं से बात भी कराई थी। पुलिस का अनुमान है कि खुलासा होने के बाद और भी कई लोग शिकायत लेकर थाने आ सकते हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

# वीर सावरकर कॉलेज में विद्यार्थियों ने ली पानी बचाने की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वीर सावरकर महाविद्यालय में समाजसेवा एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अपने-अपने ग्राम नगर में जल संरक्षण के लिए समाज को जोड़ने एवं पानी को बचाने की शपथ ली।

इस दौरान संभाग समन्वयक वरुण आचार्य, जिला समन्वयक कल्याण सिंह राजपूत, ब्लाक समन्वयक निशा बहेकार एवं मेंटर्स उपस्थित थे। संभाग समन्वयक ने विद्यार्थियों से कहा कि आज जल संकट बहुत बड़ी चुनौति के रूप में सामने खड़ा है, आप लोग समाजसेवा की पढ़ाई कर रहे हैं, यही समय है कि आप अपने क्षेत्र में समुदाय की सहभागित सुनिश्चित कर जल संरक्षण पर कार्य करें एवं अपनी नेतृत्व कौशलता का परिचय देते हुए इस कोर्स की महत्ता का प्रदर्शन करें। संभाग एवं जिला समन्यक द्वारा प्रायोगिक परीक्षा का निरीक्षण भी किया गया।

अनुभवहीन कर्मचारियों के हाथों में औबेदुल्लागंज नगर पंचायत

# नगर में जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर, बाजार में ठेले वालों से वसूल रहे 3000 रुपए महीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर पंचायत औबेदुल्लागंज अनुभवहीन कर्मचारियों के सहारे चल रहा है। जूनियर कर्मचारी सीएमओ का प्रभार संभाल रहे हैं। वहीं राजस्व हो या लेखपाल दोनों ही विभाग बैसाखी पर है। नगर पंचायत में बिना लेनदेन के कोई काम नहीं होता। कार्यालय के पांच कर्मचारी किसी के एजेंट बनकर काम कर रहे हैं। अतिक्रमण हटाने के नाम पर ठेले वालों को चौपाटी पर जगह दी गई, लेकिन कुछ दिनों बाद कर्मचारियों के लेनदेन की सेटिंग करके कुछ ठेले वाले फिर बाजार में ठेले लगाने लगे हैं। वहीं ठेले वालों से नप के कर्मचारी 3000 रुपए महीना वसूल रहे हैं।

स्थाई सीएमओ न होने के कारण नगर का विकास रुक गया है। कर्मचारियों में किसी प्रकार का कोई डर नहीं है। वचन सिंह लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, पूर्व पार्षद पदम चौहान, आरती यादव, माखन सेन, रवि शंकर राय आदि ने बताया कि अर्जुन नगर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। गजेंद्र नागर ने बताया है इकलमा वार्ड 6 में भी सफाई नहीं हो रही है। वार्ड 8, 9 और 10 में भी यही हाल है। पवित्र कौर, संजय सिंह चौहान ने कहा है कि जब तक नगर में नया सीएमओ नहीं आएगा नगर पंचायत के हालात बद से बदतर बने रहेंगे। वार्ड 14 के स्वच्छता एंबेसडर पुरुषोत्तम, व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, कृष्ण नरवरिया, दीपक दुबे, आकाश जैन, दिनेश सेन, सोनू पंजाबी, पिंकू भोले, बल्लू अरोरा आदि ने बताया कि वार्ड 14 में ढाई साल से गंदगी का अंबार लगा हुआ है, कोई देखने और सुनने वाला नहीं है। नगर परिषद के हाल बहुत ही खराब हैं।

### जनपद के नए सीईओ निखलेश कटारे और नप के नए सीएमओ होंगे सुधीर उपाध्याय



औबेदुल्लागंज जनपद के नए सीईओ निखलेश कटारे एवं नगर परिषद के नए सीएमओ सुधीर उपाध्याय होंगे। जनपद पंचायत के सीईओ निखलेश कटारे डिंडोरी से आ रहे हैं, वहीं नगर परिषद के सीएमओ सुधीर उपाध्याय मंडीदीप में रहे हैं।



नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर की कार्रवाई

# नरवाई में आग लगाने वाले 16 किसानों पर ढाई-ढाई हजार रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नायब तहसीलदार के आदेश पर नरवाई में आग लगाने वाले 3 गांवों के 16 किसानों पर कार्रवाई कर प्रत्येक किसानों से ढाई-ढाई हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। यह राशि तीन दिन के भीतर जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। राशि जमा न करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञात हो कि जिला कलेक्टर ने नरवाई में आग लगाने वालों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के आदेश जारी किये हैं। शुक्रवार को औबेदुल्लागंज के पास नरवाई में भीषण आग लगी थी। दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया गया था। शुक्रवार को आग लगने के बाद नायब तहसीलदार ने जांच करने मौके पर पहुंचे और तीन गांवों के 16 किसानों पर जुर्माने की कार्रवाई की। साथ ही किसानों को समझाइश दी कि नरवाई में आग न लगाएं। अब आग लगाने वाले किसानों पर सख्त कार्रवाई होगी।

16 अप्रैल को नर्मदापुरम रोड़ पर हुआ था हादसा

# डिवाइडर से टकराकर पलटी बस के घायल की मौत

- हादसे में चार लोगों की थी हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित नर्मदापुरम रोड पर बरकतउल्ला विश्वविद्यायल और विज्ञान भवन के बीच डिवाइडर से टकराकर बस पलट गई थी। घटना गत 16 अप्रैल की है। इस हादसे में 15 लोग को चोट आई थी। इनमें चार लोगों की हालत गंभीर थी, जिनमें एक बुजुर्ग की निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार हादसा 16 अप्रैल को हुआ था। बस में 15 कर्मचारी आनंद नगर से मंडीदीप जा रहे थे। इस दौरान दोपहर करीब पौने 3 बजे के आसपास एक अन्य वाहन को ओवरटेक करते समय बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद घायलों को नजदीक ही स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान कुछ लोगों को छुट्टी दे दी गई। गंभीर चोट होने के कारण बस में सवार विक्रमादित्य शुक्ला (60) निवासी नेहरू नगर का चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। तीन दिन चले इलाज के बाद रविवार दोपहर उनकी मौत हो गई।

समाजसेवा और रास्ट्र हित में कानून व्यवस्था बनाने में होंगे सहायक

# छत पर झंडा, द्वार पर डंडा अभियान की शुरुआत, एक वर्ष में एक लाख प्रशिक्षित कार्यकर्ता तैयार करना होगा लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर के वार्ड एक स्थित सेठ फूलचंद नगर के शिव मंदिर प्रंगण में शाम 6 बजे से लक्ष्य सनातन संगम संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रत्येक सनातनी हिंदू परिवारों के घरों में भगवा झंडा लगाने और सुरक्षा के लिए एक डंडा रखने के अभियान की शुरुआद की गई।

संगठन के सोनू सिंह सनातनी ने कहा कि यह अभियान सनातनी परिवारों को जोड़ने का है। संगठन के प्रत्येक सदस्य को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित करना और रास्ट्र हित में स्वप्रेरित हो कार्य करने के लिए संकल्पित करना है। संगठन के ईस्वरी सेन ने कहा कि एक वर्ष में एक लाख प्रशिक्षित कार्यकर्ता तैयार करने का लक्ष्य है। यह कार्यकर्ता समाज सेवा के लिए समर्पित, रास्ट्र हित में कानून व्यवस्था बनाने में स्वप्रेरित हो सहभागिता निभाएंगे।



### देवी-देवताओं की तस्वीर लगे प्रोडक्ट को नहीं खरीदने का संकल्प लिया

सोनू सनातनी ने अभियान अंतर्गत लोगों को हिंदू देवी देवताओं के चित्र लगे प्रोडक्ट को न खरीदने का संकल्प दिलाया गया। उन्होंने बताया कि हम अगरबत्ती, कपूर, बीड़ी, पटाखे आदि कई प्रॉडक्ट जिनपर हिंदू देवी देवताओं के चित्र लगे हों यदि खरीदते हैं तो अपने ही देवताओं का अपमान करते हैं। उपयोग के बाद खाली प्रोडक्ट का लेवल यहां वहां पड़ा मिलता है। बैठक में वार्ड एक के लक्ष्य सनातन संगम संघ के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# कूनो के बाद मालवा के गांधी सागर अभयारण्य में चीते भरने लगे फर्राटे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मालवा क्षेत्र के मंदसौर में गांधी सागर अभयारण्य की भूमि पर प्रभास और पावक चीतों को खुले बाड़े में छोड़ा। चीतों के फर्राटे के साथ 20 अप्रैल, रविवार का दिन मालवा की भूमि के लिए ऐतिहासिक दिवस के रूप मे दर्ज हो गया। देश में पहली बार अंतर्राज्यीय स्तर पर चीतों का पुनर्वास हुआ है। यह दोनों चीते श्योपुर कूनो से मंदसौर के गांधी सागर अभयारण्य पहुंचे।

यहां पर्याप्त संख्या में चीतल चिंकारा और छोटे जानवर हैं। दोनों 6 वर्षीय युवा चीते कूनो राष्ट्रीय उद्यान में खुले में ही घूम कर शिकार कर रहे थे। इसलिए इन्हें सीधे खुले बाड़े में छोड़ा गया है। डॉ. यादव ने कहा कि चीता प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में सबसे अधिक सफल मध्यप्रदेश में हुआ है। पुनर्वास के बाद श्योपुर के कूनो में दुनिया में सबसे अधिक चीतों का जन्म हुआ है। मालवा की भूमि पर हम चीतों का स्वागत करते हैं।

*प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मे सबसे सफल चीता पुनर्वास अभियान : डॉ. यादव*

पुनर्वास के बाद श्योपुर के कूनो में दुनिया में सबसे अधिक हुआ चीतों का जन्म



## पर्यटन की संभावनाओं को लग जाएंगे पंख

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि चीतों के आने से मंदसौर और नीमच जिलों मे पर्यटन की संभावनाओं को पंख लग जाएंगे। राजस्थान और मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिलों में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, उनके जीवन स्तर में भी सुधार होगा। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से अर्थव्यवस्था में भी सुधार होगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक अनिरुद्ध मारू, हरदीप सिंह डंग, अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्नवाल, संभाग आयुक्त संजय गुप्ता और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी असीम श्रीवास्तव के साथ बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### 7 दिन रुकेगी 20 लोगों की टीम

कूनो से गांधीसागर अभयारण्य के लिए दो नर चीते प्रभास और पावक को रविवार सुबह रवाना किया गया था। सीसीएफ उत्तम कुमार शर्मा और डॉ. ओंकार अचल सहित 20 लोगों की टीम चीतों के साथ गांधी सागर पहुंची। यह टीम 7 दिन रुकेगी। इस दौरान वह स्थानीय स्टाफ को चीतों की देख-रेख के गुर सिखाएगी। चीते अलग-अलग वाहनों में श्योपुर, बारां, कोटा और झालावाड़ होते हुए मंदसौर पहुंचे। वाहन और पिंजरे को कूनो में सैनिटाइज किया गया था। गांधी सागर में 37 किमी का एक बाड़ा बनाया गया है। आपात स्थिति से निपटने के लिए इमरजेंसी सुविधाओं वाला वाहन और मेडिकल टीम भी साथ रही।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने गुरु अर्जन देव के प्रकाश पर्व पर दी शुभकामनाएं



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिख धर्म के पांचवें गुरु, संत शिरोमणि गुरु अर्जन देव जी के प्रकाश पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु अर्जन देव जी का संपूर्ण जीवन सेवा, त्याग और मानव कल्याण का प्रतीक है। उनके विचार सर्वदा हम सभी को सत्य, सहिष्णुता और धर्मनिष्ठा के मार्ग पर दृढ़तापूर्वक अग्रसर होने की प्रेरणा देते रहेंगे।

### मां नर्मदा विचार कुंभ का आयोजन 25 को कुक्षी में किया जाएगा

■ सामाजिक कार्यकर्ताओं का होगा सम्मान

भोपाल। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जनजाति क्षेत्रों में सामाजिक व सांस्कृतिक एकता व जल संरक्षण के लिए मां नर्मदा विचार कुंभ का आयोजन 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे कुक्षी जिला धार में किया जा रहा है। पूर्व केंद्रीय कार्य समिति सदस्य विद्यार्थी परिषद एवं एसएफडी के राष्ट्रीय प्रमुख एवं राष्ट्रीय संयोजक (पूर्व कार्य परिषद सदस्य विक्रम विवि उज्जैन) व संरक्षक सचिन दवे ने बताया कि इस आयोजन में सरदार पटेल की आदमकद प्रतिमा का अनावरण व सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, पारिवारिक एकता तथा स्वदेशी ऐसे 5 क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान व अभिनंदन किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया जावद में 785 करोड़ लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन

# जावद में सीएम ने किया सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण, मेधावी छात्रों को लैपटॉप किए वितरित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

## कहा- मंदसौर-नीमच में एक भी खेत नहीं रहेगा सिंचाई से वंचित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मंदसौर और नीमच जिले के हर खेत को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदेश को दी गई दो बड़ी राष्ट्रीय नदी जोड़ों परियोजना से पूरा मालवा क्षेत्र भी लाभान्वित होगा। किसानों को सोलर पम्प देकर उन्हें बिजली बिल से मुक्ति दिलाई जाएगी। किसान अब खुद सोलर प्लांट से बिजली उत्पादन करेंगे।

अधिक बिजली उत्पादन होने की स्थिति में किसानों से सरकार बिजली भी खरीदेगी। डॉ. यादव रविवार को नीमच जिले के जावद में महर्षि सांदीपनि विद्यालय के लोकार्पण कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 785 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया। उन्होंने कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान किए।



**सांदीपनि विद्यालय परियोजना महत्वाकांक्षी पहल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जावद में बने महर्षि सांदीपनि विद्यालय का भवन बहुत ही अद्भुत और सर्व सुविधा युक्त हैं। सांदीपनि विद्यालय गरीब वर्ग के विद्यार्थियों को भी विश्व-स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के प्रधानमंत्री मोदी के विज़न के साथ प्रारंभ की गई है। इस विद्यालय में 1 से 15 किमी दूरी से आने वाले बच्चों के लिए परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। विद्यार्थियों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विषयवार शिक्षकों के साथ-साथ संगीत शिक्षक, नृत्य शिक्षक, कम्प्यूटर शिक्षक, खेल शिक्षक, मनोवैज्ञानिक, कॅरियर काउंसलर आदि भी नियुक्त किए गए हैं।

### मुख्यमंत्री ने की कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि सुखानंद तीर्थ स्थल को धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनाया जाएगा। थड़ोद स्थित हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन किया जाएगा। सिंगोली स्थित स्वास्थ्य केंद्र का परीक्षण कर उन्नयन की कार्यवाही होगी। जावद में स्थित स्वास्थ्य केंद्र को 100 बिस्तरीय कर दिया जाएगा। कार्यक्रम को सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक ओम प्रकाश सकलेचा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया, विधायक दिलीप सिंह परिहार सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।*

### 'सुविधि रेयॉन्स' यूनिट मोरवन का भूमि-पूजन



डॉ. यादव ने सुविधि रेयॉन्स का भूमि-पूजन किया। यह परियोजना नीमच को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। परियोजना 31 हेक्टेयर क्षेत्र में 350 करोड़ से विकसित की जाएगी, जिससे लगभग 2000 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। यह इकाई 'फार्म टू फैशन' की अवधारणा को रूप देगी, जिसमें कच्चे माल की खरीद किसानों से लेकर फिनिश्ड फैब्रिक तक की संपूर्ण प्रक्रिया संपन्न होगी। यह एक पूर्णतः एकीकृत टेक्सटाइल पार्क होगा, जिसमें 168 आधुनिक लूम्स, 30 हजार स्पिंडल्स और तीन प्रोसेसिंग हाउस स्थापित किए जाएंगे। नीमच अब टेक्सटाइल क्षेत्र में नया इतिहास लिखने को तैयार है, जो मप्र को आत्मनिर्भर भारत के सपने की ओर अग्रसर करेगा।

### वीसी से अफसरों को दिए निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनकल्याण के लिए अधिकारी मैदान में उतरें। नागरिकों को आवश्यक सेवाएं प्रदान कर, सुशासन की दिशा में अपना प्रभावी योगदान दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शानिवार रात मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा प्रदेश के कलेक्टर्स-कमिश्नर्स, एसपी, आईजी से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर निर्देश दिए। उन्होने कहा कि अधिकारी जिलों में उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किसानों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। अधिकारी कानून व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखें। पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद रहे। आमजन से अधिकारी-कर्मचारी का व्यवहार विनम्र और अच्छा हो। कार्यालयों में आने वाले नागरिक को समाधान प्राप्त हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेतों में पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए जागरूकता बढ़ाई जाए।

### सरपंचों को दी स्वच्छता रथ की चाबी



मुख्यमंत्री ने स्वच्छता के लिए ग्राम पंचायतों को स्वच्छता रथ प्रदान करने की सराहना भी की। साथ ही पंचायतों के सरपंचों को स्वच्छता रथ की चाबियां प्रदान की। डॉ. यादव ने विभिन्न हितग्राही मूलक स्वरोजगार योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। सीएम रामपुरा आगमन पर लोकनृत्य कलाकारों ने स्वागत किया। उन्होंने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

### रामपुरा में किया विकास कार्यों का लोकार्पण

## नीमच- मंदसौर को औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से मिलेगी नई पहचानः सीएम



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि औषधीय वनस्पति की राजधानी नीमच- मंदसौर को चीता प्रोजेक्ट और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर मध्यप्रदेश में चीतों का पुनर्वास आरंभ हुआ। गांधी सागर क्षेत्र में चीतों के आने से मंदसौर-नीमच क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों का विस्तार होगा और रोजगार के नए अवसर निर्मित होंगे, गांवों में होमस्टे जैसी सुविधाएं विकसित होंगी। स्थानीय व्यंजनों की पहचान वैश्विक स्तर पर बनेगी। इन सब गतिविधियों की ओर विश्व, आशा और जिज्ञासा से देख रहा है। डॉ. यादव नीमच जिले के रामपुरा में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नीमच और मानसा में छोटे ट्रैक्टरों को स्वच्छता रथ के रूप में विकसित करने की पहल की प्रशंसा की।

### रामपुरा के लिए की कई घोषणाएं

*सीएम ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार और रोजगार के अवसर निर्मित करने संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। डॉ. यादव ने रामपुरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन निर्माण एवं नगर की सभी आंतरिक सड़कों के निर्माण की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि रामपुरा में रेस्ट हाउस भी बनाया जाएगा। वहीं मेसर्स स्वराज शूटिंग द्वारा नीमच में 150 करोड़ की लागत से स्थापित वस्त्र निर्माण इकाई का लोकार्पण किया। इस वस्त्र इकाई में 750 महिलाओं को रोजगार मिल रहा है।*

### भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने मंडला-सिवनी में ली बैठक

# राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ समाज के हर वर्ग के विकास में जुट जाएं कार्यकर्ता : जामवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने रविवार को मंडला और सिवनी जिले के जिला कार्यालय में जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम का भाव लेकर समाज के हर वर्ग के कल्याण और विकास के लिए जुटें। पार्टी कार्यकर्ता समाज और पर्यावरण में सामंजस्य जैसे विषयों को लेकर भी जनता के साथ मिलकर कार्य करें।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने जल, जंगल, जमीन के संवर्धन के लिए पेड़ लगाने एवं जल संचयन करने के लिए



लोगों को प्रेरित करने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें अपनी सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाना है। उन्होंने विभिन्न विषयों पर जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ संवाद और चर्चा भी की। मंडला में आयोजित बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसदफग्गनसिंह कुलस्ते, मंत्री संपतिया उइके, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धुर्वे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### हम सभी को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी भी निभानी है

*क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी कार्यों के साथ अपनी सामाजिक जिम्मेदारी भी निभानी है। देश के आजाद होने से पहले गुलामी के दौर में अंग्रेजों ने हमारी संस्कृति, सभ्यता और पहचान को नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। अब परिस्थितियां अनुकूल हैं, उन अवस्थाओं को और अधिक ठीक करना होगा।*

### 25 अप्रैल तक चलेगा अभियान

# आंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत प्रबुद्धजनों से भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर 15 से 25 अप्रैल के मध्य बाबा साहेब आंबेडकर सम्मान अभियान शुरू किया गया, जिसके अंतर्गत प्रबुद्धजनो से संपर्क संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस क्रम में रविवार को हर्षवर्धन नगर में भाजपा के जिला के अध्यक्ष रविंद्र यति और भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के सह संयोजक एवं प्रभारी दक्षिण पश्चिम विधानसभा महेंद्र दवे ने हर्षवर्धन नगर में सेवानिवृत बैंक मैनेजर रमेश मालवीय के निवास पर उनसे भेंट की तथा उन्हें इस



अभियान से जोड़कर इस कार्यक्रम को गति प्रदान करने में सहयोग मांगा। इस अवसर पर प्रकाश मोटवानी, कैलाश गुप्ता, राकेश राय, नरेंद्र प्रजापति महेश जोशी, राजेंद्र पुरोहित, राजेश हिरवे, रामसखा तिवारी, ज्योति पांडे, राकेश मालवीय, सूरज घोसला, सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आईपीएस अंकित सोनी को मिली कमान

हनुमान जयंती जुलूस पर हुआ था पथराव

# हिंदुवादी संगठनों की नाराजगी के कारण हटे गुना एसपी संजीव सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश गृह विभाग ने गुना पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा को हटाकर पुलिस मुख्यालय अटैच कर दिया है। वहीं, उनके स्थान पर आईपीएस अंकित सोनी को गुना की कमान सौपी गई है। विगत 12 अप्रैल को हनुमान जयंती जुलूस पर हुए पथराव की घटना के बाद हिंदुवादी संगठन एसपी से नाराज चल रहे थे।

घटनाक्रम में एसपी खुद ही अपने बयानों के कारण विवादों के घेरे में आ गए। अंततः सरकार को उन्हे हटाना पड़ा। दरअसल, गुना में पथराव की घटना हनुमान जयंती के मौके पर 12 अप्रैल को कर्नलगंज



इलाके में मस्जिद के पास हुई थी। यहां दो समुदाय के लोग आपस में भिड़ गए थे। इस दौरान भाजपा पार्षद ओमप्रकाश कुशवाह उर्फ गब्बर ने गोली चलने और पत्थरबाजी करने का दावा किया था। पुलिस ने पार्षद की शिकायत पर दो दर्जन लोगों के खिलाफ केस भी दर्ज किया था, लेकिन भाजपा पार्षद समेत हिंदुवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं के खिलाफ भी शांति भंग करने का मामला दर्ज कर लिया। इधर, एसपी संजीव सिन्हा ने घटना के बाद कहा था कि सीसीटीवी फुटेज में पथराव की कोई घटना नजर नहीं आई। साथ ही जुलूस के लिए अनुमति भी नहीं ली गई थी। उनके इस बयान पर बवाल मचा और वो स्वयं ही विवादों के घेरे में आ गए। कार्यकर्ताओं का कहना था कि उन्होने एसडीएम से बाकायदा जुलूस की अनुमति ली है। अनुमति को लेकर भी प्रशासन और जुलूस आयोजकों के बीच विरोधाभास की स्थिति बनी। एसपी की शिकायत आला अधिकारियों तक पहुंची, इसके बाद उनके खिलाफ एक्शन लिया गया।

### भोपाल, ग्वालियर और इंदौर में सुविधाएं की जाएंगी अपग्रेड

# मप्र पुलिस द्वारा संचालित छात्रावासों के लिए नए सिरे से गाइड लाइन तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में पुलिस की कल्याण शाखा द्वारा भोपाल, इंदौर और ग्वालियर में संचालित तीनों छात्रावासों को अपग्रेड किया जाएगा। इसके लिए नए सिरे से गाइडलाइन तय कर दी गई है। अब इन छात्रावासों में हाइटेक सुविधा बच्चों को उपलब्ध कराई जाएगी। पुलिस की कल्याण शाखा ने छात्रावासों का संचालन अपने हाथ में लिया है, ताकि पुलिसकर्मियों के बच्चों को सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें, जिससे कि वहां रहने वाले छात्राओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

बता दें कि एमपी पुलिस की कल्याण शाखा द्वारा महिला पुलिस कर्मियों और पुलिस कर्मियों के बेटे-बेटियों की पढ़ाई के लिए ये विशेष छात्रावास स्थापित किए हैं। इनके लिए नए सिरे से गाइडलाइन भी तय कर दी गई है। अब वर्किंग वूमेन पुलिस स्टाफ को हॉस्टल के ऊपरी फ्लोर पर कमरे

**वर्किंग वूमन को ऊपर फ्लोर पर और पढ़ने वाले बेटे-बेटियों को नीचे वाले फ्लोर पर दिए जाएंगे कमरे**



दिए जाएंगे, जबकि अपने घर से बाहर रहकर पढ़ने के लिए आई पुलिसकर्मियों के बेटे- बेटियों को नीचे के फ्लोर पर कमरे दिए जाएंगे। एमपी पुलिस की कल्याण शाखा ने इस संबंध में निर्देश भी जारी कर दिए हैं। वहीं, पुलिस मुख्यालय की वेलफेयर शाखा के एडीजी अनिल कुमार ने भोपाल की गोविंदपुरा पुलिस लाइन में बने वर्किंग वूमेन एंड गर्ल्स हॉस्टल के संचालन की जिम्मेदारी पुलिस कमिश्नर को सौंपी गई है।

### 14 वीं बटालियन के कमांडेंट को सौंपी ग्वालियर के हॉस्टल की जिम्मेदारी

*इसके अलावा ग्वालियर के हॉस्टल की जिम्मेदारी 14 वीं बटालियन के कमांडेंट को सौंपी गई है, जो ग्वालियर आईजी की अध्यक्षता में हॉस्टल का संचालन करेंगे। इसके अलावा इंदौर में स्थित हॉस्टल को चलाने की जिम्मेदारी 15 वीं बटालियन के सेनानी को सौंपी गई है। वेलफेयर शाखा के अफसरों का कहना है कि छात्रावासों का संचालन में सुरक्षा व्यवस्था निश्चित रूप से कड़ी होगी, ताकि छात्रावास में पढ़ने वाले पुलिसकर्मियों के बच्चे बच्चियां और वर्किंग पुलिस स्टाफ वुमेन अपने आप को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करें।*

### कहा-सरकार के इशारे पर कोर्ट में उलझाया 27% ओबीसी आरक्षण

# पटवारी ने लगाया महाधिवक्ता पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमलनाथ सरकार द्वारा लागू किए गए 27% ओबीसी आरक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इस मुद्दे की सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। सुनवाई के ठीक एक दिन पूर्व पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने ओबीसी महासभा की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य धर्मेन्द्र कुशवाहा और सुप्रीम कोर्ट के वकील वरुण ठाकुर के साथ पीसीसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रदेश के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह पर आरोप लगाए। साथ ही कहा कि महाधिवक्ता ने सरकार के इशारे पर कोर्ट में मामले को उलझाया और करोड़ों रुपए फीस लेकर ओबीसी वर्ग के हक को रोका है। जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ओबीसी आरक्षण



पर किसी भी तरह की कानूनी रोक नहीं है, तब भी सरकार बहाना बनाकर मामले को टाल रही है।

उन्होंने आगे कहा कि मप्र के महाधिवक्ता को नर्सिंग घोटाले के मामले में करोड़ों रुपए का भुगतान किया गया है। भाजपा सरकार ने कार्यपालिका और विधायिका के पास अधिकार होते हुए भी 27% आरक्षण लागू नहीं किया, जिससे संविधान की मूल भावना और न्यायपालिका के निदेर्शों का उल्लंघन हो रहा है।

### राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग

*पटवारी ने राज्य सरकार पर संविधान की अवहेलना का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति से प्रदेश में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है। पीसीसी चीफ ने बताया कि 2019 में तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने ओबीसी आरक्षण को 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने अध्यादेश जारी किया था. हालांकि इस अध्यादेश को एक मेडिकल छात्रा स्मृति दुबे द्वारा हाई कोर्ट में चुनौती दी गई, जिसके चलते कोर्ट ने मेडिकल पीजी में बढ़े हुए आरक्षण के अमल पर रोक लगा दी थी. इसके बावजूद, जुलाई 2019 में इस अध्यादेश को विधानसभा द्वारा पारित कर कानून का रूप दे दिया गया। यप्रदेश में ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण देने की बजाय सरकार लगातार उन्हें धोखा दे रही है।*

खूंखार नक्सली हिड़मा का पैतृक गांव पूर्वती, सिलगेर, कोंडापल्ली जाने टैक्सी नहीं थी, लोग बाइक या फिर पैदल ही करते थे आना-जाना

# नक्सलियों के गढ़ में घुसी बसें, पहली बार चार नए रास्तों पर चार गाड़ियां, इनमें हिड़मा का गांव भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि सरोकार

बस्तर संभाग में एक वक्त वह भी था, जब दूरस्थ गांव में नक्सली दहशत के कारण लोगों के पैर पूर्वती, सिलगेर, कोंडापल्ली जैसे इलाके में जाने की सोचने से भी कांपने लगते थे। लेकिन समय के साथ साथ लगातार बढ़ती शासन-प्रशासन की कार्रवाई के कारण अब ऐसे गांव तक यात्री बसों का आना-जाना शुरू हो गया है। जिससे लोगों का गांव से जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचना आसान हुआ है। यहां चार मार्ग ऐसे हैं, जहां पहली बार बसों का आना-जाना शुरू हो पाया है। इनमें एक मार्ग नक्सली कमांडर हिड़मा के गांव पूर्वती भी शामिल है। खूंखार नक्सली हिड़मा का पैतृक गांव पूर्वती, सिलगेर, कोंडापल्ली जैसे गांवों में जाने के लिए टैक्सी भी नहीं थी, लोग बाइक या फिर पैदल ही आवाजाही किया करते थे, पर अब सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

### प्रशासन के निर्देश पर शुरू यात्री बस

परिवहन विभाग के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर जिस सड़क में बस नहीं, वहां बस की सुविधा दी जा रही है।



### यहां चल रही 4 बसें

बताया जा रहा है कि सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा जिला मुख्यालय से पुरम से पूर्वती, दोरनापाल-जगरगुंडा, सिलगेर से बासागुड़ा साथ ही बीजापुर जिले के बासागुड़ा से सिलगेर तक एक-एक यात्री बसों चल रही है। इन सड़कों पर पहली बार यात्री बसों का आवागमन शुरू हुआ, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली।

### बदल रहा सफर का माहौल

पहले लोगों को तेलंगाना या फिर दंतेवाड़ा, गीदम से जाना पड़ता था, लेकिन अब दोरनापाल से जगरगुंडा, किष्टारम, पूर्वती, पुरम से पूर्वती, कोंडापल्ली, जिदपल्ली, पामेड़, उसूर, पुजारीकांकेर, सिलगेर, पूर्वती, कोंडापल्ली तक एवं तर्रेम तक यात्री बस से आवागमन हो रहा है। हिड़मा के गांव तक 189 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य सीमा सड़क संगठन की ओर किया जा रहा है। जिससे सुकमा एवं बीजापुर जिले को जोड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग के सीई, एसई ने हाल ही में दोरनापाल से जगरगुंडा सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने बताया कि दोरनापाल से जगरगुंडा 58 किमी एवं सिलगेर से बासागुड़ा 80 किमी तक सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

एनआईए कोर्ट में सुनवाई हुई पुरी

# 2008 मालेगांव विस्फोट मामले में फैसला सुरक्षित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में लंबे समय से चल रही सुनवाई आखिरकार पूरी हो गई है। दरअसल, राष्ट्रीय जांच एजेंसी की स्पेशल कोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि, यह विस्फोट 29 सितंबर, 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में हुआ था, जिसमें 6 लोगों की मौत हुई थी। विस्फोट में 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। बता दें कि, इस मामले ने देश में व्यापक चर्चा और विवाद को जन्म दिया था। पिछले दिनों स्पेशल जज लाहोटी का हुआ था ट्रांसफर बता दें, साल 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में सुनवाई कर रही विशेष एनआईए अदालत के न्यायाधीश ए.के. लाहोटी का पिछले कुछ दिनों पहले ही ट्रांसफर कर दिया गया था। यह तबादला जिला न्यायाधीशों के वार्षिक तबादला नीति के तहत किया गया था। हालांकि बताया जा रहा है कि ये तबादला ऐसे समय किया गया था, जब मालेगांव विस्फोट मामले को अदालत द्वारा फैसले से पहले सुरक्षित रखा जाना था।



### एनआईए कोर्ट के फैसले का सबको इंतजार

एनआईए कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि जल्द ही इसकी तारीख की घोषणा की जाएगी। इस मामले का फैसला न केवल पीड़ितों के परिवारों के लिए, बल्कि देश की न्याय व्यवस्था और आतंकवाद से निपटने की नीतियों के लिए भी महत्वपूर्ण होगा। मालेगांव विस्फोट ने धार्मिक और सामाजिक तनाव को बढ़ाया था। इसका फैसला सामाजिक सौहार्द पर भी असर डाल सकता है।

### कई हाई-प्रोफाइल आरोपियों के नाम

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एनआईए कोर्ट ने इस मामले में सभी पक्षों की दलीलें, गवाहों के बयान और साक्ष्यों की गहन जांच की। अभियोजन और बचाव पक्ष ने अपनी अंतिम बहस पूरी की, जिसके बाद कोर्ट ने फैसले के लिए समय मांगा। इस मामले में कई हाई-प्रोफाइल आरोपियों के शामिल होने के कारण यह सुनवाई राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में रही। वहीं, जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण खुलासे हुए, जिन्होंने मामले की जटिलता को और बढ़ाया।

दमोह में पार्सल ट्रेन पटरी से उतरी

## तीन बोगियों के पहिए ट्रैक से नीचे, दो यात्री ट्रेनों को रोका गया



**दमोह।** यहां रेलवे स्टेशन पर रविवार को एक बड़ा रेल हादसा टल गया। मलैया मिल रेलवे फाटक के पास दोपहर करीब 3 बजे कटनी से बीना जा रही एक खाली पार्सल ट्रेन की तीन बोगियों के पहिए पटरी से उतर गए। ट्रेन खाली होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही रेल विभाग के टेक्निकल प्रभारी प्रवीण कुमार मौके पर पहुंचे। तहसीलदार मोहित जैन भी स्थिति का जायजा लेने रेलवे स्टेशन पहुंचे। हादसे के कारण कटनी से आ रही गोंडवाना एक्सप्रेस और बीना मेमू ट्रेन को रोकना पड़ा। रेल अधिकारियों ने बताया कि ट्रैक क्लियर होने के बाद ही इन ट्रेनों को आगे बढ़ने की अनुमति दी गई। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए कटनी से एक स्पेशल ट्रेन भेजी गई। देर शाम तक बोगियों को वापस ट्रैक पर लाने की कवायद जारी रही। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पार्सल ट्रेन तीसरी लाइन से मेन ट्रैक पर शिफ्ट होते समय यह हादसा हुआ।

लालच में लुटा बीमा कंपनी का मैनेजर

# एक रुपए के नोट के चक्कर में लगा 10 लाख का चूना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- सोशल मीडिया पर विज्ञापन देख फंस गया झांसे में

मुंबई शहर से साइबर ठगी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है जहां एक शख्स 1 रुपये के नोट के बदले 25 लाख का झांसे में फंस गया। एक सरकारी बीमा कंपनी के कैशियर का सोशल मीडिया पर एक विज्ञापन में ऐसा फंसा की 1 रुपये के नोट के बदले 25 लाख का इनाम पाने के लिए 10.38 लाख रुपये खो बैठा। शख्स ने गुरुवार को पश्चिम साइबर पुलिस स्टेशन में ठगी की शिकायत दर्ज करवाई। शख्स चर्चगेट स्थित एक सरकारी बीमा कंपनी में कैशियर के पद पर काम करता है। इसके बाद पंकज सिंह नाम का एक शख्स उससे संपर्क में आया और खुद को एक सिक्कों की दुकान का कर्मचारी बताया। स्कैमर ने रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरवाने का झूठ बोलकर 6,160 रुपये की डिमांड करे। इसके बाद स्कैमर अलग-अलग बहानों से कागजी प्रक्रिया, टैक्स, प्रोसेसिंग फीस जैसे बाहने देकर पैके की डिमांड करने लगा।

इसके बाद शख्स के पास एक अरुण शर्मा नाम के व्यक्ति का कॉल आया और खुद को आरबीआई का अधिकारी बताने लगा और भरोसा करवाने के लिए फर्जी लेटर भी भेजा। धीरे-धीरे करते-करते कैशियर ने 10.38 लाख रुपये भेज दिए। जब स्कैमर ने कहा कि अगर तुम और 6 लाख भेजो तो तुम्हें 25.56 लाख का इनाम मिलेगा तब जाकर उसे शक हुआ और उसे समझ आया कि वो ठगी का शिकार हो चुका है। उसने तुरंत थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### पीड़ित ने बताया कैसे फंसा जाल में

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 23 फरवरी को जब वह सोशल मीडिया पर रील्स देख रहा था, तभी उसकी नजर एक दिलचस्प विज्ञापन पर पड़ी 'अगर आपके पास 1 रुपये का नोट पुराना है तो आपको 4.53 लाख रुपये का प्राइस मिलेगा।उसने बताया कि विज्ञापन में एक व्हाट्सएप नंबर भी दिया गया था. कैशियर ने तुरंत उस नंबर पर एक रुपये के नोट की फोटो भेजी।

## छात्रा से यौन संबंध की पेशकश, शिक्षक गिरफ्तार



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक नाबालिग छात्रा को यौन संबंध बनाने की पेशकश करने और ऐसा न करने पर उसे आंतरिक परीक्षा में फेल करने की धमकी देने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भद्रवाह में तैनात शिक्षक के खिलाफ 16 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## पेज एक का शेष

### 77 साल के बुजुर्ग को...

किलोमीटर दूर से अस्पताल आए थे। काफी देर इंतजार के बाद जब डॉक्टर अस्पताल में पहुंचे तो बुजुर्ग ने पूछ लिया कि डॉक्टर साहब लेट क्यों हो गए ? इस पर डॉक्टर मिश्रा इतने नाराज हो गए और बुजुर्ग को थप्पड़ जड़ दिया। साथ ही उनके हाथ से पर्चा लेकर फाड़ दिया। इतना ही नहीं डॉक्टर ने अपने एक साथी की मदद से बुजुर्ग को लात-घूंसों से जमकर पीटा। इसके बाद हाथ-पैर पकड़कर घसीटकर अस्पताल से बाहर कर दिया। इसका वीडियो रविवार को सामने आया तो सोशल मीडिया में इस घटना की जमकर आलोचना हुई और कार्रवाई की मांग उठने लगी। नौगांव थाने में डॉक्टर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115 (2), 296, 3(5), 351 (3) के तहत जीरो एफआईआर दर्ज की गई है।

### बुजुर्ग से मारपीट...

संचालक, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश ने भी अपने आदेश में माना है कि इस मारपीट की घटना से विभाग की छवि धूमिल हुई है।

### रामबन में बादल ...

**केंद्रीय मंत्री बोले- प्रशासन से लगातार संपर्क में:** केंद्रीय मंत्री और उधमपुर से भाजपा सांसद डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वह लगातार डिप्टी कमिश्नर बसीर-उल-हक चौधरी के संपर्क में हैं। उन्होंने जिला प्रशासन की रेस्क्यू अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि हर संभव मदद दी जा रही है और अगर जरूरत पड़ी तो वे निजी संसाधनों से भी मदद करेंगे।

**डायवर्ट की फ्लाइट, सीएम अब्दुल्ला भड़के:** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शनिवार रात दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट डायवर्जन को लेकर भड़क गए । उन्होंने कहा- दिल्ली एयरपोर्ट पर पूरी तरह बर्बादी का नजारा है।

अथॉरिटी ने उमर अब्दुल्ला को जवाब देते हुए लिखा, डियर मिस्टर अब्दुल्ला, जैसा कि आप जानते हैं, हमने दिल्ली में अचानक बदलते मौसम और हवा की दिशा को लेकर कई एडवाइजरी पहले ही जारी की हैं। दरअसल, अब्दुल्ला इंडिगो की फ्लाइट से श्रीनगर से दिल्ली आ रहे थे। दिल्ली एयरपोर्ट पर भीड़ और गड़बड़ी की वजह से पहले तो फ्लाइट को 3 घंटे तक लैंड नहीं कराया, फिर जयपुर डायवर्ट कर दी गई।

### आज से 23 तक....

बदलाव की संभावना भी जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, आज से 23 अप्रैल तक प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर रहेगा। इस वजह से बूंदाबांदी और आंधी का दौर रहेगा। साथ ही हवाएं भी लगभग 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चलेंगी।

**यहां बारिश के आसार:** मौसम में बदलाव के कारण रविवार-सोमवार को इंदौर, देवास, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिवनी, मंडला, कटनी, उमरिया, डिंडोरी, शहडोल और अनूपपुर जिलों में बारिश के आसार है। वहीं, 22 अप्रैल को नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी और अनूपपुर जिलों में बारिश का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है।

### अवमानना की कार्यवाही....

पत्र में कहा है कि निशिकांत दुबे ने सार्वजनिक रूप से जो बयान दिए हैं, वे अत्यंत आपत्तिजनक, भ्रामक और माननीय सुप्रीम कोर्ट की गरिमा एवं अधिकार को कम करने की नीयत से दिए गए हैं। बता दें कि नियम के तहत कंटेप्ट मामले के लिए अटॉर्नी जनरल से इजाजत लेनी होती है। याचिकाकर्ता की ओर से वक्फ अधिनियम मामले में पैरवी कर रहे एक सुप्रीम कोर्ट के वकील ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि को पत्र लिखकर निशिकांत दुबे के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की अनुमति मांगी है।

**भाजपा ने बयान से खुद को अलग किया:** भाजपा ने शनिवार को दुबे द्वारा सुप्रीम कोर्ट की आलोचना से खुद को अलग कर लिया और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इन टिप्पणियों को उनका निजी विचार बताया। नड्डा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था कि भाजपा का उसके सांसदों निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा की न्यायपालिका और प्रधान न्यायाधीश पर की गई टिप्पणियों से कोई लेना-देना नहीं है। ये उनकी निजी टिप्पणियां हैं, लेकिन भाजपा न तो उनसे सहमत है और न ही ऐसी टिप्पणियों का कभी समर्थन करती है। भाजपा इन्हें पूरी तरह से खारिज करती है। नड्डा ने यह भी कहा कि उन्होंने दोनों नेताओं और अन्य लोगों को ऐसी टिप्पणियां न करने का निर्देश दिया है।

### सीएम ने गांधी सागर...

का विषय है। इस लुप्त प्रायः प्रजाति के वन्य प्राणी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से सितंबर 2022 में मप्र में पहली बार लाया गया था। अब इन चीतों का कुनबा बढ़ रहा है। 'चीता प्रोजेक्ट ' मध्यप्रदेश की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। परियोजना का उद्देश्य भारत में चीतों की संख्या बढ़ाना और उनकी प्रजाति को बचाना है। इसमें हमें सफलता भी मिल रही है। गांधी सागर अभयारण्य प्रदेश का दूसरा ऐसा स्थान है, जहां चीतों को बसाया जा रहा है।

### नहाते समय गहरे...

निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। दोनों को तत्काल खनियाधाना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि दोनों को तैरना नहीं आता था। पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही खनियाधाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लड़की के पेट...

मिले। उन्होंने पुरानी बुराई पर मारपीट शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर सुमित की चचेरी बहन रागिनी 16 वर्ष बीच बचाव करने आई तो सांसद प्रतिनिधि संतोष ने उसे डंडे से पीटा। संतोष ठाकुर, गोलू ठाकुर और हरि सिंह ठाकुर मारपीट कर ही रहे थे। इस बीच संतोष के भतीजे किट्टू ठाकुर, भोला ठाकुर आ गए और उन्होंने भी दोनों नाबालिगों को बेहोश होने तक पीटा। आरोपियों ने नाबालिग के प्राइवेट पार्ट और पेट पर भी चोट पहुंचाई है। इस बीच घायलों के परिजन मौके पर पहुंचे तो उनसे भी मारपीट की गई। इसके साथ ही आरोपियों ने धमकी दी कि दोबारा दिखे तो खत्म कर देंगे। परिजनों ने घायलों को उठाकर अस्पताल पहुंचाया। रात 9 बजे हुई घटना के बाद घायलों को 11 बजे अस्पताल लाया गया। यहां से रागिनी कुशवाहा को पहले फिर सुमित को सागर रेफर किया गया। लड़की के प्राइवेट पार्ट में चोट के साथ नाक से खून निकल रहा है। वहीं, भाई के सिर पर गहरी चोट के चलते पांच टांके लगे हैं। सुमित की शिकायत पर पुलिस ने संतोष ठाकुर, गोलू ठाकुर, हरिसिंह ठाकुर, किट्टू ठाकुर तथा भोपाल ठाकुर के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। घायलों के अनुसार मारपीट करने वाले 12 से अधिक लोग थे।

### एक मंदिर, एक कुआ...

सद्भाव बढ़ाने के लिए संस्कार, परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों पर जोर देने को कहा। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा समाज बनाना है जो न केवल सशक्त हो, बल्कि सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाला हो। उन्होंने कहा कि हमारे त्योहार केवल उत्सव नहीं हैं, बल्कि वे सामाजिक एकता के अवसर भी हैं। उन्होंने सभी वर्गों के लोगों को साथ मिलकर त्योहार मनाने का आग्रह किया।

**आरएसएस की शताब्दी समारोह की तैयारी:** भागवत की यह यात्रा इस साल विजयादशमी से शुरू होने वाले आरएसएस शताब्दी समारोह की तैयारियों के तहत की गई है। इसमें ब्रज क्षेत्र के आरएसएस प्रचारकों के साथ उनकी नियमित बैठकें भी शामिल रहीं। उन्होंने संगठनात्मक ढांचे की मजबूती और आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले आयोजनों की रूपरेखा पर भी चर्चा की।

### छात्रों को शराब...

बच्चों को स्प्राइट पीने के लिए दी थी। कुछ बच्चे खाली बोतल शराब की रखे थे, उसी में डालकर स्प्राइट पी रहे थे। शराब का सेवन वह नहीं करते हैं, प्रशासन चाहे तो उनका डीएनए करा ले। वहीं, स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापिका वैशाली ने बताया कि यहां पर किसी भी तरह का शराब का सेवन नहीं किया जाता है। छात्र समय पर स्कूल आते हैं, समय पर पढ़ाई करते हैं और समय पर चले जाते है। इस तरह का कोई कृत्य यहां पर नहीं किया गया है। वायरल वीडियो कहां का है, उनको जानकारी नहीं है।

**वीडियो में यह दिख रहा:** वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि टीचर लाल नवीन प्रताप के सामने 6-7 नाबालिग बच्चे बैठे हुए हैं। वो उन्हें एक-एक करके कप में शराब परोसते हैं जिन्हें मासूम पी जाते हैं। इसी दौरान किसी ने घटना का वीडियो बना लिया जो अब वायरल हो रहा है। वीडियो में उन्हें एक बच्चे से यह कहते हुए सुना जा सकता है कि शराब पीने से पहले उसमें पानी मिला लेना। टीचर के क्लास को मधुशाला बनाने का वीडियो सामने आने के बाद हड़कंप मच गया।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष:** वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष:** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन:** माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क:** आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या:** स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला:** वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रुझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक:** शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा।

**मकर:** कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रुझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ:** कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

### शब्द पहेली - 5843

**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

शब्द पहेली - 5842 का हल

### सूडोकु नवताल - 5853

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5852 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

एलन कोटा स्टूडेंट ओमप्रकाश से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा..

# जीवन में अनुशासित परिश्रम करते रहें, कठिन परिश्रम और अनुशासन से हासिल होती है उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को जेईई-मेन परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त करने वाले एलन कोटा स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा को आशीर्वाद एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने जेईई-मेन में सफलता प्राप्त करने वाले देशभर के विद्यार्थियों को भी शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे सभी शिक्षकों के प्रयासों को सराहा। इस अवसर पर उन्होंने जेईई-मेन में बेहतर परिणाम रहने के लिए पूरे कोटा शहरवासियों को बधाई दी।

शक्ति नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर ओमप्रकाश बेहरा, उनकी मां स्मिता रानी व एलन के निदेशक राजेश माहेश्वरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस अवसर पर ओम बिरला ने ओमप्रकाश से बातचीत की और कोटा के अनुभव के बारे में पूछा।



**कोटा की शैक्षणिक संस्कृति विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करती है**

बिरला ने कहा कि कठिन परिश्रम और अनुशासन से ही उपलब्धि हासिल की जा सकती है, यह अनुशासित परिश्रम जीवनभर जारी रखें। कोटा की शैक्षणिक संस्कृति विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करती है और उन्हें आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रेरणा यहां मिलती है। बिरला ने ओमप्रकाश से उनके होम टाउन भुवनेश्वर में परिवार के बारे में जानकारी ली।

### कोटा का शैक्षणिक माहौल अन्य हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बना

*ओमप्रकाश की मां स्मिता रानी बेहरा को भी बधाई देते हुए कहा कि आप तीन साल से बच्चे की कोटा में कोचिंग के लिए उसके साथ यहां रह रहीं है, यह इस तपस्या और समर्पण का भी परिणाम है। आप दोनों के प्रयास और कोटा का शैक्षणिक माहौल अन्य हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा साबित होगा। कोटा स्टूडेंट्स के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहता है, उनके सपने पूरे करने, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए लगातार यहां का हर शहरवासी प्रयासरत रहता है। उन्होंने ओमप्रकाश से कहा कि अच्छे इंजीनियर बनकर देश और समाज की सेवा के बारे में सोचें। किस तरह अपने देश को आगे लाया जा सकता है, इसके लिए प्रयास करें। आपको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं। इस अवसर पर एलन के निदेशक राजेश माहेश्वरी ने कहा कि ओमप्रकाश का अनुशासन और इनकी माता का समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है। आप द्वारा समय-समय पर मिलने वाला उत्साहवर्धन हम सभी में ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने ओम बिरला का धन्यवाद दिया।*

## एलन भोपाल के शिवांश को 99.95 पर्सेंटाइल सौम्या ने गर्ल्स कैटेगरी में सिटी टॉप किया



**भोपाल।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2025 के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट, भोपाल के स्टूडेंट्स ने पुनः श्रेष्ठता साबित की है। एलन भोपाल के एकेडमिक हेड ऋषिकेश शर्मा ने बताया कि एलन भोपाल के क्लासरूम स्टूडेंट शिवांश गोयल 99.9583231 पर्सेंटाइल एवं एआईआर 722 के साथ बॉयज सिटी टॉपर्स में से एक रहे। वहीं सौम्या तिवारी 99.8473968 पर्सेंटाइल एवं एआईआर 2369 के साथ गर्ल्स कैटेगरी में सिटी टॉपर रहीं। पर्व जैन, इज़यान जुबेरी, कृष्ण साबू, प्रणव साबले, धैर्य गर्ग, अथर्व नाग, श्रियांस अक्षित, मानस कारपेंटर, शुभांकर सिन्हा, अक्षत सक्सेना, अंशुल सिंह, कुशाग्र सिंह, अभिराज गौड़, सृष्टि गर्ग, ईशान अतुल केचे, भविष्य आचार्य, आदि ने 99 या अधिक पर्सेन्टाइल अर्जित किए हैं।परिणाम जारी होने के साथ ही एलन के आईएसबीटी भोपाल स्थित संस्कार कैम्पस में खुशियों के ढोल बज गए। स्टूडेंट्स और पेरेन्ट्स ने फैकल्टीज के साथ मिलकर रिजल्ट सेलीब्रेट किया और एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया।एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने परिणामों पर ख़ुशी जाहिर करते हुए बताया कि नेशनल रिजल्ट्स में टॉप-100 रैंक में एलन के 31 स्टूडेंट्स ने सफ़लता हासिल की। इनमें 300/300 अंक लाने वाले एलन कोटा क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा ने ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त की है। एनटीए की ओर से जारी परिणामों में ओवरऑल 100 परसेंटाइल स्कोर पर एलन कोटा के ओमप्रकाश बेहरा को आल इंडिया रैंक-1, सक्षम जिंदल ने एआईआर-10, अर्नव सिंह ने एआईआर-11, राजित गुप्ता ने एआईआर-16, मोहम्मद अनस ने एआईआर-17, लक्ष्य शर्मा-एआईआर-22 हासिल की है। एलन डिजिटल के ऑनलाइन लाइव क्लासरूम कोर्स के स्टूडेंट अरित्रों रॉय ऑल इंडिया रैंक 51 पर रहे। टॉप-100 में 31 स्टूडेंट्स एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से हैं। 25 क्लासरूम कोर्स से हैं तथा 6 स्टूडेंट्स डिस्टेंस लर्निंग व ऑनलाइन टेस्ट सीरिज़ के माध्यम से एलन से जुड़े हैं।

## आकाश एजुकेशनल के 43 विद्यार्थियों ने जेईई मेन 2025 (सेशन 2) में 99 परसेंटाइल या उससे अधिक अंक प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत में टेस्ट प्रिपरेशन सेवाओं में अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने जेईई मेन 2025 (सेशन 2) में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धियों की घोषणा की है। शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, मध्यप्रदेश के 43 छात्रों ने 99 परसेंटाइल या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इन 43 छात्रों में से 16 इंदौर से, 13 जबलपुर से और 2 भोपाल से हैं। शहर के टॉपर्स जबलपुर, रीवा, सागर, उज्जैन, रतलाम और कटनी से हैं।

छात्रों को बधाई देते हुए डॉ. एच.आर. राव, चीफ एकेडमिक और बिजनेस हेड, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने कहाकि जेईई मेन 2025 में हमारे छात्रों की शानदार सफलता पर हमें गर्व है। उनकी मेहनत और समर्पण, साथ ही सही मार्गदर्शन, ने इन बेहतरीन परिणामों को संभव बनाया है। आकाश में हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे छात्र अपनी पूरी क्षमता तक पहुँच सकें। सभी सफल छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं और उनके आगे के सफर के लिए शुभेच्छाएं। इन नतीजों से छात्रों की मेहनत और शैक्षणिक प्रतिभा का प्रमाण मिलता है, खासकर ऐसे समय में जब वे भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में सफलता हासिल कर रहे हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज परिणाम घोषित किए, जिससे इस वर्ष के लिए निर्धारित जेईई के दूसरे और अंतिम सेशन का समापन हुआ। इनमें से अधिकांश छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम से जुड़े हुए थे, जिनका लक्ष्य प्रतिष्ठित आईआईटी-जेईई को क्रैक करना था, जिसे विश्व स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है। जेईई (मेन) को दो सेशनों में आयोजित किया जाता है ताकि छात्रों को अपने स्कोर सुधारने के कई अवसर मिल सकें। जहां जेईई एडवांस्ड केवल प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश के लिए होता है, वहीं जेईई मेन देशभर के कई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) और अन्य केंद्रीय सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करता है। जेईई एडवांस्ड में शामिल होने के लिए जेईई मेन में भाग लेना अनिवार्य है। एईएसएल को मेडिकल (एनईईटी), इंजीनियरिंग (जेईई), एनटीएसई और ओलंपियाड्स जैसी उच्च-स्तरीय परीक्षाओं के लिए प्रभावी और व्यापक तैयारी कार्यक्रम प्रदान करने के लिए जाना जाता है। संस्थान छात्रों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास दिलाने और उनकी अकादमिक सफलता में सहायता करने के लिए समर्पित है।



ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाईज एसो. ने मनाया 80वां स्थापना दिवस

## बैंक कर्मियों ने एकजुट होकर सामूहिक सौदेबाजी द्विपक्षिता और ग्राहक को बेहतर देने की ली शपथ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन के 80 वें स्थापना दिवस पर राजधानी भोपाल की बैंकों के सैकड़ों बैंक कर्मचारी एवं अधिकारियों ने रविवार को मालवीय नगर भोपाल स्थित मध्य प्रदेश बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन के यूनियन ऑफिस परिसर में एकत्रित होकर संगठन का झंडा वंदन कर कलरफुल, प्रभावी, इंकिलाबी सभा का आयोजन किया।

सभा में उपस्थित बैंक कर्मियों की लाल ड्रेस आकर्षण का केंद्र थी। इस दरमियान बैंक कर्मियों ने सामूहिक सौदेबाजी, द्विपक्षिता और सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग की रक्षा करने की शपथ ली और संकल्प लिया कि वे-एआईबीईए के बैनर तले एकजुट रहकर यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियंस एवं श्रमिक संगठनों की एकता को मजबूत करेंगे,बैंक कर्मचारियों के हितों को बढ़ावा देने के लिए सभी संघर्षों के लिए तैयार रहेंगे, नौकरियों तथा नौकरी की सुरक्षा पर होने वाले हमलों के विरुद्ध संघर्ष करेंगे। सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग की रक्षा करेंगे, ग्राहक सेवा को और बेहतर बनाकर बैंक के ग्राहकों को बेहतर, त्वरित एवं उत्तम ग्राहक सेवा प्रदान करेंगे, निजीकरण तथा अन्य कथित बैंकिंग सुधारों का विरोध करेंगे। इस मौके पर बैंक कर्मचारी-अधिकारी नेताओं वीके शर्मा, नजीर कुरेशी, दीपक रत्न शर्मा, मोहम्मद नजीर कुरैशी, गुणशेखरन, मनोज चतुर्वेदी, अशोक पंचोली, जीडी पाराशर, जेपी दुबे, देवेंद्र खरे, विशाल धमेजा, के वासुदेव सिंह,राशि सक्सेना, शिवानी शर्मा,कैलाश माखीजानी, महेंद्र गुप्ता, अमित गुप्ता, अमोल अचवाल, वैभव गुप्ता, संतोष मालवीय, राम चौरसिया, योगेश मनुजा, सतीश चौबे, रामकुमार साहू, भगवान स्वरूप कुशवाह, अनंत खरे आदि मौजूद रहे।




### खराब ऋणों की वसूली के लिए कारगर कदम उठाने की मांग

*बैंक कर्मचारी-अधिकारी नेताओं वीके शर्मा ने कहाकि हमारा संगठन बैंकों के खराब ऋणों की वसूली के लिए कठोर एवं कारगर कदम उठाने की मांग के लिए संघर्षरत है। बैंकों में जमा धन आम आदमी का है इसकी रक्षा के लिए सजग रहेंगे, बैंकिंग उद्योग में पर्याप्त भर्तीयों, पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह तथा बैंक कर्मियों की लंबित मांगों के निराकरण के लिए संघर्ष करेंगे। आयोजित सभा में वक्ताओं ने बताया कि ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन की स्थापना आज से 79 वर्ष पूर्व 20 अप्रैल 1946 को कलकत्ता में हुई थी। किसी भी संगठन द्वारा अपना 80 वां स्थापना दिवस मनाना अपने आप में महत्वपूर्ण है। बैंक कर्मचारियों का यही एक ऐंसा संगठन है जिसका अपने संघर्षों एवं ढेर सारी उपलब्धियों का इतिहास है। इसके पदाधिकारियों की निस्वार्थ सेवाओं, संघर्षों एवं कुर्बानियों से संगठन के इतिहास के पन्ने भरे मिलेंगे।*

आईजीआई डी शो-2025 का 21वां संस्करण



## देशभर के 60 से अधिक हीरा आभूषण निर्माताओं और रिटेलर्स हुए शामिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (आईजीआई) की ओर से आयोजित आईजीआई डी शो-2025 के 21वें संस्करण ने आईकॉनिक जियो वर्ल्ड सेंटर में अपनी भव्यता से सबका मन मोह लिया। तीन दिवसीय इस शो ने एक बार फिर से भारत के प्रीमियम एक्सक्लूसिव डायमंड शो की अपनी परंपरा को दोहराया।

हमेशा की तरह इस बार भी आईजीआई डी शो ने इस क्षेत्र में व्यवसाय के विकास के साथ-साथ पूरी इंडस्ट्री में लंबे समय तक कायम रहने वाले जुड़ाव को बढ़ावा दिया। इस आयोजन ने सुनियोजित तरीके से साझेदारी करने, उद्योग जगत की बहुमूल्य जानकारी का आदान-प्रदान करने और उभरते अवसरों का पता लगाने के लिए एक प्रभावशाली मंच की भूमिका निभाई है, जिसने हीरे के कारोबार में इनोवेशन और विकास को लगातार आगे बढ़ना जारी रखा है। आईजीआई की 50वीं वर्षगांठ का उद्घाटन आईजीआई के एमडी एवं सीईओ, तहमास्प प्रिंटर ने किया। इस मौके पर एएस मोतीवाला के मैनेजिंग डायरेक्टर अशरफ मोतीवाला, ब्लू स्टार डायमंड्स के मैनेजिंग डायरेक्टर अर्नव मेहता, पोपली ग्रुप ऑफ ज्वैलर्स के डायरेक्टर राजीव पोपली, लक्ष्मी डायमंड्स के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. चेतन कुमार मेहता, शैलेश राठौड़, केपी संघवी, महेंद्र ज्वैलर्स के मेहुल ओसवाल श्री महावीर बोहरा, आभूषण डीपी. ज्वेल लाइन लिमिटेड के अमित बंदी और हर्षाइमल श्यामलाल ज्वैलर्स के अंकुर आनंद शामिल थे। इस खास शो में देशभर के 60 से ज्यादा हीरा आभूषण निर्माताओं और रिटेलर्स ने भाग लिया।

कुल बिक्री कारोबार लगभग 3,851 करोड़ आंका गया

## 2024-25 में चाय नीलामी में बना रिकार्ड, 17 करोड़ किलो चाय बिकी

एजेंसी. नई दिल्ली

गुवाहाटी चाय नीलामी केंद्र ने वित्त वर्ष 2024-25 में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में चाय की अधिक बिक्री दर्ज की, साथ ही प्रति किलोग्राम औसत कीमत में भी इजाफा हुआ है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। नीलामी केंद्र से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि बॉउट लीफ फैक्टरीज़ द्वारा उत्पादित चाय को भी बीते वित्त वर्ष में अच्छा और लाभदायक मूल्य मिला। गुवाहाटी टी ऑक्शन बायर्स एसोसिएशन के सचिव दिनेश बिहानी ने बताया कि जीएएसी ने वित्त वर्ष 2024-25 में 169.13 मिलियन किलोग्राम चाय की बिक्री की, जिसकी औसत कीमत 227.70 रुपए प्रति किलोग्राम रही। यह पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले वृद्धि है, जब 166.34 मिलियन किलोग्राम चाय की औसत 183.20 रुपए प्रति किलोग्राम की दर पर बिक्री हुई थी यानी 44.50 रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। चालू वित्त वर्ष में कुल बिक्री कारोबार लगभग 3,851 करोड़ रुपए आंका गया है।

बीएलएफ को पूरे वर्ष मजबूत और लाभकारी कीमतें मिलीं। इनमें से बेजोपाथर क्षेत्र की कुछ चाय 471 प्रति किलोग्राम तक बिकीं। असम के सभी जिलों में धेमाजी जिले की बीएलएफ की चाय को बीते वित्त वर्ष में सबसे ऊंचा दाम मिला। जीएएसी टी लाउंज के चेयरमैन के रूप में भी कार्यरत बिहानी ने बताया कि नीलामी केंद्र अपने इन-हाउस टी लाउंज के माध्यम से 'सिंगल ओरिजिन' असम चाय को सक्रिय रूप से प्रमोट कर रहा है। यह लाउंज अब पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय स्थान बन गया है, जहां वे असली और उच्च गुणवत्ता वाली असम चाय खरीदते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में इस टी लाउंज ने चाय प्रचार और खुदरा बिक्री से 1 करोड़ रुपए से अधिक का टर्नओवर दर्ज किया है।



### सितंबर तिमाही में कैसा रहा था कारोबार

*सितंबर तिमाही में चाय बागान कंपनियों के मुनाफे में वृद्धि दर्ज की गई। इससे चाय की कीमतों में तेजी का पता चलता है। प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ जिससे कीमतों में इजाफा हुआ। अनियमित बारिश के बाद लंबे समय तक सूखे के कारण चाय उत्पादन में पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले करीब 7.67 करोड़ किलोग्राम की कमी आई। उत्तर भारत से चाय उत्पादन में करीब 6.3 करोड़ किलोग्राम का नुकसान हुआ जिससे थोक कीमतों में तेजी आई। चाय के कुल उत्पादन में उत्तर भारत की हिस्सेदारी 82 फीसदी से अधिक है।*

### चाय का औसत मूल्य 22.01 फीसदी अधिक

*चाय बोर्ड के आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर 2024 तक उत्तर भारत में औसत नीलामी मूल्य 247.33 रुपए प्रति किलोग्राम था जो एक साल पहले की इसी अवधि के मुकाबले 23.98 फीसदी अधिक है। दक्षिण भारतीय चाय का औसत मूल्य 126.22 रुपए प्रति किलोग्राम एक साल पहले की अवधि के मुकाबले 16.19 फीसदी अधिक था।*

## बीएचईएल का राजस्व 27,000 करोड़ रुपए से ज्यादा रहा, 2 लाख करोड़ रुपए के ऑर्डर बुक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी बीएचईएल ने रविवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उसका राजस्व 19 प्रतिशत बढ़कर 27,350 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने बयान में कहा कि उसने बीते वर्ष के दौरान 92,534 करोड़ रुपए का अबतक का सबसे अधिक ऑर्डर भी हासिल किया।

इसके साथ ही, वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में बीएचईएल की कुल ऑर्डर बुक 1,95,922 करोड़ रुपए हो गई। बयान के अनुसार भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 27,350 करोड़ रुपए (अस्थायी) का राजस्व दर्ज किया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने कहा कि बिजली क्षेत्र में उसने 81,349 करोड़ रुपए के ऑर्डर हासिल कर अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी। औद्योगिक खंड में 11,185 करोड़ रुपए के नए ऑर्डर मिले।




### यह देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में देती है योगदान

*भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड भारत की एक प्रमुख सरकारी कंपनी है, जो बिजली उपकरण निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी है। 1964 में स्थापित, यह कंपनी भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन संचालित होती है। बीएचईएल का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है और यह देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देती है। यह बिजली संयंत्र उपकरणों जैसे टरबाइन, जेनरेटर, बॉयलर और अन्य सहायक उपकरणों के डिजाइन, निर्माण और आपूर्ति करती है। बीएचईएल ने देशभर में 1,70,000 मेगावाट से अधिक बिजली उत्पादन क्षमता स्थापित की है, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मजबूत करती है। कंपनी थर्मल, हाइड्रो और परमाणु बिजली परियोजनाओं के लिए उपकरण बनाती है। इसके अलावा, यह नवीकरणीय ऊर्जा और औद्योगिक सेक्टर में भी सक्रिय है।*

## बदल गए जज्बात... भारतीय बाजार में कूदे विदेशी निवेशक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में जोरदार वापसी की है। कुछ हफ्तों तक किनारे रहने के बाद तीन दिन में लगभग 15,000 करोड़ रुपए का निवेश किया। लगातार नौ दिनों तक बिकवाली करने के बाद यह बदलाव बाजार के लिए एक बड़ा सहारा बन गया है। इस एफआइआई की वजह से सेंसेक्स में सिर्फ तीन दिन में लगभग 3,400 अंकों की तेजी आई है। यह हाल के दिनों में सबसे तेज उछाल है। हालांकि इस की खरीदारी के बावजूद एफआइआई अब भी अप्रैल में शुद्ध विक्रेता बने हुए हैं। महीने के लिए कुल आउटफ्लो अब भी 18,000 करोड़ रुपए से ऊपर है। लेकिन भारतीय इक्विटी में विदेशी निवेश कई साल के निचले स्तर पर आ गया था। इसलिए अगर बाजार का माहौल ठीक रहता है, तो यह कमी एक और खरीदारी की लहर पैदा कर सकती है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार ने कहा कि एफआइआई की गतिविधि में यह बदलाव दो मुख्य कारणों से हुआ है। पहला, डॉलर इंडेक्स गिरकर लगभग 100 के स्तर पर आ गया है। डॉलर के और कमजोर होने की उम्मीद निवेशकों को अमेरिका से दूर भारत जैसे उभरते बाजारों की ओर धकेल रही है। दूसरा, अमेरिका और चीन दोनों की विकास दर इस साल कम रहने की संभावना है। वहीं, भारत की जीडीपी विकास दर वित्त वर्ष 2026 में 6 फीसदी रहने की उम्मीद है। यह बेहतर प्रदर्शन भारत को वैश्विक पूंजी के लिए एक आकर्षक जगह बना सकता है। निवेशकों का ध्यान घरेलू खपत से जुड़े क्षेत्रों जैसे कि फाइनेंस, टेलीकॉम, एविएशन, सीमेंट, कुछ ऑटो कंपनियों और हेल्थकेयर स्टॉक्स पर रहने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार अगर डॉलर इंडेक्स गिरता रहता है, तो उभरते बाजारों के लिए एफआइआई की पसंद बेहतर होगी। उभरते बाजारों में, भारत का दृष्टिकोण अपेक्षाकृत मजबूत और आकर्षक बना हुआ है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अभी भी अनिश्चितताएं बहुत ज्यादा हैं। इस बीच भारतीय रुपया भी मजबूत हो रहा है। शुक्रवार को यह लगातार चौथे दिन मजबूत हुआ और 31 पैसे बढ़कर 85.37 पर बंद हुआ। यह 4 अप्रैल के बाद सबसे मजबूत क्लोजिंग है। इस तेजी को इक्विटी में निवेश और बाजार में सकारात्मक माहौल से समर्थन मिला।




**तीन दिन में झोंके 15,000 करोड़ रुपए**


**कार्यालय वनमंडल अधिकारी वनमंडल हरदा (उत्पादन) म.प्र.**

दूरभाष क्रमांक – 07577-222025 Email- dfopharda@mp.gov.in

क्रमांक /स्टोर/3725 हरदा, दिनांक 16/04/25

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन वृत्त नर्मदापुरम के उत्पादन वनमण्डल हरदा अंतर्गत समस्त वन परिक्षेत्रों / काष्ठागारो में वर्ष 2025-26 में कम्प्यूटर एवं प्रिंटर क्रय के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, शर्ते एवं विस्तृत जानकारी हेतु म.प्र.शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं www.mpforest.gov.in पर लॉग-ऑन करें। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रुपए 500.00 तथा सत्यंकार की राशि रुपए 5000/- हैं। निविदा प्रपत्र ऑन-लाईन ही क्रय किया जा सकेंगा।

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | सत्यांकार | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 01 | कार्यालयीन उपयोग हेतु नवीन कम्प्यूटर एवं प्रिंटर क्रय बावत् । | 5000 | 500 |

निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी।

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Publishing Date | 16-04-2025 | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित हैं। |
| 02 | Document Download/Sale Start Date | 16-04-2025 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 16-04-2025 | |
| 04 | Bid Submission Closing Date | 07-05-2025 | |
| 05 | Bid Opening Date | 08-05-2025 | |

(नरेन्द्र पण्डवा)
भा.व.से.
वनमंडल अधिकारी
वनमंडल हरदा (उत्पादन)

जी- 11792/25 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# सांसद अपनी मर्यादा में टिप्पणी करें तो अच्छा

सांसदों को अपनी गरिमा, मर्यादा और अपने संवैधानिक दायरे में ही काम करना और बोलना चाहिए। किसी फैसले से या किसी व्यक्ति से व्यक्तिगत नाराजगी प्रकट करने का तरीका यह नहीं है कि आपकी भाषा इतनी तल्ख हो जाए कि आप उन पदों का अपमान ही करने लगें। झारखंड के गोड्डा से भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने सुप्रीम कोर्ट, सीजेआई और पूर्व चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी को लेकर जिस तरह के शब्द प्रयोग किए हैं, वे कहीं से भी संसदीय आचरण के दायरे में नहीं हैं। आप चाहें संसद में बोलें या संसद के बाहर या किसी टीवी शो में, आप सांसद हैं और आप संवैधानिक दायरे से बंधे हुए हैं। बेशक भाजपा ने सांसद दुबे के बयान से पार्टी को अलग कर लिया है, लेकिन पार्टी ने अभी तक निशिकांत दुबे को चेतावनी तक नहीं दी है। पूर्व में कई बयानवीर भाजपा नेताओं ने कई अवसर पर अपने अनर्गल व अनावश्यक बयानों से पार्टी का नुकसान कराया है, इसलिए भाजपा को अपने सभी नेताओं को क्या बोलें, क्या नहीं बोलें, इसके लिए एक गाइडलाइन जरूर बनानी चाहिए। इसके साथ ही बयानवीर नेताओं पर एक्शन भी लेना चाहिए। अभी देश में दो मसले सुप्रीम कोर्ट में हैं। एक वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती और दूसरा तमिलनाडु में सरकार बनाम राज्यपाल के बीच टकराव की स्थिति। वक्फ संशोधन अधिनियम संबंधी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने दो दिन सुनवाई की है और आगे भी सुनवाई होगी। यह एक प्रक्रिया से हो रही है। अदालत अपना काम कर रही है, इसलिए किसी को भी अधीर होने की जरूरत नहीं है। वक्फ संशोधन अधिनियम के बाद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुए दंगे को रोकना राज्य सरकार का काम है, इसमें कोर्ट की कहीं से भी भूमिका नहीं है। सरकार जब कोई कानून बनाती है या संशोधन करती है, तो इसके परिणाम के लिए उसको तैयार रहने की जरूरत है। अगर सरकार वक्फ संशोधन अधिनियम के मामले में भी संवेदनशील क्षेत्र में सख्ती रखती तो मुर्शिदाबाद जैसी घटना नहीं होती। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी सरकार को पहले अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए, फिर राजनीति करनी चाहिए। सरकार में पदासीन रहते हुए अपना दायित्व निभाने के बजाय राजनीति करने से संविधान की शपथ का उल्लंघन होता है। ऐसे ही तमिलनाडु में राज्यपाल चुनी हुई सरकार के विधेयकों को नियम के दायरे में सकारात्मक भाव से लौटा सकते हैं, असीमित समय के लिए राज्यपाल किसी विधेयक पर कुंडली नहीं मार सकते हैं। सोचने वाली बात है कि एक सरकार को राज्यपाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा क्यों खटखटाना पड़ता है? कांग्रेस शासन में राज्यपालों ने केंद्र के एजेंट के रूप में राज्य सरकार के खिलाफ पदों का दुरूपयोग किया तो, इसका मतलब यह नहीं कि यह देश में परिपाटी ही बन जाय। भाजपा पार्टी विद डिफरेंस है तो राज्यपाल, मंत्री, सांसद, नेता के नैतिक मानकों में भी यह दिखना चाहिए। निशिकांत दुबे के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्रवाई की मांग करते हुए एक याचिका अटॉर्नी जनरल को दी गई है। हर सांसद को संविधान के अनुच्छेद-105 के तहत विशेषाधिकार प्राप्त है, लेकिन केवल जब वे संसद में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे होंगे तब। सदन के बाहर सांसद की कोई भी टिप्पणी अनुच्छेद-105 के तहत प्रोटेक्टेड नहीं है। सबको अपने कानून, संविधान, न्यायपालिका, संसद पर पूर्ण भरोसा होना चाहिए और अंतिम फैसले का इंतजार करना चाहिए।

# लोकतंत्र में टकराव ठीक नहीं



हस्तक्षेप
विनोद पाठक

तमिलनाडु सरकार की एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल और राष्ट्रपति को संविधान के अनुच्छेद 142 में दिए अधिकार का प्रयोग करते हुए तीन महीने के भीतर राज्य सरकार के बिल पास करने के आदेश दिए। सुप्रीम कोर्ट ने यहां तक कहा था कि तीन महीने के बाद यह बिल स्वत: पास मान लिए जाएंगे। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के इसी आदेश को लेकर आपत्ति जताई है। सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रपति को आदेश देने से बच भी सकता था। सवाल यह है कि क्या विधायिका और न्यायपालिका में टकराव की स्थिति लोकतंत्र के लिए सुखद है? क्या संवैधानिक संस्थाओं को अपने लिए एक लक्ष्मण रेखा निर्धारित नहीं करनी चाहिए? उप राष्ट्रपति की बातें विचार योग्य हैं।

क्या सुप्रीम कोर्ट को विधायिका के कार्य में हस्तक्षेप करना चाहिए और विधायिका को सुप्रीम कोर्ट के कार्यक्षेत्र में बाधा पहुंचानी चाहिए? यह प्रश्न इसलिए उठ रहा है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के हाल के एक फैसले को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तल्ख टिप्पणियां की हैं। दरअसल, पिछले दिनों तमिलनाडु सरकार की एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल और राष्ट्रपति दोनों को संविधान के अनुच्छेद 142 में दिए अधिकार का प्रयोग करते हुए तीन महीने के भीतर राज्य सरकार के बिल पास करने के आदेश दिए। सुप्रीम कोर्ट ने यहां तक कहा था कि तीन महीने के बाद यह बिल स्वतः पास मान लिए जाएंगे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के इसी आदेश को लेकर नाराजगी जताई है। सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रपति को आदेश देने से बच भी सकता था। सवाल यह है कि क्या विधायिका और न्यायपालिका में टकराव की स्थिति लोकतंत्र के लिए सुखद है? क्या संवैधानिक संस्थाओं को अपने लिए एक लक्ष्मण रेखा निर्धारित नहीं करनी चाहिए? उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट को लेकर जो बातें कहीं, वह विचार योग्य हैं। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बहुत विवेकशील थे। वे राष्ट्र कल्याण में गहरी आस्था रखते थे। उन्होंने तीन साल से भी कम समय में 18 सत्रों तक चर्चा की। कोई टकराव नहीं हुआ। कोई गड़बड़ी नहीं हुई। कोई व्यवधान नहीं हुआ। संवाद हुआ, बहस हुई, चर्चा हुई और विचार-विमर्श हुआ। उनके पास बेहद विवादास्पद मुद्दे थे, लेकिन उन्होंने नियम बनाया। न्यायाधीशों की नियुक्ति अनुच्छेद 124 के तहत की जाएगी। इसके लिए परामर्श बोर्ड का इस्तेमाल किया जाएगा। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि उस समय अनुच्छेद 124 को लेकर डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने महत्वपूर्ण बात की थी। उन्होंने कहा था कि मुझे लगता है कि मुख्य न्यायाधीश को न्यायाधीशों की नियुक्ति पर व्यावहारिक रूप से वीटो देने का अधिकार, वास्तव में मुख्य न्यायाधीश को अधिकार हस्तांतरित करना है, जिसे हम राष्ट्रपति या तत्कालीन सरकार में निहित करने को तैयार नहीं हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह भी एक आपत्तिजनक प्रस्ताव है। इसके बावजूद वर्ष 1993 में दूसरे न्यायाधीश के मामले में न्यायालय ने परामर्श की व्यवस्था सहमति के रूप में की। धनखड़ ने पूछा, क्या ऐसा किया जा सकता है? उप राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि संसद केवल कानून बना सकती है और कार्यपालिका एवं न्यायपालिका सहित अन्य संस्थाओं को जवाबदेह बना सकती है, लेकिन निर्णय लिखना, न्याय करना न्यायपालिका का ही विशेषाधिकार है, जैसे कानून बनाना संसद का काम है। उन्होंने प्रश्न किया कि क्या हम नहीं पाते कि इस स्थिति को चुनौती दी जा रही है? कार्यकारी शासन न्यायिक आदेशों द्वारा हो रहा है। जब सरकार लोगों द्वारा चुनी जाती है तो सरकार संसद के प्रति जवाबदेह होती है। सरकार चुनाव में लोगों के प्रति जवाबदेह होती है। उप राष्ट्रपति धनखड़ का यह कहना बिल्कुल उचित प्रतीत होता है कि संसद में आप सवाल पूछ सकते हैं, क्योंकि शासन कार्यपालिका द्वारा होता है, लेकिन अगर न्यायपालिका कार्यपालिका द्वारा शासन करती है तो हम सवाल कैसे पूछ सकते हैं? चुनाव में आप किसे जवाबदेद ठहराते हैं। उनका यह कहना सही है कि अब समय आ गया है कि जब हमारी तीनों संस्थाएं,



विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका, अपना दायित्व उत्तम तरीके से निभाएं। यह राष्ट्रहित में सबसे बेहतर तरीका है। उनका यह कहना भी उचित है कि किसी अन्य के क्षेत्र में कोई भी घुसपैठ चुनौती बन जाती है, जो अच्छी बात नहीं है। यह संतुलन बिगाड़ सकता है। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने अनुच्छेद 142 का जिक्र करते हुए यहां तक कहा कि लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ यह परमाणु मिसाइल जैसा बन गया है। यह न्यायपालिका के लिए 24 घंटे उपलब्ध है। उप राष्ट्रपति ने यह भी याद दिलाया कि न्यायाधीशों की नियुक्ति सिर्फ और सिर्फ राष्ट्रपति द्वारा की जाती है और उनके विरुद्ध कार्रवाई का अधिकार करने का एकमात्र अधिकार संसद को है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम प्रतिक्रिया मोड़ में न रहें। धनखड़ का इस बात को लेकर भी चिंता जताना जायज प्रतीत होता है कि अदालत राष्ट्रपति को आदेश कैसे दे सकती है? जज सुपर संसद की तरह काम कैसे कर सकते हैं? हालांकि, यह बात भी गौर करने योग्य है कि आखिर राज्यपाल कितना समय किसी बिल को पास करने के लिए लें, क्योंकि तमिलनाडु में जिस तरह से राज्यपाल ने बिलों को लंबे समय तक रोका, उसे भी उचित नहीं ठहराया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना उचित है कि राज्यपाल राज्य के कैबिनेट की सलाह पर निर्णय लेते हैं। तमिलनाडु में ऐसा कतई नहीं हो रहा था। इसलिए राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। सवाल यह है कि यदि बिलों को यूं ही रोका जाएगा तो राज्य सरकार जनहित के कानून कैसे लागू कर पाएगी? वैसे, विधायिका और न्यायपालिका में टकराव कोई नई बात नहीं है। वर्ष 1973 में केशवानंद भारती केस में ऐसा हुआ था। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि संसद संविधान संशोधित तो कर सकती है, लेकिन संविधान के बुनियादी ढांचे को छू नहीं सकती। उस समय तक संसद खुद को सर्वोच्च मानती थी, लेकिन कोर्ट ने उसकी शक्ति पर सीमा लगा दी थी। दो वर्ष बाद 1975 में भी इंदिरा गांधी बनाम राज नारायण केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी का चुनाव रद किया था, लेकिन संसद ने आनन-फानन में संविधान में 39वां संशोधन कर इस फैसले को निष्प्रभावी करने का प्रयास किया। इसके बाद आपातकाल के दौरान वर्ष 1975-77 के बीच संसद ने कई संविधान संशोधन किए, जिससे कोर्ट की शक्तियां सीमित की गईं। वर्ष 2015 में मोदी सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच टकराव की स्थिति बनी। सरकार ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग बनाया, ताकि जजों की नियुक्ति में पारदर्शिता हो, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दे दिया और कॉलेजियम सिस्टम को बहाल कर दिया। जैसा, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कह रहे हैं, जज सुपर संसद बन रहे हैं तो वो बात पिछले कुछ फैसलों में दिखती है। संसद द्वारा पारित कृषि कानूनों को सुप्रीम कोर्ट ने रोक दिया था। संसद द्वारा पारित नागरिकता संशोधन कानून पर प्रदर्शनकारियों से वार्ता के लिए कमेटी बनाई थी। वर्तमान में वक्फ संशोधन कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है, जबकि यह कानून भी संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित है। ऐसे समय में उप राष्ट्रपति का न्यायपालिका पर सवाल उठाना एक महत्वपूर्ण बात है। क्या कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका को अपनी सीमाएं निर्धारित नहीं करनी चाहिए? क्या इन्हें लक्ष्मण रेखा पार करनी चाहिए? शायद लोकतंत्र के लिए यही सुखद बात होगी। यदि इन संस्थाओं के बीच टकराव की स्थिति बनती है तो अपना लोकतंत्र कमजोर होता है। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रहे हैं। उन्हें संविधान विशेषज्ञ माना जाता है। ऐसे में उन्होंने जो सवाल उठाए हैं, उन पर गहनता से विचार-विमर्श होना चाहिए। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों पर भी गौर किया जाना चाहिए।

(लेखक पत्रकार व राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



डल झील कांगड़ा जिले के तोता रानी गांव के पास स्थित एक सुरम्य झील है जिसकी गिनती हिमाचल प्रदेश की सबसे खूबसूरत झीलें (में की जाती है। यह झील पिकनिक स्पॉट के रूप में भी फेमस है जो पहाड़ों और ऊंचे देवदार के पेड़ों से घिरी हुई है।

## 26/11 मुंबई हमले के आतंकी सरगना तहव्वुर राणा से पूछताछ

# क्या 'भगवा आतंकवाद' की थ्यौरी का मास्टरमाइंड सामने आ सकेगा?



रमेश शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

*26/11 मुम्बई आतंकी हमले का 'मास्टरमाइंड' तहव्वुर राणा भारत आ गया है। आतंकी हमले से संबंधित अनेक प्रश्न अब तक अनुत्तरित हैं। इनमें एक भारत में आतंकवादियों की जड़ों का है और दूसरा आतंकी हमलों को 'भगवा' रंग लपेटकर प्रचारित करने के 'मास्टरमाइंड' का है। आशा की जा रही है कि पूछताछ में सभी रहस्य सामने आ सकेंगे। तहव्वुर राणा और हैडली मुंबई हमले के दो मास्टरमाइंड थे। कसाब के जिंदा पकड़े जाने के बाद ही तहव्वुर राणा और हेडली नाम आए थे। जिस तैयारी से ये आतंकवादी मुंबई आए थे। उसी में यह झलक रहा था कि वे इस हमले को भगवा आतंकवाद के शोर से जोड़ने की तैयारी से चले थे। इसका प्रमाण जिंदा पकड़े गए आतंकवादी अजमल कसाब के हाथ में बंधा कलावा था। उसके पहचान पत्र में उसका नाम समीर दिनेश चौधरी और निवास का पता 254, टीचर्स कॉलोनी, नगराभावी, बेंगलुरु लिखा था। अकेले कसाब ही नहीं सभी आतंकवादियों के हाथ में कलावा बंधा था और सबके अपने पहचान पत्र हिंदू नाम से बने थे। भगवा आतंकवाद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को घेरने का यह षडयंत्र 2002 में गोधराकांड के बाद आरंभ हुआ था। गोधरा में कारसेवकों को घेरकर मारने वाली वह हजारों की भीड़ कौन थी उसके हजारों तस्वीरें थीं फिर भी भगवा आतंकवाद का नारा उछालकर गुजरात के दंगों के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को घेरने का कुचक्र हुआ। इसे समझौता एक्सप्रेस के विस्फोट में भी दोहराया गया और मालेगांव विस्फोट के बाद तो केंद्र और राज्य सरकार के कूछ सूत्र भी जुड़े और कूटरचित प्रमाण भी जुटाए गए। इस प्रयास में कांग्रेस के कुछ नेता, पत्रकार और छद्म सेकुलर बुद्धिजीवियों का एक समूह था। कांग्रेस की ओर से दिग्विजय सिंह और एक उर्दू पत्रकार अजीज बर्नी अगुआ थे। अजीज बर्नी उन दिनों दिल्ली के एक उर्दू समाचारपत्र के संपादक थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को निशाना बनाते हुए भगवा आतंकवाद पर उन्होंने कई लेख लिखे। बाद में उनके लेखों के संकलन के रूप में पुस्तक भी प्रकाशित हुई। इस पुस्तक का विमोचन दिल्ली और मुंबई दो स्थानों पर हुआ। दोनों आयोजनों में कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह उपस्थित थे। अजीज बर्नी ने पुस्तक की प्रति आतंकी हमले में मारे गए पुलिस अफसर हेमंत करकरे की पत्नि को भी भेंट की गई। करकरे ने ही मालेगाँव ब्लास्ट की जांच की थी। उन पर साध्वी प्रज्ञा भारती ने झूठे सबूत गढ़ने और अमानुषिक यातनाएं देकर कागजों पर हस्ताक्षर कराने का आरोप लगाया था। 26/11 हमले पर अजीज बर्नी के लेखों के संकलन इस पुस्तक का नाम- 26/11 : भारत के इतिहास सबसे बड़ा हमला था।*

## आर्थिक
डॉ. सपना बंसल



# अर्थव्यवस्था को बनाए रखने में बुनियादी मूल्य भी जरूरी

आजकल अमेरिका और चीन का व्यापारिक युद्ध हर खासोआम के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। अमेरिका और चीन जो आज विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, क्या उनका यह व्यापारिक बर्ताव किसी अर्थव्यवस्था के लंबे समय तक स्थिर रूप से विकसित होने के लिए सही है, इसका उत्तर कदापि नहीं है। आज दुनिया कठिन समय से गुजर रही है। यूक्रेन और मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण निर्दोष लोगों की जाने जा रही हैं। वैश्विक वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति बाधित हो रही है। हम दुनिया भर में लोकतंत्र के मूल्यों का ह्रास होते देख रहे हैं। ऐसे नेताओं का उदय हो रहा है जिन्हें केवल अपनी सत्ता की परवाह है, आम लोगों के लिए उनके मन में कोई सहानुभूति या चिंता नहीं है। गौरतलब है कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका ने विश्व को पूर्ण स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। तत्कालीन अमेरिका के 32वें राष्ट्रपति रहे फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट ने कहा था कि अमेरिका विश्व के लिए क्या कर सकता है, यह उसका कर्त्तव्य ही नहीं है अपितु मौलिक धर्म भी है, इसी उद्देश्य से अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध से प्रभावित देशों को आर्थिक और राजनीतिक सहायता भी प्रदान की। मार्शल योजना से यूरोपीय देशों को पूर्ण निर्माण और आर्थिक विकास के लिए कुल 13 बिलियन डॉलर की सहायता के तहत उसने भोजन, मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुएं प्रदान की, ताकि वे देश अपनी अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा कर पाएं। इन सब प्रयासों के साथ ही अमेरिका विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का संस्थापक सदस्य भी रहा था। इन संगठनों का मकसद वैश्विक स्तर पर आर्थिक स्थिरता और समृद्धि हासिल करना था। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र की स्थापना भी 24 अक्टूबर 1945 को हुई जिसमें अमेरिका ने अपनी एक अहम भूमिका निभाई और जोर दिया कि भविष्य में युद्ध को रोका जा सके। आज अमेरिका का दूसरा ही रुख देखने को मिल रहा है और विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का यह सम्बोधन करना कि आपके लिए अमेरिका क्या कर रहा है यह मत पूछो, अपितु आप अमेरिका के लिए क्या कर सकते हैं यह सोचने का विषय है। ट्रंप के इस संबोधन ने हम सबको यह सोचने के लिए मजबूर कर दिया है कि क्या दुनिया निःस्वार्थ, विश्वास और एक-दूसरे के परस्पर सहयोग के बिना चल सकती है। कुछ समय के लिए ऐसा मुमकिन है किंतु अगर हम सदियों तक पृथ्वी पर जीवित रहना चाहते हैं तो इस मानसिकता के साथ यह ग्रह हमें अपने ऊपर आश्रय नहीं देगा क्योंकि यह पृथ्वी लोहे और सीमेंट के मजबूत स्तंभों पर नहीं खड़ी है अपितु पृथ्वी की संरचना मनुष्य के विश्वास, इंसानियत, सत्य, अहिंसा और पुरुषार्थ से बनी हुई है जो अभी भी धरती पर कहीं ना कहीं जीवंत है। तात्पर्य यह है कि धरती पर आज भी इंसानियत नामक धर्म फल-फूल रहा है और मनुष्य सांस ले रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो अपने हित को ही सर्वप्रथम रखते हैं वह भूल बैठे हैं कि सिर्फ मुनाफे की चाह काफी नहीं होती। महान अर्थशास्त्री एडम स्मिथ का कहना था कि किस तरह मुक्त बाजार और व्यक्तिगत उद्यम से समाज का भला हो सकता है, अगर स्वार्थ में मुनाफे की लालसा को बुनियादी मूल्यों से अलग कर दिया जाए तो वह प्रणाली निसंदेह आर्थिक विनाश की ओर ले जाएगी।

(लेखिका एसोसिएट प्रोफेसर, बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती

### बांग्लादेश का हिंदू किसके भरोसे?

विश्व के अनेक देशों में आज युद्ध की जो स्थिति बनी हुई है, वैसा ही संकट बांग्लादेश में उत्पन्न हो रहा है। इस संकट का बीजारोपण आज नहीं, बल्कि धर्म और जिहाद की आड़ में वर्षों पहले ही रोपित हो चुका था। बांग्लादेश, जो कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भारत का घनिष्ट पड़ोसी है, वहां अल्पसंख्यक समुदाय, विशेष रूप से हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार न केवल मानवाधिकारों का हनन है, बल्कि यह क्षेत्रीय स्थिरता और भारत-बांग्लादेश संबंधों के लिए भी चुनौती बन गया है। बीते कुछ वर्षों में, बांग्लादेश में चरमपंथी ताकतों का उभार हुआ है और उनके हाथों में सत्ता की चाबी आने के बाद से स्थिति और भी विकट हो गई है। बांग्लादेश में हिंदू लंबे समय से उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। *–जगदीश यादव, रायपुर*

## करंट अफेयर

# अंतरिक्ष स्टेशन से 2 रूसी और 1 अमेरिकी यात्री लौटे



अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से दो रूसी और एक अमेरिकी यात्री को लेकर सोयूज कैप्सूल रविवार को कजाकिस्तान में उतरा और इसके साथ ही उनका सात महीने का शोध कार्य समाप्त हो गया। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी 'रोस्कोस्मोस' के अनुसार, रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी ओविचिनिन और इवान वैगनर तथा अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अंतरिक्ष यात्री डॉन पेटिट को लेकर अंतरिक्ष यान सुबह 6:20 बजे जेज्काजगान शहर के पास कजाख मैदान पर उतरा। रोस्कोस्मोस ने कहा कि बिना किसी परेशानी के पैराशूट की सहायता से लैंडिंग हुई। नासा ने एक बयान में कहा कि तीनों यात्री अंतरिक्ष में 220 दिन बिताने और पृथ्वी की 3,520 बार परिक्रमा करने के बाद वापस लौटे हैं। एजेंसी ने बताया कि संयोग से पेटिट ने रविवार को अपना 70वां जन्मदिन मनाया। नासा ने कहा कि चालक दल कजाकिस्तान के कारागांडा में रिकवरी स्टेजिंग क्षेत्र में वापस लौटेगा, जिसके बाद पेटिट नासा के विमान में सवार होकर ह्यूस्टन में एजेंसी के जॉनसन स्पेस सेंटर के लिए रवाना होंगे। वहीं रोस्कोस्मोस ने कहा कि ओविचिनिन और वैगनर रूस के स्टार सिटी में एक प्रशिक्षण बेस के लिए रवाना होंगे।

## ऑफ बीट

# ईस्टर अंडे और नियमित चॉकलेट के बीच अंतर



ईस्टर के मौके पर आपने सुपरमार्केट की अलमारियों में चॉकलेट ईस्टर अंडे देखे होंगे। चॉकलेट ईस्टर अंडे ईस्टर की छुट्टियों के दौरान दिए जाने वाले चॉकलेट के अंडे होते हैं, जो आमतौर पर चॉकलेट से बने होते हैं। जैसा कि हम देखते हैं कि कोई भी अंतर सामग्री के बारे में नहीं बल्कि इस बात पर अधिक निर्भर करता है कि हम चॉकलेट खाते समय उसका अनुभव कैसे करते हैं। जब हमने ईस्टर एग चॉकलेट और उसी कंपनी की नियमित चॉकलेट के अवयवों और पोषक तत्वों की तुलना की, तो हमें कोई बड़ा अंतर नहीं मिला। कैडबरी डेयरी मिल्क खोखले ईस्टर अंडे और कैडबरी डेयरी मिल्क चॉकलेट ब्लॉक दोनों में प्रति 100 ग्राम शामिल हैं। इनने लगभग 2,200 किलोजूल ऊर्जा, 7 ग्राम प्रोटीन, 31 ग्राम वसा, 55 ग्राम चीनी मिली दोनों उत्पादों में न्यूनतम 24 प्रतिशत दूध ठोस पदार्थ होते हैं। अंडे में कोको ठोस पदार्थ (28 प्रतिशत) ब्लॉक (27 प्रतिशत) की तुलना में थोड़ा अधिक होता है। तो यदि उनमें लगभग एक जैसे ही तत्व हैं, तो फिर और क्या हो रहा है? ईस्टर चॉकलेट और नियमित चॉकलेट के बीच का अंतर इस बात पर अधिक निर्भर करता है कि हम चॉकलेट के स्वाद को कैसे अनुभव करते हैं – स्वाद, बनावट और गंध के माध्यम से।

## ट्रेंड

### ईस्टर की शुभकामनाएं



सभी को ईस्टर की हार्दिक शुभकामनाएं। यह ईस्टर इसलिए खास है क्योंकि दुनिया भर में जयंती वर्ष को बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह पवित्र अवसर हर व्यक्ति में आशा, नवीनीकरण और करुणा की भावना जगाए। चारों ओर खुशियाँ और सद्भावना हो।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सपा की नीयत में खोट



कांग्रेस व भाजपा की तरह सपा भी अपनी नीयत व नीति में खोट के कारण कभी भी दलितों-बहुजनों की सच्ची हितैषी नहीं हो सकती है, जबकि बीएसपी 'बहुजन समाज' को शासक वर्ग बनाने को समर्पित व संघर्षरत रही है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### नेहरू ने साहस दिया



नेहरू ने हमें राजनीति नहीं सिखाई, उन्होंने हमें डर का सामना करना और सच्चाई के लिए खड़ा होना सिखाया। उन्होंने भारतीयों को उत्पीड़न का विरोध करने और अंततः स्वतंत्रता का दावा करने का साहस दिया।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### भाजपा का महा-भ्रष्टाचार



महाराष्ट्र में एक पुलिस ऑफिसर द्वारा ये खुलासा किया जाना कि ईवीएम में धांधली करने के लिए उसके खाते में भाजपाइयों ने 10 लाख रुपये डलवाए, भाजपा के महा-भ्रष्टाचार का महा-भंडाफोड़ है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

1971 से 2024 तक के कैडेट्स हुए शामिल

# एलुमनी मीट: लोअर लेक पर जुटे देशभर के नेवल एनसीसी कैडेट्स और ऑफिसर्स, सुनाए अनुभव




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमपी नेवल यूनिट एनसीसी एलुमनी एसोसिएशन द्वारा नेवल एनसीसी कैडेट्स की एलुमनी मीट रविवार को राजधानी के लोअर लेक स्थित एमपी क्याकिंग केनोईंग एसोसिएशन क्लब (पुराना फिश एक्वेरियम) के सामने आयोजित की गई।

समवन फॉर समवन थीम यानि किसी और के लिए कुछ करना, यानी समाज के लिए सेवा करना पर आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से पूर्व नेवल कैडेट्स और ऑफिसर्स शामिल हुए।



### कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं

इस अवसर पर 1971 के पहले बैच से लेकर 2024 तक के नेवल एनसीसी कैडेट्स और ऑफिसर्स एक साथ जुटे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं, साथ ही पूर्व कैडेट्स ने अपने अनुभव साझा किए और वर्तमान कैडेट्स को प्रोत्साहित किया।

# ज्यादा देर भूखे रहेंगे तो बन जाएगा गाल ब्लैडर में स्टोन

**भोपाल सर्जिकल सोसाइटी द्वारा 'सर्ज लाइव 3.0' कांफ्रेंस का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यदि आप ज्यादा देर तक भूखे रहते हैं तो आपके गाल ब्लैडर में स्टोन बनने का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल, लिवर में पित्त बनता है, जो एक छोटी सी नली के द्वारा एक बैग में जाता है। जिसे गाल ब्लेडर या पित्त की थैली कहते हैं। यदि पित्त की थैली में पित्त और कोलेस्ट्रॉल का संतुलन बिगड़ता है तो स्टोन बन जाता है। यही स्थिति ज्यादा देर तक भूखे रहने से भी बनती है। यह जानकारी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. अतुल कुमार अग्रवाल ने रविवार को भोपाल सर्जिकल सोसाइटी द्वारा आयोजित 'सर्ज लाइव 3.0' कांफ्रेंस में दी।



### समय पर इलाज जरूरी

एक निजी होटल में आयोजित कांफ्रेंस में डॉ. अग्रवाल ने बताया कि अधिक गैस बनना और पेट फूलना जैसी समस्याएं महसूस करते हैं तो गाल ब्लैडर में स्टोन के संकेत हो सकते हैं। जिसका समय पर इलाज जरूरी है, ऐसा ना कराने पर यह गाल ब्लैडर फटने या जॉन्डिस जैसे गंभीर स्थिति का कारण बन सकता है। राजधानी में चार प्रतिशत आबादी इससे पीड़ित है।

### कांफ्रेंस में 60 से अधिक सर्जन हुए शामिल

कांफ्रेंस कॉडिनेटर डॉ. राजीव शारदा ने बताया कि 'सर्ज लाइव 3.0' कांफ्रेंस में देश के शीर्ष सर्जनों ने लाइव सर्जरी, पैनल चर्चाएं और तकनीकी सत्र प्रस्तुत किए। कांफ्रेंस में हर्निया सर्जरी, गाल ब्लैडर की बीमारियां और लेप्रोस्कोपिक कॉम्प्लिकेशन जैसे विषयों पर चर्चा हुई। कांफ्रेंस में राजधानी के डॉ. एमके सक्सेना, डॉ. एसके निगम, डॉ. बीएम लोया, डॉ. शेखर श्रीवास्तव, डॉ. कृष्णानंद, डॉ. योगीराज शर्मा, डॉ. अनुराधा चौधरी समेत 60 से अधिक सर्जन शामिल हुए।

### डॉ. पाटनकर ने सर्जरी का दिया लाइव डेमोंस्ट्रेशन

भोपाल सर्जिकल सोसाइटी के मीडिया प्रभारी डॉ. आईके चुघ ने बताया कि राजधानी समेत पूरे मप्र में सबसे ज्यादा सर्जरी गाल ब्लैडर में स्टोन और हर्निया से जुड़े रोग की होती है। इसमें भी कई केस ऐसे होते हैं, जिनकी सर्जरी मुश्किल होती है। इस तरह के केस को समझाने के लिए ही मुंबई से 25 मरीजों की सर्जरी का लाइव टेलीकास्ट 'सर्ज लाइव 3.0' कांफ्रेंस में किया गया। जिसे भोपाल के 60 समेत देशभर के चार हजार लेप्रोस्कोपिक सर्जनों ने लाइव देखा। मुंबई से आर्गेनाईजिंग चेयरमैन डॉ. राय पाटनकर ने सर्जरी का लाइव डेमोंस्ट्रेशन दिया। जिसमें दूरबीन पद्धति से गाल ब्लेडर सर्जरी की जटिलताओं को समझाया और उसके उपाय बताए गए।

### जीवनशैली में बदलाव से बढ़े हर्निया केस

लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. शेखर श्रीवास्तव ने कांफ्रेंस में बताया कि बीते एक दशक में हर्निया के पांच से आठ प्रतिशत से अधिक मामले बढ़े हैं। इसका प्रमुख कारण जीवनशैली में बदलाव है। इसकी दूरबीन पद्धति से सर्जरी करने से मरीज का काफी समय बचता है। वो जल्द रिकवर होता है। जिससे जल्द काम पर लौट सकता है। इसके साथ मरीज को सर्जरी के दौरान और बाद में कम दर्द होता है।

## खबर संक्षेप

### पार्किंग में खड़े डीजल टैंकर में लगी आग, मचा हड़कंप



**भोपाल।** बैरसिया रोड स्थित लांबाखेड़ा में रविवार शाम करीब पौने सात बजे पार्किंग में खड़े डीजल टैंकर में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की लपटें उठते देख आसपास के रहवासियों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। करीब 15-20 मिनट बाद गांधीनगर फायर स्टेशन से एक दमकल पहुंची और आग को पूरी तरह से काबू में कर लिया। घटना में टैंकर के पीछे के टायर पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। यह घटना ईंटखेड़ी बाईपास पर स्थित चौरसिया ढाबे के पीछे बनी एक निजी पार्किंग की है। दमकल कर्मी आग के कारणों की जांच कर रहे हैं, लेकिन शुरुआती अनुमान यही है कि बिजली के तारों से निकली चिंगारी ही आग की वजह बनी।

### सड़े-गले फल बेचने पर व्यापारियों पर लगाया स्पॉट फाइन



**भोपाल।** नगर निगम के जोन 9 में रविवार को सड़े-गले फल बेचने वाले विक्रेताओं के खिलाफ अभियान चलाकर स्पॉट फाइन किया गया। जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बलवीर मालिक ने बताया कि गंदगी फैलाने वालों के साथ-साथ निगम ऐसे फल व सब्जी विक्रेता पर भी स्पाट फाइन की कार्रवाई करता है, जो नागरिकों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। चूंकि भोपाल स्टेशन के पास बड़ी संख्या में यात्री आते हैं। उनको कम दम में विक्रेता ऐसे साढ़े गले फल अच्छा बताकर बेच देते हैं। जिनको खाने से नागरिकों की सेहत खराब होती है। इसके मद्देनजर फल विक्रेताओं के खराब फल नष्ट कर स्पॉट फाइन किया गया।

**प्रदेशभर के सवा दो लाख बच्चे तारीख के इंतजार में**

# 'शिक्षा के अधिकार में' इस बार भी विभाग की देरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग हर बार की तरह इस बार भी आरटीई (शिक्षा का अधिकार) प्रवेश प्रक्रिया को समय पर शुरू नहीं कर सका है। हाल ही में विभाग द्वारा गाइडलाइन जारी की गई है, लेकिन किस तारीख से प्रवेश शुरू होंगे और कब तक चलेंगे, इसको लेकर अभी भी असमंजस बरकरार है। ऐसे में प्रदेश के करीब सवा दो लाख बच्चों को तारीख का आवेदन शुरू होने की तारीख जारी होने इंतजार है।

वहीं, अभिभावक इस चिंता में है कि प्रदेशभर के निजी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है, ऐसे में इस लेटलतीफी में बच्चों को भविष्य संकट में न पड़ जाए। उल्लेखनीय है कि बीते साल भी आरटीई को लेकर अभिभावकों और अन्य सामजिक संगठनों द्वारा विरोध दर्ज कराया गया था। जिसके बाद जून में आरटीई के बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो पाई थी।

*स्कूल शिक्षा विभाग स्कूलों की मान्यता के काम में उलझा*

*इधर, सत्र शुरू हुए 20 दिन बीते*




### प्रवेश प्रक्रियाधीन है...

आरटीई प्रवेश का विषय प्रक्रियाधीन है। इस संबंध में जैसे ही कोई नए दिशा-निर्देश जारी होंगे, मीडिया एवं आरटीई पोर्टल के माध्यम से जनसामान्य को अवगत कराया जाएगा।

■ **अमिताभ अनुरागी**, मीडिया प्रभारी, आरएसके

### 26 अप्रैल तक कार्यपूर्णता का प्रमाण पत्र मांगा

दरअसल, शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा की 25 फीसदी आरक्षित सीटों पर सत्र 2025-26 के लिए निःशुल्क प्रवेश किए जाने हैं। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा हाल ही में इसको लेकर निजी स्कूलों तथा जिला परियोजना समन्वयकों के लिए नए आदेश जारी किए गए हैं। जिसमें कहा गया है कि स्कूलों की पूर्ण जानकारी अपलोड करने और जांचने की बात कही गई है। सभी प्रकार की प्रक्रियाओं को पूरा कर निजी स्कूल, बीआरसी और जिला परियोजना समन्वयक स्तर से 26 अप्रैल तक कार्यपूर्णता का प्रमाण पत्र मांगा गया है। इसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। ऐसे में यह तो स्पष्ट है कि अप्रैल माह में आवेदन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकेगी। विद्यार्थियों और अभिभावकों को मई तक इंतजार करना होगा।

## गर्भपात की दवा बिना बिना डॉक्टरों के पर्चे के दी तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिना डॉक्टर के पर्चे के अगर दवा विक्रेताओं ने गर्भपात की दवा बेची तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दवा विक्रेताओं को इन दवाइयों की खरीदी और बिक्री का रिकॉर्ड भी रखना आवश्यक होगा। औषधि निरीक्षकों द्वारा समय-समय पर मेडिकल स्टोर्स में इन दवाओं के क्रय विक्रय की जांच की जाएगी। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देश दिए हैं कि गर्भपात के चिकित्सकीय समापन हेतु उपयोग में लाई जाने वाली दवाइयां, औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940/1945 के अंतर्गत शेड्यूल एच में शामिल हैं।

**सीएमएचओ ने दिए दवा विक्रेताओं को खरीदी-बिक्री का रिकॉर्ड रखने के निर्देश**

इन दवाओं की बिक्री और वितरण पंजीकृत चिकित्सक के प्रिस्क्रिप्शन पर ही किया जा सकता है। यदि किसी दवा विक्रेता द्वारा शासन के नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1945 के नियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

**नवीन पीजी कॉलेज में हुआ व्याख्यान**

## हम एक श्रेष्ठ नागरिक बनकर बाबा साहेब को दे सकते हैं सच्ची श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा राजधानी स्थित शासकीय नवीन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में व्यख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वालित कर अमिताभ श्रीवस्ताव द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मप्र जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक अमिताभ श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का संपूर्ण जीवन विपरीत परिस्थितियों में साहस न खोकर संघर्ष करते हुए अपने आप को श्रेष्ठ मानव के रूप में विकसित करने का उच्चतम प्रमाण है डॉक्टर आंबेडकर ने अपने जीवन के अंतिम समय तक समाज में समता लाने एवं समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने हेतु प्रयास किया। आज के समय यदि हम बाबा साहब के दिखाएं मार्ग पर चलना चाहते हैं तो हमें उनके द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करना होगा एवं हम एक श्रेष्ठ नागरिक बनकर बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

### विधार्थियों ने लिया संकल्प

कार्यक्रम में जिला समन्वयक कोकिला चतुर्वेदी, नंदकिशोर मालवीय एवं टीना शर्मा उपस्थित रहे। छात्र छात्राओं को बाबा साहेब द्वारा शिक्षा एवं अन्य क्षेत्र में किए गए योगदान और संदेशों को प्रसारित किया गया। अंत में सभी विद्यार्थियों ने महापुरुषों की पुस्तकों को पढ़ने और अपने जीवन में अमल लाने के लिए संकल्प लिया।

## 'बार बार' विषय पर काव्य गोष्ठी का किया आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी की चर्चित संस्था प्रभात साहित्य परिषद द्वारा 'बार बार' विषय पर काव्य गोष्ठी का आयोजन हिंदी भवन के नरेश मेहता कक्ष में गीतकार अशोक निर्मल की अध्यक्षता, साहित्य मर्मज्ञ राजेंद्र शर्मा 'अक्षर' के मुख्य आतिथ्य तथा वरिष्ठ रचनाकार डॉ. नीता खरे के विशेष आतिथ्य एव चंद्रभान राही के संचालन में किया गया। पिछली काव्य गोष्ठी सर्वश्रेष्ठ चुनी गई रचना 'बीवी का पर्स' के लिए संजय आरजू को सरस्वती प्रभा सम्मान दिया गया। इसके बाद गोष्ठी के विषय पर हीरालाल पारस, रमेश नन्द, कुसुम श्रीवास्तव, संजय सोनटक्के, संत कुमार संत, कमल सिंह कमल, प्रदीप कश्यप, दिनेश भदोरिया, डॉ. सीमा अग्रवाल, डॉ.अनीता तिवारी, विरोनिका, ज्योत्सना खोले हरिओम श्रीवास्तव, शोभा जोशी, विजय पंथी ने अपनी रचनाएं सुनाईं। अंत में सभी औपचारिक आभार रमेश नन्द ने व्यक्त किया।

**महिला का आरोप-हेड कांस्टेबल ने की मारपीट**

## चेकिंग के दौरान महिला से छेड़छाड़ करने वाले हेड कांस्टेबल को डीसीपी कार्यालय भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अवधपुरी तिराहा पर वाहन चेकिंग कर रहे हेड कांस्टेबल द्वारा महिला से मारपीट का मामला लगातार तूल पकड़ते जा रहा है। मामले के तूल पकड़ने के बाद आनन-फानन में खानापूर्ति करने हेड कांस्टेबल को थाने से डीसीपी कार्यालय अटैच कर दिया है, जबकि हेड कांस्टेबल के साथ ड्यूटी कर रहे कांस्टेबल को निर्दोष बताते हुए उस पर कार्रवाई नहीं गई। आलाधिकारी अब हेड कांस्टेबल के खिलाफ जांच की बात कह रहे हैं।

महिला थाना पुलिस ने बताया कि प्रगति नगर ऋषिपुरम निवासी 33 वर्षीय महिला प्राइवेट काम करती हैं। 16 अप्रैल को वह अपने घर के समीप एक दुकान पर सामान खरीदने गईं थी। दुकान के सामने अपनी उसने स्कूटी खड़ी की और खरीदारी करने लगीं। इस दौरान कॉलोनी के तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे अवधपुरी थाने के प्रधान आरक्षक अतुल चौकसे और कांस्टेबल जितेन्द्र पहुंचे। वे महिला की गाड़ी के दस्तावेज मांगने लगे। उन्होंने बताया कि दस्तावेज घर में रखे हैं। इस पर अतुल चौकसे महिला को धमकाने लगा कि गाड़ी कोर्ट से छुड़ा लेना। वह अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा तो महिला ने विरोध किया।

इस दौरान अतुल चौकसे ने उनके चरित्र पर सवाल उठाते हुए गालीगलौज शुरू कर दी। महिला ने गालीगलौज करने से मना किया तो अतुल चौकसे ने उससे मारपीट शुरू कर दी। युवती के कान-मुंह से खून बहने लगा। यह देख दोनों भागने लगे। महिला ने दोनों ने वीडियो भी बनाया। धमकी दी कि थाने में शिकायत करने गई तो वायरल कर देंगे।

### गोविंदपुरा पुलिस ने कराया मेडिकल

घटना की शिकायत लेकर महिला गोविंदपुरा थाने पहुंची। पुलिस को घटना के बारे में बताया। गोविंदपुरा पुलिस ने महिला को मेडिकल के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की। उन्हें पुलिस ने महिला थाने में एफआईआर दर्ज कराने की सलाह देकर चलता कर दिया। पीड़िता महिला थाने पहुंची। करीब 12 घंटे तक उन्हें थाने में बैठाए रखा गया और बाद में एफआईआर दर्ज कर ली।

## स्थानीय खेल समाचार

## जन्मेजय सक्सेना ने जीता ओपन टेनिस टूर्नामेंट का टेनिस खिताब






**भोपाल।** राजधानी के उभरते टेनिस खिलाड़ी जन्मेजय सक्सेना ने भेल में खेली जा रही ओपन टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-12 बालक वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा मैत्री पाटीदार, काश्वी ठुकराल व रिजिक पटेल ने भी अपने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते।

अंडर-12 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में जन्मेजय सक्सेना ने तनुश्रीवीर को 6-4 से पराजित कर खिताब जीता। बालिका अंडर 12 के फाइनल में मैत्री पाटीदार ने मौसमी यादव को 6-5 (7-5) से पराजित कर खिताब पर अधिकार जमाया। महिलाओं के फाइनल मुकाबले में काश्वी ठुकराल ने खुशी सेन को आसानी से 6-2 से शिकस्त देकर खिताब जीता। वहीं पुरुष वर्ग के खिताबी मुकाबले में रिजिक पटेल ने इच्छित इच्छित गडपाले को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया। समापन अवसर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

### खेलो इंडिया बिहार के लिए वेटलिफ्टर भोपाल से हिमांशु और परी का चयन



**भोपाल।** बिहार में पहली बार चार से 15 मई तक होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के लिए भोपाल के खेल एवं यूवा कल्याण विभाग के वेटलिफ्टिंग खेल से हिमांशु ओर परी बेलदार का चयन हुआ है। इनका चयन 68वें नेशनल स्कूल गेम्स जो हाल ही में मणिपुर में हुए थे, में पदक जीतने से किया गया है।

इन सभी खिलाड़ी का खेलो इंडिया कैंप भोपाल में खेल एवं युवा कल्याण विभाग टीटी नगर स्टेडिम में लगाया जाएगा, जिसमें एनआईएस कोच कान्हा त्यागी प्रशिक्षण देंगे।

## आरएनटीयू की कॉरपोरेट टीम बनी स्व. अरविंद चतुर्वेदी टूर्नामेंट की उपविजेता




**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की कॉरपोरेट टीम 13वें स्व. अरविंद चतुर्वेदी टूर्नामेंट में उपविजेता बनी। टीम ने लीग मैचों में पूल टॉप किया था। टीम के खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। टीम के कप्तान वीरेंद्र मीणा की अगुवाई में टीम ने फाइनल मैच तक का सफर तय किया। टीम के विस्फोटक बल्लेबाज स्पोर्ट्स आफिसर सतीश अहिरवार और दिपांशु सिंह सोलंकी के बेहतरीन बल्लेबाजी से टीम फाइनल तक पहुंची। गेंदबाज देवेंद्र पांचाल उदय राहुल शिंदे, सौरभ और सागर की फिरकी में कई बेहतरीन बल्लेबाज आउट हुए।

टीम में जितेंद्र बागरे, विभाष मंडल, मनोज सिंह मनराल जुबेर अली, विकास सक्सेना, विजय प्रताप, रीतिक, सोनू शामिल रहे। विश्वविद्यालय की प्रो चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलपति प्रोफेसर रवि प्रकाश दुबे, प्रो. वाइस चांसलर डॉ. संजीव गुप्ता और कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी ने टीम को उपविजेता बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

### सेंट माइकल अकादमी शानदार जीत के साथ सेमीफाइनल में

**भोपाल।** स्व. साद मेमोरियल अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को सेंट माइकल अकादमी ने हिमांशु गुर्जर के शानदार 57 रन, और 3 विकेट और जुल्फिकार के शानदार 4 विकेट के प्रदर्शन की बदौलत आरसीसी को 130 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज खेले गए इस मुकाबले में सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी की तरफ से अविनाश ने 70, हिमांशु गुर्जर ने 57 रन का योगदान दिया।

इन दोनों बल्लेबाजों के योगदानों के सहारे सेंट माइकल ने 205 रनों का लक्ष्य रखा। जवाबी पारी खेलती उतरी आरसीसी की टीम मात्र 75 रनों पर ऑल आउट हो गई । हिमांशु गुर्जर ने 3 , जुल्फिकार ने चार विकेट प्राप्त किए। इस तरह सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी ने यह मैच 130 रनों से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच हिमांशु गुर्जर रहे।

**अहद खान बने मैन आफ द मैच**

## विश्वास सारंग अकादमी ने वाजपेयी अकादमी को 154 रन से हराया

**भोपाल।** राजधानी में चल रहे 6वीं स्व.साद अंसारी मेमोरियल बीडसीए एफ़िलिएटेड क्रिकेट टूर्नामेंट अंडर 14 इंटर-क्लब एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने के फैसला लिया। टीम ने निर्धारित 35 ओवर में 6 विकेट खोकर 248 रन बनाए। बल्लेबाज़ी में अहद खान ने शानदार 100 रन बनाए जबकि मेहदांश ने उपयोगी 39 रन की पारी खेली। गेंदबाज़ी में अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट अकादमी की ओर से संस्कार, अभिनव और ओम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 2-2 विकेट झटके। 249 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम मात्र 95 रन पर सिमट गई। विश्वास सारंग क्रिकेट ऐकेडमी की ओर से वंश बाथम ने 3और प्रियांश ने 2 विकेट लेकर टीम को शानदार जीत दिलाई। अहद खान को उनकी शतकीय पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।






# पृथ्वी को संरक्षित रखने में ग्रीन हाइड्रोजन निभा सकता है बेहद महत्वपूर्ण भूमिका

**विश्व पृथ्वी दिवस**

## एमआईटी-वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी पुणे में ग्रीन हाइड्रोजन के विकास पर हो रहा शोध

पुणे से लौटकर मधुरिमा राजपाल ⏭ भोपाल

आज सम्पूर्ण विश्व में ग्लोबल वार्मिंग एक प्रमुख समस्या बन गई है, जिसमें अनुमान लगाया जा रहा है कि औसत वैश्विक तापमान बढ़ेगा, जिससे ग्लेशियर के पिघलने से समुद्र का जलस्तर बढ़ेगा और पृथ्वी पर रेगिस्तानों का विस्तार होगा, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जन-धन हानि होगी। ग्लोबल वार्मिंग की इसी समस्या से निजात पाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई शोध और अनुसंधान कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र द्वारा जलवायु परिवर्तन पर आयोजित 'कॉप सम्मेलन' भी महत्वपूर्ण स्थान रखता हैं। इस सम्मेलन में दुनिया भर के देशों के प्रतिनिधि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए नीतियों और कार्रवाइयों पर चर्चा करते हैं। ऐसे ही जलवायु परिवर्तन पर शोध करने में पुणे में स्थित एमआईटी-वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी ग्रीन हाइड्रोजन के विस्तार पर प्रयासरत है।

**यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स ने जलवायु परिवर्तन पर आयोजित 'कॉप 28' में की शिरकत**



**क्यों है ग्रीन हाइड्रोजन महत्वपूर्ण**

ग्रीन हाइड्रोजन पृथ्वी को संरक्षित रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, क्योंकि यह अक्षय ऊर्जा का उपयोग करके बनाई जाती है और कार्बन उत्सर्जन को कम करती है। ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग से विभिन्न उद्योगों और परिवहन क्षेत्रों में कार्बन मुक्त ऊर्जा प्रदान की जा सकती है।

### गन्ने और गेंदे के फूल से ग्रीन हाइड्रोजन के विकास पर बल

हरिभूमि से बातचीत में एमआईटी में पदस्थ डॉ. भरत काले, एमेरिटस प्रोफेसर और मैटेरियल साइंस के निदेशक ने



कहा कि एमआईटी ग्रीन हाइड्रोजन के विकास पर कार्य कर रही है। जहां एक ओर गन्ने के बायोमास का उपयोग करके ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन का प्रयास कर रहे हैं। गन्ने को हाइड्रोजन में बदलने मीथेन पायरोलिसिस (क्रैकिंग) या थर्मोलिसिस जैसे तरीकों का उपयोग किया जाता है। गन्ने से ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन कम लागत वाला और टिकाऊ ऊर्जा स्रोत हो सकता है।




### कोप 28 सम्मेलन में विवि के 15 छात्रों ने लिया भाग

वहीं, उन्होंने बताया कि हाल ही में दुबई में आयोजित कॉप 28 सम्मेलन में हमारी यूनिवर्सिटी के एक दल को भाग लेने का मौका मिला। जिसमें डॉ. रत्नदीप आर जोशी के साथ यूनिवर्सिटी के 15 छात्रों के समूह ने डी-कार्बोनाइजेशन और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों का मुकाबला करने के लिए ब्रांड का काम किया। स्टूडेंट्स ने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए दुनिया भर में सरकारों, संगठनों और उद्योगों द्वारा की गई पहलों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

---

**खबर संक्षेप**

### नाट्य प्रस्तुति व विचार विमर्श आज

**भोपाल।** शिवाजी मगर स्थित दुष्यंत संग्रहालय में सोमवार को एक दिवसीय नाट्य एवं विचार विमर्श का आयोजन किया जा रहा है। एंसेबल थिएटर-इन-एजुकेशन सोसायटी की ओर से आयोजित इस एक दिवसीय कार्यक्रम में वसीम खान के निर्देशन में नाटक वाकपटु का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक युवा रंगकर्मी उज्ज्वल सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम में रंगमंच भोपाल शहर में स्थिति, महत्त्व एवं आवश्यकता विषय पर विचार विमर्श होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी मॉरिस लाज़रस बतौर मुख्य वक्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम शाम 7 बजे शुरू होगा।

### शेक्सपियर महोत्सव का आयोजन

**भोपाल।** क्लब लिटराटी द्वारा शेक्सपियर महोत्सव के 11वें संस्करण शेक्सपियरियाना 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसका विषय है 'सस्टेनेबल शेक्सपियरः पर्यावरण और बार्ड की सामूहिक विरासत की खोज'। 25 अप्रैल तक आयोजित इस कार्यक्रम में शेक्सपियर के नाटकों के ऑनलाइन प्रदर्शन के साथ साथ प्रश्नोत्तरी और लेख प्रस्तुतियों भी संयोजित की जाएंगी। वहीं 24 अप्रैल की शाम 6 बजे अरेरा क्लब में पैनल चर्चा का भी आयोजन होगा।

### समर्थ भारत कॉन्क्लेव का आयोजन आज से

**भोपाल।** आईसेक्ट द्वारा चौथे समर्थ भारत कॉन्क्लेव - 2025 का दो दिनी आयोजन 21 अप्रैल से किया जा रहा है। इस कॉन्क्लेव का विषय विकसित भारत के निर्माण में कौशल विकास, वित्तीय समावेशन और सामाजिक उद्यमिता की भूमिका है। यह सम्मेलन कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में किया जाएगा। साथ ही आईसेक्ट द्वारा 25 अप्रैल से 25 मई तक भारत के 19 राज्यों में राज्य सम्मेलनों का आयोजन किया जाना है। यह वार्षिक सम्मेलन विकसित भारत के निर्माण के हमारे साझा मिशन में एक साथ आने, सीखने और सहयोग करने का एक अनूठा मंच है। आईसेक्ट भोपाल मध्य प्रदेश में इस राष्ट्रीय-सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, जिसमें व्यावहारिक नेतृत्व सत्र, प्रतिष्ठित सामाजिक उद्यमियों, नीति निमार्ताओं के वक्तव्य, कौशल विकास और प्रौद्योगिकी-संचालित सामाजिक नवाचार पर केंद्रित पैनल चर्चाओं का आयोजन होगा।

### डॉ. राहुल जी-6 समिति के सदस्य के रूप में शामिल



**भोपाल।** मैनिट के सहायक प्रोफेसर डॉ. राहुल तिवारी को अपनी मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम समिति (जी-6) के तकनीकी सदस्य के रूप में शामिल किया है। यह जिम्मेदारी परिवहन नियोजन में काम करने वाले वैज्ञानिकों को दी गई है, जो पिछले कुछ वर्षों में हासिल की गई विशेषज्ञता और पेशेवर उत्कृष्टता को देखते हैं। डॉ. तिवारी देश के मध्य क्षेत्र से समिति में एकमात्र वैज्ञानिक हैं। डॉ. तिवारी को विश्व बैंक द्वारा शहरी परिवहन नियोजन में अग्रणी के रूप में भी मान्यता दी गई है और वे भारत सरकार द्वारा शहरी परिवहन के प्रमाणित प्रशिक्षक हैं।

---

**शहीद भवन में 5वां सामंतर थिएटर फेस्टिवल में नाटक 'तार्तूफ' का मंचन**

# हास्य व्यंग्य के माध्यम से उजागर किया धार्मिक पाखंड और सामाजिक ढकोसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विदेशी क्लासिक नाटकों पर आधारित 5वां सामंतर थिएटर फेस्टिवल के अंतर्गत रविवार को शहीद भवन सभागार में नाटक 'तार्तूफ' का मंचन किया गया। नाटक में लेखन मोलियर का रहा और निर्देशन पीयूष पांडा का। 1 घंटा 20 मिनट का यह नाटक एक तीखा हास्य व्यंग है जो धार्मिक पाखंड और सामाजिक ढकोसलों को प्रभावशाली शैली में सामने लाता है।



**नाटक की कहानी**

'तार्तूफ' एक ऐसे पाखंडी साधु की कहानी है जो धर्म का मुखौटा ओढ़ कर एक संपन्न व्यापारी के परिवार को अपने जाल में फंसाने की कोशिश करता है। व्यापारी जानकी दास उसके छलावे में आकर उसे न केवल घर में स्थान देता है बल्कि अपनी बेटी शालू का विवाह भी उसी से तय कर देता है, जबकि उसकी सगाई पहले से ही उसके प्रेमि कमल नयन से हो चुकी होती है। घर के बाकी सदस्य गोपीनाथ की सच्चाई जानते हैं, लेकिन उसे बेनकाब करना आसान नहीं। गोपीनाथ चालाकी से सबको भ्रमित करता है और जानकी दास की पत्नी को भी अपने जाल में फंसने की कोशिश करता है परंतु अंततः परिवार की एकजुटता विवेक और साथ से गोपीनाथ का चेहरा बेनकाब होता है।





## सफेद अंधेरा नाट्य प्रस्तुति में समाज का सच उजागर

**भोपाल।** गुंजन थिएटर ग्रुप के एक दिवसीय नाट्य महोत्सव में नाटक सफेद अंधेरा का मंचन शा. बालगृह बालिका, नेहरू नगर में किया गया। नाटक का लेखन एंव निर्देशन अश्विन सिंह रावत ने किया। व्यंग्यात्मक शैली के इस नाटक में एक नेत्रहीन व्यक्ति और एक बस कंडक्टर के बीच की बातचीत के जरिए समाज की सच्चाइयों को उजागर किया गया। नाटक कि कहानी एक बस अड्डे से शुरू होती है, जहां एक नेत्रहीन व्यक्ति सीहोर जाने वाली बस के इंतजार में आता है। वहां उसकी मुलाकात एक बस कंडक्टर से होती है और दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला शुरू होता है। बातचीत के दौरान लोगों की संवेदनहीनता, गरीबों की बेबसी, महिलाओं के साथ भेदभाव, बच्चों की मौत पर लापरवाही, और एक लड़की के साथ हुए शोषण जैसे विषय उजागर हुए।

---

**कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता आयोजित**



## 'स्वच्छ सवेरा' में दिखा स्वच्छता और कला का खूबसूरत मेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार की सुबह बोट क्लब पर 'स्वच्छ सवेरा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एक हजार से ज्यादा कलाप्रेमियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में जहां एक ओर जुम्बा करते युवा नजर आए तो वहीं एरोबिक्स के साथ-साथ नाचते-कूदते बच्चों ने सभी का मन मोह लिया (साथ ही नुक्कड़ नाटक और फ्लैशमोब भी खास रहा। कार्यक्रम में कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता एवं पुराने कपड़ों के बदले खाद व कोकोपीट भी प्रदान किए गए। जिसका उद्देश्य 3आर सिद्धांत रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकल को बढ़ावा देना था।

**नारी सशक्तिकरण पर एक दमदार फ्लैशमोब**

कार्यक्रम में गौरव जैन, प्रार्थना मिश्रा और रुचिका को सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में योगा, जुंबा, संगीत, नुक्कड़ नाटक और फ्लैशमोब जैसी अनेकों गतिविधियां आयोजित हुईं। सबसे खास प्रस्तुति रही टीम आजाद (रासेयो एक्सीलेंस कॉलेज) की। उन्होंने नारी सशक्तिकरण पर एक दमदार फ्लैशमोब दिखाया और फिर जलवायु परिवर्तन पर आधारित नुक्कड़ नाटक में पृथ्वी को सुरक्षित रखने का संदेश दिया।

---

**छतनारा की संवाद श्रृंखला में तोमर और निशांत ने की पितृसत्ता पर बातचीत**

## पितृसत्ता सिर्फ औरतों को ही नहीं, पुरुषों को भी नुकसान पहुंचाती है



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार शाम, बैठक द आर्ट हाउस में छतनारा की संवाद श्रृंखला का आयोजन हुआ। संवाद का विषय पितृसत्ता और नारीवाद पर केंद्रित रहा। अतिथि वक्ता के तौर पर, सुरेश तोमर, सचिव, राज बाल आयोग ने कहा कि समाज में सुगठित चली आ रही ऐसी व्यवस्था जो पुरुष को ऊपर और महिला को हीन मानती आई है, उस व्यवस्था और उससे उपजे पूर्वाग्रहों को पितृसत्ता का विस्तार माना जा सकता है। निशांत ने बातचीत के दौरान जब सुरेश के शुरुआती जीवन और उस समय की समझ के बारे में प्रश्न किया तो उन्होंने बताया कि वे मुरैना जिले से हैं। बचपन के उस समय में कई बातें पहले समझ नहीं आती थीं, लेकिन समय और अध्ययन के साथ उनके भीतर पितृसत्ता का विरोध करती समझ बनी और उससे व्यक्तित्व में भी बदलाव होने की यात्रा शुरू हुआ।




## विभिन्न नृत्यों की छटा से सजा तमिल नव वर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संस्कृति, परंपरा और समुदाय के उत्साहपूर्ण उत्सव में, भोपाल तमिल संगम ने रविवार को तमिल नव वर्ष 2025 का आयोजन किया गया। तमिल कैलेंडर की शुरुआत के प्रतीक तमिल नव वर्ष को 'पुथांडु' के नाम से जाना जाता है। यह विश्व भर के तमिल समुदायों के लिए गहरे आध्यात्मिक महत्व रखता है। एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम सांस्कृतिक मील का पत्थर बना। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रवीन्द्र यति, भोपाल जिला भाजपा अध्यक्ष उपस्थित थे।

**भोपाल तमिल संगम द्वारा तमिल नव वर्ष 2025 का आयोजन**



**एकजुट रखने वाले बंधनों का उत्सव**

पी. राजू, भोपाल तमिल संगम के अध्यक्ष, ने कहा कि तमिल नव वर्ष केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि साझा मूल्यों, सांस्कृतिक गर्व और समुदाय को पीढ़ियों तक एकजुट रखने वाले मजबूत बंधनों का उत्सव है। सबसे युवा कलाकारों से लेकर बुजुर्गों की कहानियों, पवित्र अनुष्ठानों से लेकर स्वादिष्ट तमिल भोजन तक, दिन का हर क्षण तमिल विरासत को संरक्षित करने की साझा प्रतिबद्धता के साथ गूंजता रहा।


---


**लक्ष्मीकांत प्यारेलाल के गीतों से गूंजा रवीन्द्र भवन**

## तेरे हाथों में पहना के चूड़ियां कि मौज बंजारा ले गया... ने जीता सबका दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

1960 से लेकर 2000 तक के दशक में अपने संगीत की खनक से लोगों का दिल जीतने वाली संगीतकार जोड़ी लक्ष्मीकांत प्यारेलाल के गीतों से भोपाल में सजी एक शाम ने सबका दिल जीत लिया। इस शाम में तेरे हाथों में पहनाकर चूड़ियां.....से लेकर कर्ज के गीत दर्दे दिल दर्दे जिगर जैसे सदाबहार नगमों ने संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया। स्वर सुमन म्यूजिकल ग्रुप स्वर वाटिका संस्थान द्वारा द लक्ष्मीकांत प्यारेलाल शो का यह सफल आयोजन रवींद्र भवन के अंजनी





सभागार में आयोजित किया गया। आयोजक और गायिका आशी द्विवेदी द्वारा मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत की गई, फिर शहर के प्रसिद्ध गायकों ने इस सुरमई शाम में एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**सुरमाला म्यूजिकल ग्रुप ने पेश की म्यूजिकल ईवनिंग**

## 30 से अधिक प्रतिभाओं ने गीत संगीत कार्यक्रम में बिखेरा आवाज का जादू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुरमाला मग्रुप ने रविवार की शाम बावड़िया कलां स्थित एक रेस्टोरेंट में म्यूजिकल प्रोग्राम प्रस्तुत किया, जिसमें शहर के लगभग 30 गायक, गायिकाओं जिनमें मोहन बेलानी, संतोष सक्सेना, नरेश यादव, चारुदत्ता, सुमन सक्सेना, शक्ति, सुरंगमा सक्सेना ने 90 के दशक के सुमधुर गीत प्रस्तुत किए। जिसमें तेरी उम्मीद तेरा इंतजार करते हैं..., ऐसी दीवानगी देखी नहीं कहीं..., तू शायर है, मैं तेरी शायरी... मदहोश दिल की धड़कन जैसे सुमधुर गीत शामिल रहे। वहीं अनुज सेन ने माउथआर्गन



पर मुकाबला मुकाबला गीत की धुन बजाकर सभी को रोमांचित कर दिया। संयोजक सुरंगमा सक्सेना (मोना) ने गायक-गायिकाओं के साथ अतिथियों का स्वागत किया। अतिथि अशोक मनवानी ने गीतों के रचनाकारों की खूबियों पर चर्चा की।

---

**पीआरएसआई ने लोक संपर्क सम्मान सहित 24 महिलाओं को दिया अचला-उदिता सम्मान**

# लोकमंगल की भावना से करें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

समाज के अनेक क्षेत्रों में आज एआई का भरपूर उपयोग होने लगा है, लेकिन इसका सारा नियंत्रण समाज के ही हाथ में है। बस हमें इतना ध्यान रखना होगा कि जहां भी इसका उपयोग करें तो लोकमंगल की भावना के साथ करें। यह बात माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर विजय मनोहर तिवारी ने रविवार को पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया के भोपाल चैप्टर द्वारा आयोजित व्याख्यान एवं सम्मान समारोह के दौरान विशेष अतिथि के रूप में कही। रिस्पांसिबल यूज आफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस : रोल ऑफ पब्लिक रिलेशन विषय पर आयोजित व्याख्यान में उन्होंने कहा कि आज खेती किसानी में भी एआई का उपयोग होने लगा है, जिससे पेड़ पौधों के स्वभाव को समझने में आसानी हुई है।




**अपने विवेक से काम करें न कि एआई के गुलाम बनें**

इससे पूर्व वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषण गिरजा शंकर ने कहा कि एआई का उपयोग हम अपनी जरूरत के हिसाब से करें तो बेहतर होगा। जब टेलीविजन आया तो कहा कि अखबार बंद हो जाएंगे, गूगल- इंटरनेट आया तो कहा की टीवी- रेडियो बंद हो जाएंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जेएनयू जवाहर विवि नई दिल्ली की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अर्चना कुमारी ने कहा कि हम एआई का सूझबूझ और समझदारी के साथ उपयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने विवेक से काम करें ना कि एआई के गुलाम बनें।

**संजय जैन को लोक संपर्क सम्मान से किया अलंकृत**

पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया भोपाल चैप्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 24 महिलाओं को अचला-उदिता सम्मान प्रदान किया गया तथा जनसंपर्क के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अपर संचालक जनसंपर्क संजय जैन को लोक संपर्क सम्मान से अलंकृत किया गया।

### डिजिटल पत्रकारिता पर केंद्रित पुस्तक 'डिजिटल जर्नलिज्मः न्यू एरा' का विमोचन

रवींद्र भवन स्थित गौरांजनी सभागार में पीआरएसआई के कोषाध्यक्ष, युवा पत्रकार एवं लेखक कृष्णकांत शुक्ला की पुस्तक 'डिजिटल जर्नलिज्मः न्यू एरा' का विमोचन किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) के भोपाल चैप्टर द्वारा किया गया। इस दौरान माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं दूर संचार विवि के कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शंकर सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनसंपर्क विशेषज्ञ, मीडिया जगत और पत्रकारिता के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पीएम को नीतियां समझाने का मिलेगा स्वर्णिम मौका

# संसद में प्रधानमंत्री प्रश्नकाल शुरू करें, साल में 100 दिन सदन भी चलाया जाए

## पूर्व अतिरिक्त सचिव देवेंद्र की किताब 'द इंडियन पार्लियामेंट: संविधान सदन टू संसद भवन' में सुझाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद की कार्यवाही को लेकर एक नई किताब सामने आई है। इस किताब में सुझाव दिया गया है कि संसद में बहस के प्रारूप में व्यापक बदलाव और नवाचार की जरूरत है।



लोकसभा सचिवालय में पूर्व अतिरिक्त सचिव रहे देवेंद्र सिंह द्वारा लिखित किताब 'द इंडियन पार्लियामेंट: संविधान सदन टू संसद भवन' में बताया गया है कि प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की शुरुआत से भारतीय संसदीय इतिहास में एक नए युग की शुरुआत होगी। इसमें कहा गया है कि सप्ताह में एक बार प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की शुरुआत से संसद सदस्यों को अहम मुद्दे उठाने का मौका मिलेगा और प्रधानमंत्री को सरकार की नीतियों को समझाने और आलोचनाओं का सीधे जवाब देने का मौका मिलेगा।

**बार-बार कार्यवाही बाधित करने की प्रवृत्ति रुकेगी**

*सप्ताह में एक बार प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की शुरुआत से संसद सदस्यों को अहम मुद्दे उठाने को अवसर मिलेगा*



### कार्यवाही और प्रक्रिया में बदलाव होना जरूरी

किताब में कहा गया है कि संसद की कार्यवाही के बारे में जनता के मन में निराशा और अविश्वास कुछ सदस्यों के अनुचित दिखावे और लगातार अवरोध पैदा करने और अनैतिक आचरण का परिणाम है। संसद की कार्यवाही और प्रक्रिया के प्रारूप में बदलाव करने और नवाचार करने की जरूरत है। संसद की कार्यवाही में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल करने लिए किताब में साइबर इंटरफेस की भी मांग की गई है। बहस और चर्चा के सर्वोच्च मंच के रूप में, संसद को साल में कम से कम 100 दिन मिलना चाहिए और मजबूती से काम करना चाहिए।

**समस्याओं के समाधान पर होगा फोकस:** नेताओं की बार-बार की जाने वाली बयानबाजी के बजाय लोगों की आकांक्षाओं को संसद में पेश करने और समस्याओं के समाधान पर फोकस करने की जरूरत है। साल में कम से कम 100 दिन संसद की कार्यवाही चलाने और जवाबदेह बनाने के लिए प्रधानमंत्री प्रश्नकाल शुरू करने का भी सुझाव दिया गया है।

### विपक्ष को मिलेगा सीधा जवाब साइबर इंटरफेस भी बनाएं

प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की शुरुआत और इसका प्रभावी इस्तेमाल विपक्ष के आरोपों का जवाब देने, खीझे हुए लोगों को शांत करने और कार्यवाही को बार-बार बाधित करने या उसे प्रभावित करने की प्रवृत्ति को रोकने में काफी मददगार हो सकता है। पुस्तक में सुझाव दिया गया है कि संसद को अधिक सम-सामयिक स्वरूप प्रदान करने और उसे बहस एवं जवाबदेही के अधिक प्रभावी मंच के रूप में उभारने के लिए, संसद की कार्यप्रणाली और प्रक्रियाओं में नवीनता लाना जरूरी है। पुस्तक में संसद के कामकाज से अधिक से अधिक लोगों को रूबरू कराने के लिए साइबर इंटरफेस बनाने का भी आह्वान किया गया है।

---

## खबर संक्षेप

### बेटे की शादी में नाच रहे पिता की अचानक मौत



**भराड़ी।** उपतहसील भराड़ी की पंतेहड़ा पंचायत के पट्टा रणौतां गांव में एक शादी की खुशियां मातम में बदल गई। शुक्रवार शाम को पट्टा रणौतां गांव के निवासी जगत राम के बड़े बेटे की शादी समारोह धूमधाम से चल रहा था। वहां पर डीजे की धुन पर लोग नाच-गा रहे थे। शनिवार तड़के बारात रवाना होने से पहले पिता जगतराम की मौत हो गई।

### करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की हत्या



**जमशेदपुर।** मानगो के बालीगुमा में रविवार रात करणी सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर मिनी पंजाब होटल के पास गली में अपराधियों ने उन पर हमला किया। गोली सिर में लगने से उनकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### अनुराग कश्यप अपना ज्ञान बढ़ाएं: मनोज



**मुंबई।** गीतकार-लेखक मनोज मुंतशिर ने अनुराग कश्यप के ब्राह्मणों पर पेशाब करने वाले बयान पर रिएक्ट किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में मनोज ने अनुराग को कड़ी चेतावनी देते हुए उन्हें अपने सीमित ज्ञान के कारण सावधानी से शब्दों का चयन करने की सलाह दी है। वे सीमा में रहें।

### खड़े इंडिगो विमान से टकराया टेंपो ट्रैवलर



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एयरपोर्ट में शुक्रवार को एक टेंपो ट्रैवलर ने एक इंडिगो विमान को टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैवलर के चालक को मामूली चोटें आईं हैं। इंडिगो के बयान में कहा गया है कि चालक की लापरवाही के कारण टेंपो ट्रैवलर विमान से टकराया और मामले की जांच की जा रही है।

---

मुर्शिदाबाद हिंसा के खिलाफ भाजपा ने बंगाल सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

# शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज का आदेश किसने दिया? जवाबदेही तय हो

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मजूमदार ने ममता सरकार पर निशाना साधा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर सियासत जारी है। मुर्शिदाबाद हिंसा समेत अन्य मुद्दों को लेकर केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के नेतृत्व में बालुरघाट में विरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने ममता बेनर्जी सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज हमारे कार्यकर्ता शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने हम पर लाठीचार्ज किया। मैं पूछना चाहता हूं कि पुलिस को किसने लाठीचार्ज करने का ऑर्डर दिया और जो भी इसका जिम्मेदार है, उसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। मुझे लगता है कि पुलिस का लाठीचार्ज प्री-प्लान था। कई कार्यकर्ताओं को चोटें भी आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हिंदुओं को अपनी रक्षा करने की जरूरत

बालुरघाट में विरोध मार्च निकाला



**बंगाल में प्रेसिडेंट रूल के तहत चुनाव हों**

उन्होंने कहा कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करना राजनीतिक विषय है, लेकिन हमने मांग की है कि जहां 50 फीसदी से कम हिंदुओं की आबादी है, वहां ये लोग वोट नहीं डालने देंगे। प्रेसिडेंट रूल के तहत चुनाव होना चाहिए, सब लोगों को वोट डालने का अधिकार मिलना चाहिए।

### सनातन धर्म के लोग एक साथ रहें तो हार नहीं सकते

भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर टीएमसी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को अपनी रक्षा करने की जरूरत है। अगर हिंदुओं में एकता और जागरूकता आ जाए तो मुसलमान उनसे (हिंदुओं) कभी नहीं लड़ सकते। हिंदू एक ऐसी कम्युनिटी है, जिसने 800 वर्षों तक गुलामी झेलने के बाद भी भारत वर्ष में सनातन को जिंदा रखा है। अगर सनातन धर्म के लोग एक साथ रहें तो इस लड़ाई में कभी नहीं हार सकते।

### हिंदुओं को बचाना आज समय की मांग

उन्होंने कहा कि बंगाल में बोलने से तो राष्ट्रपति शासन नहीं लगेगा, जिस तरह से मुस्लिम अत्याचार कर रहे हैं और सरकार मिलकर साथ दे रही है, उनके खिलाफ आवाज उठानी होगी, तभी राष्ट्रपति शासन लागू होगा। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने मीडिया से कहा कि आज हम हिंदू बचाओ रैली निकाल रहे हैं। हिंदुओं को बचाना है और ममता बेनर्जी को भगाना है।

बंगाल की आग पर फारूक का केंद्र पर वार

### नफरत को बताया हिंसा की वजह



जम्मू से नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर केंद्र सरकार और प्रशासन पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि जान-बूझकर हिंदू और मुसलमानों के बीच नफरत पैदा की जा रही है, जिसकी वजह से यह नफरत अब हिंसा में बदल रही है। फारूक ने कहा कि मुर्शिदाबाद में जो हुआ वह सिर्फ नफरत का नतीजा है। वहां बुलडोजर चलाए गए। मस्जिदें गिरा दी गईं।

### मुर्शिदाबाद में पिता-पुत्र की हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक गिरफ्तार



मुर्शिदाबाद जिले में एक व्यक्ति और उसके बेटे की हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि शमशेरगंज के जाफराबाद में दो लोगों की हत्या के मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुलिताला पुरबापारा निवासी जियाउल शेख के रूप में हुई है।

वक्फ पर बनाया 'बत्ती गुल' प्लान

### लगातार प्रदर्शन करेंगे: पर्सनल लॉ बोर्ड



वक्फ कानून को लेकर कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। साथ ही इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई चल रही है। अब हैदराबाद में रविवार को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने एक महासभा आयोजित की, जिसे एआईएमआईएम का समर्थन मिला। इस महासभा में लगातार विरोध प्रदर्शन की घोषणा की गई। इस दौरान ये भी घोषणा की गई है कि 30 अप्रैल को ब्लैकआउट विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें रात 9 बजे घरों की सभी लाइटें बंद रहेंगी।

---

रेखा ने लागू किया केंद्र जैसा मॉडल

# एक मंत्री 7 विधायक, 8 लोगों की टीम गठित की



**यह टीम विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में विकास का रखेगी पूरा लेखा-जोखा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में तेजी से विकास के लिए रेखा गुप्ता सरकार ने पीएम मोदी वाला मॉडल लागू कर दिया है। केंद्र की मोदी सरकार की सांसद आदर्श ग्राम योजना की तर्ज पर दिल्ली सरकार ने भी अपने सभी मंत्रियों को 7-7 विधायकों की जिम्मेदारी सौंपी है। हर एक मंत्री के साथ 7 विधायक लगाए गए हैं। 8 लोगों की यह टीम उन 7 विदानसभा सीटों पर योजना के तहत काम करेगी। यह तय करेगी डेवपमेंट की योजनाएं फाइलों में न अटके। तेजी से उसे जमीन पर उतारा जाए। हर हफ्ते इसकी मीटिंग होगी। जिन मंत्रियों को विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है, उन्होंने एक वॉट्सएप ग्रुप भी बनाया है। इस ग्रुप में सरकारी योजनाओं की जानकारी शेयर की जाती है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि जो भी फैसले सरकार ले रही है, उसकी जानकारी नीचे तक पहुंचे, ताकि लोगों तक उसे पहुंचा जा सके। इसी के माध्यम से विधायक अपनी रिपोर्ट भी देंगे, जिसे सीएम तक पहुंचाया जाएगा। तुरंत काम करने के लिए सरकार ने यह कोशिश शुरू की है।

### अब नहीं होगी पानी की चोरी आ गए जीपीएस

दिल्ली में पानी की चोरी और धांधली रोकने के लिए जीपीएस वाले टैंकरों की शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली में 1000 से अधिक नए पानी के टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन पानी के टैंकरों में जीपीएस लगा होगा। जिससे इनपर नजर रखी जा सकेगी। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने बुरारी के डीडीए मैदान में 1,111 जीपीएस युक्त पानी के टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### 'दिल्ली को युधिष्ठिर की राजधानी बनाएंगे




दिल्ली के लोक निर्माण विभाग एवं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि हम दिल्ली को लंदन पेरिस बनाने का दावा नहीं करते हैं। हम देश की राजधानी दिल्ली को युधिष्ठिर की राजधानी जैसी थी, वैसी बनाने का वादा करते हैं। दिल्ली सरकार द्वारा 1111 जीपीएस सिस्टम से लैस पानी के टैंकरों को रविवार को बुराड़ी स्थित संत निरंकारी मैदान से रवाना करते हुए मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि आज जो आप देख रहे हैं, वह हमारी सरकार के सुशासन और पारदर्शिता मॉडल का परिणाम है।

---

जयपुर में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

# सुपरिटेंडेंट इंजीनियर के 6 जिलों में स्थित ठिकानों पर की छापेमारी

एजेंसी ▶▶ जयपुर



राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर अशोक जांगिड़ के जयपुर सहित 6 जिलों में स्थित ठिकानों पर छापेमारी की। रविवार अल सुबह टीमें प्रदेश के अलग-अलग शहरों में पहुंची। आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाई हुई है। अशोक की फिलहाल बांसवाड़ा में तैनाती है। जांगिड़ के जयपुर शहर, कोटपूतली, मौजमाबाद, उदयपुर, अजमेर, टोंक के विभिन्न ठिकानों के साथ पीएचईडी कार्यालय बांसवाडा, खनिज कार्यालय उदयपुर, टोंक, अजमेर, जयपुर व उप पंजीयक कार्यालय पावटा, मौजमाबाद में दो टीमें सर्च में लगी हैं। उनके स्वयं के नाम 19, पत्नी सुनिता के नाम 3 परिसंपत्तियां, पुत्र निखिल के नाम 32 परिसंपत्तियां हैं।

कानून मंत्रालय ने कहा

# केंद्र से जुड़े मुकदमों को कम करने के लिए खास कदम उठाए गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कानून मंत्रालय ने कहा है कि जनहित में लिए गए फैसलों को अगर ठीक से लागू नहीं किया जाए, तो इससे लोगों को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ सकता है। इससे केंद्र सरकार पर कानूनी बोझ बढ़ता है। मंत्रालय ने सरकार से जुड़े मुकदमों की संख्या को कम करने के लिए खास कदम उठाए हैं। अदालतों में करीब सात लाख मामलों में केंद्र सरकार एक पक्ष है। अकेले वित्त मंत्रालय ही लगभग 1.9 लाख मामलों में पक्षकार है। ये जानकारी कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने फरवरी महीने में राज्यसभा में दी थी। कानून मंत्रालय के अनुसार अस्पष्ट आदेश लोगों को परेशान करते हैं। इससे या तो लाभार्थियों को लाभ नहीं मिलता। इसके साथ ही कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा।

*खरगे ने बक्सर में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली को संबोधित किया*

# नीतीश कभी हमारी गोद में आकर बैठ जाते हैं तो कुर्सी के लिए वे मोदी के साथ हो जाते

एजेंसी ▶▶ बक्सर



■ भाजपा,जेडीयू पर साधा निशाना

बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होंगे। रविवार को कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार के बक्सर के दलसागर स्टेडियम में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली में उन्होंने नीतीश कुमार और भाजपा के गठबंधन को मौकापरस्त बताया। कुर्सी के लिए नीतीश कभी कांग्रेस की गोद में आते हैं तो कभी भाजपा में जाते हैं।

### एनडीए सरकार इस बार जानी चाहिए

खरगे ने कहा कि नीतीश सिर्फ कुर्सी के लिए बार-बार पाला बदलते हैं। नीतीश ने उससे गठबंधन किया, जिसने महात्मा गांधी की हत्या की थी। पीएम मोदी झूठ की फैक्ट्री चला रहे हैं। बिहार में एनडीए सरकार इस बार जानी चाहिए।

**गांधी परिवार किसी के सामने नहीं झुकेगा**

खरगे ने कहा कि भाजपा हमें दुश्मन मानते हैं। उसने राहुल, सोनिया और रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ जांच शुरू की है, यह हमें खत्म करने के लिए है। गांधी परिवार किसी के सामने झुकने वाला नहीं है।

**लोगों से ज्यादा खाली कुर्सी दिखीं :** खरगे की बिहार में भारी फजीहत हुई। सभा में लोगों से ज्यादा खाली कुर्सी दिखाई दी। जनसभा से भीड़ पूरी तरह से गायब थी। खरगे सभा को संबोधित कर रहे थे और कुर्सियां खाली पड़ी हुई थीं।

---

2 हाईकोर्ट में सुनवाई- एक ने कार्यवाही पर उठाए सवाल तो दूसरे ने की अहम टिप्पणी

# सिडको को फटकारा, महाराष्ट्र में कानून का शासन है या बाहुबल का

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने नवी मुंबई में एक प्लॉट पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहने पर सरकार की नगर नियोजन एजेंसी सिडको को फटकार लगाई है। कोर्ट ने इस दौरान पूछा कि राज्य में कानून का शासन है या बाहुबल का।

जस्टिस एएस गडकरी और जस्टिस कमल की बेंच ने इस महीने की शुरुआत में पारित आदेश में कहा कि नगर और औद्योगिक विकास निगम (सिडको) के अधिकारी अवैध निर्माण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं करना चाहते। सिडको ने अदालत को बताया कि जब उन्होंने अवैध ढांचों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने की कोशिश की तो बोकाडवीरा गांव के सरपंच ने उन्हें धमकी दी।

*जस्टिस गडकरी और जस्टिस कमल की बेंच ने कहा- कड़ी कार्रवाई की जाए*

**कानून का राज स्थापित करना जरूरी**



बेंच ने कहा कि अधिकारी कर्तव्यों का निर्वहन करते समय पर्याप्त पुलिस सुरक्षा पाने के हकदार हैं और अवैधताओं को रोकना और कानून का शासन स्थापित करना प्राधिकारियों का कर्तव्य है। हाईकोर्ट ने कहा कि हम यह समझने में असफल हैं कि क्या हम ऐसे राज्य में रहते हैं जहां कानून का शासन है या बाहुबल का शासन है। कोर्ट ने कहा कि बोकाडवीरा गांव के सरपंच की ओर से दी गई धमकियों को लोकतांत्रिक देश में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, क्योंकि सिडको अधिकारी अपने वैध कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं।

कर्नाटक हाई कोर्ट के जज दीक्षित ने तारीख मांगने पर कहा

### हिमालय भी भेजा गया तो मैं वहां भी जाऊंगा



**बेंगलुरू।** कर्नाटक हाई कोर्ट के जज कृष्ण दीक्षित ने 17 अप्रैल को एक मामले की सुनवाई करते हुए अपने ट्रांसफर की अफवाह पर टिप्पणी की। दीक्षित ने यह टिप्पणी तब की, जब उनके समक्ष वकील ने एक मामले में तारीख मांगी, तो उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि अगले सप्ताह दोनों पक्षों को एक अच्छी बेंच मिल सकती है। उन्होंने इशारा किया कि हाई कोर्ट से उनके आसन्न स्थानांतरण के कारण मामला जल्द ही किसी अन्य बेंच के समक्ष सूचीबद्ध हो सकता है।

**हम कहीं भी काम करने को तैयार :** जज दीक्षित ने मुस्कराते हुए कहा कि अगले हफ्ते वैसे भी आपको एक अच्छी बेंच भी मिल सकती है। वे कहीं भी काम करने के लिए तैयार हैं। जब कोई सैनिक कहीं तैनात होता है, तो उसका कर्तव्य है कि वह वहां जाए। अगर हिमालय में हाईकोर्ट की बेंच स्थापित की जाती है, तो मैं वहां भी जाऊंगा।

### ये शब्द न बोलें अधिवक्ता

वरिष्ठ अधिवक्ता पीएस राजगोपाल ने कहा कि मैं न्यायाधीश से अनुरोध करता हूं कि वे ये शब्द न बोलें। मैं बाहर कह रहा था, अगर हम विरोध करना नहीं सीखेंगे, तो हम नष्ट हो जाएंगे। न्यायमूर्ति रामचंद्र डी हुद्दार के साथ खंडपीठ में बैठे न्यायमूर्ति दीक्षित ने हंसते हुए कहा कि हम ऐसा नहीं करेंगे।

देवबंद में धार्मिक स्थल के बाहर पथराव

# 35 से 40 लोगों की भीड़ पहुंची 2 सेवादार घायल, हंगामा किया

एजेंसी ▶▶ देवबंद



यहां एक मंदिर के बाहर क्रिकेट खेल रहे बच्चों को मना करने पर पथराव हो गया, जिसमें मंदिर के दो सेवादार घायल हो गए। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने आकर हंगामा कर दिया। रामलीला मैदान स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर के बाहर शनिवार शाम कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। एक गेंद मंदिर के अंदर चली गई। मंदिर के सेवादारों ने बाहर आकर बच्चों को यहां खेलने से मना किया। इसे लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद तनाव हो गया था। आरोप है कि देर रात करीब 11 बजे 35- 40 लोगों की भीड़ वहां आ गई। देखते ही देखते पथराव होने लगा। मंदिर के सेवादार विजय प्रजापति और अंश शर्मा घायल हो गए। विरोध में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मंदिर प्रांगण में हंगामा किया। पुलिस ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं को कार्रवाई करने का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

## चार दिवसीय भारत दौरे पर आज आएंगे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस

# पीएम मोदी के साथ होगी बैठक, व्यापार, टैरिफ सहित कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर होगी बातचीत, अक्षरधाम मंदिर जाएंगे, जयपुर और आगरा की भी करेंगे यात्रा

वेंस के साथ पेंटागन और विदेश विभाग सहित कम से कम पांच वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आने की उम्मीद है। अमेरिका का उपराष्ट्रपति बनने के बाद ये जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है। इससे पहले पिछली बार जो बाइडेन उपराष्ट्रपति के रूप में साल 2013 में भारत आए थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सोमवार को चार दिवसीय भारत यात्रा पर आएंगे। वह पत्नी उषा वेंस और तीन बच्चों- इवान, विवेक और मीराबेल के साथ सुबह 10 बजे दिल्ली के पालम एयरबेस पर उतरेंगे, जहां एक वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री उनका स्वागत करेंगे। वेंस के साथ पेंटागन और विदेश विभाग सहित कम से कम पांच वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आने की उम्मीद है। अमेरिका का उपराष्ट्रपति बनने के बाद ये जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है। इससे पहले पिछली बार जो बाइडेन उपराष्ट्रपति के रूप में साल 2013 में भारत आए थे। दिल्ली पहुंचने के कुछ घंटों बाद वेंस और उनका परिवार स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर जाएंगे। वह पारंपरिक भारतीय हस्तनिर्मित सामान बेचने वाले शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का भी दौरा कर सकते हैं। दिल्ली में अमेरिकी उपराष्ट्रपति और उनका परिवार आईटीसी मौर्य शेरेटन होटल में ठहरेंगे।

### द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर करेंगे विस्तृत चर्चा

### 21 से 24 तारीख तक जयपुर में ही रुकेंगे वेंस

### वेंस की मेजबानी करेंगे पीएम मोदी



सोमवार शाम 6:30 बजे पीएम मोदी वेंस की मेजबानी करेंगे, जिसमें प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप देने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच संबंधों को और बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा होगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारतीय दल में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा के शामिल होने की उम्मीद है।

### वेंस का भारत दौरा दो वजहों से अहम

जेडी वेंस का भारत दौरा दो वजहों से अहम है। इस वक्त भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील, टैरिफ को लेकर तनाव की स्थिति है। पीएम और उपराष्ट्रपति वेंस के बीच व्यापार, टैरिफ, क्षेत्रीय सुरक्षा और बाइलेट्रल कोऑपरेशन को बढ़ाने के तरीकों सहित कई अहम मुद्दों पर बातचीत होगी। दूसरा, यह दौरा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के पहले चरण को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। दोनों देश 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखते हैं। वेंस और मोदी के बीच व्यापार, आयात शुल्क, और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करने पर चर्चा हो सकती है।

### राजस्थानी परंपरा से रूबरू होंगे

21 अप्रैल की रात को वेंस परिवार जयपुर पहुंच जाएगा। यहां उनके स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर रेड कारपेट बिछाया जाएगा। सभी मेहमानों को जोधपुरी साफा पहनाया जाएगा। यहां वे रामबाग पैलेस में ठहरेंगे। वेंस को आमेर महल में ही राजस्थान की परंपरा से रूबरू कराने का कार्यक्रम रखा गया है। इसमें कठपुतली डांस, लोक नृत्य, वेशभूषा और भोजन से रूबरू कराया जाएगा।



### 62 लाख गहनों से सजी हथनियां करेंगी स्वागत

22 अप्रैल को वेंस कई ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करेंगे, जिसमें आमेर किला भी शामिल है, जिसे यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल अंबर किला के नाम से भी जाना जाता है। इस दौरान 433 साल पुराने आमेर महल के सूरजपोल स्थित जलेब चौक में उनका स्वागत गहनों 350 साल पुराने 62 लाख रुपए कीमत के गहनों से सजी हथिनी पुष्पा और चंदा करेंगी। ये दोनों अमेरिकी उपराष्ट्रपति को फूलमाला पहनाकर आशीर्वाद देंगी। दोपहर में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जयपुर में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में एक सभा को संबोधित करेंगे। इस भाषण में राजनयिकों, विदेश नीति विशेषज्ञों, भारतीय सरकारी अधिकारियों और शिक्षाविदों शामिल होंगे। वे अपने भाषण में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के तहत भारत-अमेरिका संबंधों पर चर्चा करेंगे। 24 अप्रैल को सुबह 6:30 बजे जयपुर से वेंस परिवार वॉशिंगटन के लिए रवाना हो जाएगा।

### आगरा में 5000 बच्चे स्वागत करेंगे

*वेंस 23 अप्रैल को सुबह 9.30 बजे जयपुर से आगरा पहुंचेंगे। वे यहां 3 घंटे रुकेंगे। इसको देखते हुए दोपहर 12 बजे तक ताजमहल बंद रहेगा। सुबह से ही टिकट की बिक्री बंद कर दी जाएगी। किसी को भी ताजमहल में एंट्री नहीं दी जाएगी। खेरिया एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत होगा। यहां मयूर नृत्य के साथ उनका स्वागत होगा। इसके बाद उनका काफिला शिल्पग्राम की ओर आगे बढ़ेगा। 12 किमी की दूरी में 15 जगहों पर संस्कृति मंच बनाए जाएंगे। जहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। यहां भारतीय कला और संस्कृति की झलक दिखाई देगी। करीब 5 हजार बच्चे सड़क के दोनों ओर भारत और अमेरिका का राष्ट्रध्वज लेकर उनका स्वागत करेंगे।*

---

### खबर संक्षेप

#### राहुल गांधी अमेरिका पहुंचे, छात्रों से करेंगे संवाद



**बोस्टन।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर पहुंचे हैं। वे शनिवार को बॉस्टन लोगन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरे। वे रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे, जहां वे फैकल्टी और छात्रों से संवाद करेंगे। राहुल का यह दौरा 21 और 22 अप्रैल को रहेगा।

#### इलिनॉइस में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, 4 की मौत



**ट्रिला।** अमेरिका के इलिनॉइस राज्य में शनिवार को खेत में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। कोल्स काउंटी के कोरोनर एड श्नीयर्स ने बताया कि मृतकों में दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने जानकारी दी कि यह दुर्घटना सुबह करीब 10 बजे हुई।

## 15 दिन में दूसरी बार डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पूरे अमेरिका में प्रदर्शन

# हजारों लोगों ने राष्ट्रपति आवास को घेरा, पोस्टर में लिखा- 'महाभियोग लाओ... ट्रंप को हटाओ'

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जनता का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। राष्ट्रव्यापी आंदोलन के दो हफ्ते बाद पूरे अमेरिका में दोबारा शनिवार को हजारों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ट्रंप की नीतियों का विरोध करने में जुटे हैं। सड़क पर उतरे लोगों ने ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। ये प्रदर्शन सभी 50 राज्यों में हुए। प्रदर्शनकारी ट्रंप की टैरिफ वॉर की नीतियों, सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध कर रहे हैं।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस का घेराव किया। लोगों ने ट्रंप पर नागरिक और कानून के शासन को कुचलने का आरोप लगाया।

इस आंदोलन को 50501 नाम दिया गया है, जिसका मतलब '50 विरोध प्रदर्शन, 50 राज्य, 1 आंदोलन' है। प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस के अलावा टेस्ला के शोरूम का भी घेराव किया। ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शनों का यह दूसरा दौर है। इससे पहले 5 अप्रैल को ट्रंप के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन हुए थे।

> अमेरिका में प्रदर्शनकारी ट्रंप की नीतियों का विरोध करने में जुटे। सड़क पर उतरे लोगों ने ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। ये प्रदर्शन सभी 50 राज्यों में हुए। प्रदर्शनकारी ट्रंप की टैरिफ वॉर की नीतियों, सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध कर रहे हैं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस का घेराव किया

- 50501 यानी 50 विरोध प्रदर्शन, 50 राज्य, 1 आंदोलन
- 5 अप्रैल को भी ट्रंप के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन हुए थे
- ट्रंप और मस्क की नीतियों के खिलाफ किए गए हैं प्रदर्शन




#### झंडा उलटा कर बताया देश संकट में

डेनवर में सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारी कोलोराडो राज्य कैपिटल में जुटे। उन्होंने आप्रवासियों के साथ एकजुटता व्यक्त की। लोगों ने बैनरों पर लिख रखा था कि 'हाथ मत लगाओ।' कुछ लोगों ने अमेरिका का झंडा फहराया तो कुछ ने उसे उल्टा कर दिया, ताकि यह बताया जा सके कि देश में संकट का समय चल रहा है। व्हाइट हाउस के बाहर ट्रंप के खिलाफ पोस्टर लेकर विरोध करती एक महिला ने पोस्टर पर लिखा- ट्रंप को अल सल्वाडोर जेल में डिपोर्ट कर दिया जाए।

#### सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

राजधानी वॉशिंगटन डीसी समेत सभी राज्यों में प्रदर्शन की बड़ी वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कारोबारी इलॉन मस्क की आक्रामक नीतियां हैं। इलॉन मस्क का दक्षता विभाग लगातार सरकारी विभागों में छंटनी कर रहा है। अब तक हजारों सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा चुका है। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप की अप्रवासियों पर कार्रवाई और दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने की सख्त पॉलिसी भी इन प्रदर्शनों की एक बड़ी वजह है।

#### 'कोई राजा नहीं... अत्याचार का विरोध करें'

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे ट्रंप के नागरिक अधिकारों और संवैधानिक उल्लंघनों के खिलाफ हैं। न्यूयॉर्क में हाथों में तख्तियां लेकर लोगों की भीड़ मुख्य पुस्तकालय के बाहर जुटी। इन तख्तियों में अमेरिका में 'कोई राजा नहीं' और 'अत्याचार का विरोध करें' जैसे नारे लिखे थे।

#### ट्रंप के काम से खुश हैं 45% वोटर्स

अमेरिकी सर्वे एजेंसी गैलप के मुताबिक 45% अमेरिकी वोटर्स ट्रंप के पहले 3 महीने के कामकाज से खुश हैं, जबकि ट्रंप के पहले कार्यकाल के शुरुआती 3 महीनों में 41% वोटर्स ही उनके कामकाज से संतुष्ट थे। हालांकि यह बाकी राष्ट्रपतियों की तुलना में बेहद कम है।

## पाकिस्तान की कायराना करतूत

# कुलभूषण जाधव को अपील का अधिकार देने से किया साफ मना

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने एक बार फिर नापाक चाल चली है और भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को अपील का अधिकार देने से मना कर दिया है। यह जानकारी पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने 17 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान दी। दरअसल, पाक सुप्रीम कोर्ट में इमरान खान के समर्थकों की गिरफ्तारी से जुड़े मामले में सुनवाई चल रही थी।

इस दौरान कोर्ट ने वकील से पूछा कि क्या कुलभूषण जाधव को अपील का अधिकार मिला था और अगर मिला था तो पाकिस्तान के नागरिकों को यह अधिकार क्यों नहीं? इस पर रक्षा मंत्रालय के वकील ने कहा कि जाधव को अपील का कोई अधिकार नहीं मिला था। जाधव 2016 से पाकिस्तान की जेल में बंद हैं। पाकिस्तान ने उन पर जासूसी करने का आरोप लगाया है।



#### जाधव पर जासूसी का आरोप लगाया

कुलभूषण जाधव एक सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी हैं, जो सेवानिवृत्ति के बाद ईरान के चाबहार में व्यवसाय कर रहे थे। 3 मार्च 2016 में पाकिस्तानी सेना ने कथित तौर पर जाधव को बलूचिस्तान प्रांत से अगवा किया था। बाद में उन पर जासूसी और देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाकर जेल में बंद कर दिया। एक साल बाद यानी 2017 में पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने जासूसी के आरोप में कुलभूषण जाधव को मौत की सजा सुना दी। भारत ने इस फैसले का कड़ा विरोध किया और इसके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय न्याय न्यायालय में अपील की।

#### आरोपों को खारिज कर चुका भारत

पाकिस्तान ने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें जाधव ने कथित तौर पर स्वीकार किया था कि वह भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ के लिए काम कर रहे थे और बलूचिस्तान और कराची में अस्थिरता फैलाने में शामिल थे। हालांकि, भारत ने इसे खारिज करते हुए कहा था कि ये जबरन लिया गया बयान है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों ने जाधव को ईरान से अगवा किया। जाधव रिटायरमेंट के बाद ईरान में बिजनेस कर रहे थे।

## नेतन्याहू बोले- हमारे पास विकल्प नहीं

# हमास को तबाह करने और बंधकों की रिहाई तक 'जारी रहेगा युद्ध'

एजेंसी ▶▶ गाजा पट्टी

पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को फिर दोहराया कि इजराइल के पास गाजा में लड़ाई जारी रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक हमास को नष्ट नहीं किया जाता, बंधकों की रिहाई नहीं हो जाती, और यह सुनिश्चित नहीं हो जाता कि गाजा अब इजराइल के लिए खतरा नहीं है, तब तक युद्ध जारी रहेगा।

उन्होंने यह भी दोहराया कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार न मिले। नेतन्याहू पर अपने ही देश में कई स्तरों पर दबाव बढ़ रहा है।

बंधकों के परिवार, उनके समर्थक और पूर्व इजराइली सैनिक पिछले महीने युद्ध विराम को तोड़ने के बाद युद्ध जारी रखने पर सवाल उठा रहे हैं। हालांकि, नेतन्याहू ने दावा किया है कि इजराइल ने युद्धविराम जारी रखने के लिए हमास को आधे बंधकों की रिहाई का प्रस्ताव दिया था, लेकिन हमास ने नवीनतम प्रस्ताव को ठुकरा दिया।



#### इजराइली हमलों में 48 घंटों में 90 लोगों की गई जान

*गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइली हमलों में बीते 48 घंटों में 90 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। अस्पताल कर्मचारियों के अनुसार, इजराइल द्वारा रातभर किए गए हमलों में 15 लोग मारे गए, इनमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। अस्पताल कर्मियों के अनुसार, दक्षिणी शहर खान यूनिस में कम से कम 11 लोग मारे गए, जिनमें कई मुवासी इलाके में एक तंबू में थे। यहां पर सैकड़ों हजारों विस्थापित लोग रह रहे हैं। इजराइल ने भी इसे मानवीय क्षेत्र घोषित किया है।*

#### हमास पर दबाव बढ़ा रहे नेतन्याहू

पीएम नेतन्याहू का कहना है कि इजराइली सैनिक हमास पर बंधकों को रिहा करने और हथियार छोड़ने का दबाव बनाने के लिए हमले बढ़ा रहे हैं। वहीं, इजराइली सेना का कहना है कि उसने सप्ताहांत में 40 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया है। हालांकि, सेना ने यह भी बताया कि शनिवार को उत्तरी गाजा में एक सैनिक की भी मौत हो गई है। सेना ने पुष्टि की कि 18 मार्च को फिर से युद्ध शुरू होने के बाद यह पहले सैनिक की मौत हुई है।

#### हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर नेपाल में प्रदर्शन



**काठमांडू।** नेपाल की राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रविवार को पीएम के आधिकारिक आवास और संसद भवन के पास एक विरोध रैली निकाली। इसमें राजशाही को बहाल करने और नेपाल को हिंदू राज्य के रूप में स्थापित करने की मांग की गई। बिजुलीबाजार-बानेश्वर इलाके में एकत्र हुए लगभग 1,500 प्रदर्शनकारियों ने गणतंत्र प्रणाली मुर्दाबाद, हमें राजशाही वापस चाहिए के नारे लगाए।

## अमेरिका पहुंची वित्त मंत्री सीतारमण

# आईटी फर्मों, बैंकों के सीईओ और निवेशकों के साथ करेंगी द्विपक्षीय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार से 25 अप्रैल तक अमेरिका दौरे पर रहेंगी, जहां वह कई बहुपक्षीय संवादों में भाग लेंगी। रविवार को अमेरिकी दौर पर गई वित्त मंत्री सैन फ्रांसिस्को और वाशिंगटन डीसी जाएंगी। वित्त मंत्रालय ने बयान में बताया कि सैन फ्रांसिस्को में, वित्त मंत्री सीतारमण स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन में 'विकसित भारत 2047 की नींव' विषय पर मुख्य भाषण देंगी। वे निवेशकों के साथ एक गोलमेज बैठक के दौरान प्रमुख फंड मैनेजमेंट फर्मों के शीर्ष सीईओ के साथ बातचीत करेंगी।



यहीं शीर्ष आईटी फर्मों के सीईओ के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी। वित्त मंत्री 26-30 अप्रैल के बीच पेरू का दौरा करेंगी। वह वित्त मंत्री पेरू के राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे और पीएम गुस्तावो एड्रियनजेन से मुलाकात करने के अलावा, पेरू के वित्त और अर्थव्यवस्था, रक्षा, ऊर्जा और खान मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। वित्त मंत्री भारत-पेरू व्यापार मंच की बैठक की भी अध्यक्षता करेंगी।

## अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की परमाणु वार्ता खत्म

# दोनों देश बोले- बैठक सार्थक रही इस हफ्ते तीसरे दौर की होगी वार्ता

एजेंसी ▶▶ रोम

अमेरिका और ईरान के बीच शनिवार को इटली की राजधानी रोम में परमाणु समझौते पर दूसरे दौर की वार्ता कई घंटो की बातचीत के बाद खत्म हो गई। इस वार्ता में अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची शामिल हुए। दोनों के बीच समझौते पर वार्ता का यह दूसरा चरण था। दोनों पक्षों ने कहा कि बातचीत 'रचनात्मकता' रही और इसमें 'बहुत अच्छी प्रगति' हुई। अब आगामी शनिवार को बातचीत का तीसरा चरण शुरू होगा। इससे पहले बुधवार को दोनों पक्ष तकनीकी मुद्दों पर बात करेंगे। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने वार्ता के तुरंत बाद बताया कि ईरान अपने देश पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को हटवाने के लिए गंभीरता के साथ वार्ता जारी रखेगा।



#### हार्वर्ड विश्वविद्यालय मामले में ट्रंप प्रशासन का यू-टर्न

**वॉशिंगटन।** 11 अप्रैल को ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को एक पत्र भेजा था। इसमें प्रवेश और पाठ्यक्रम के अलावा विश्वविद्यालय की फंडिंग को रोकने का उल्लेख था।मगर एक हफ्ते बाद ही ट्रंप प्रशासन ने माना किया हार्वर्ड विश्वविद्यालय को गलती से अनधिकृत पत्र भेजा गया था। ट्रंप प्रशासन ने बताया कि यहूदी विरोध पर व्हाइट हाउस के टास्क फोर्स से मिलने वाला पत्र नहीं भेजा जाना चाहिए था। यह अनधिकृत था।

## 9 महीने से भारत में रह रहीं पूर्व पीएम, तख्तापलट के बाद छोड़ा था देश

भारत में रह रही हसीना का सरकार वीजा अवधि बढ़ा चुकी है

# बांग्लादेश ने इंटरपोल से गिरफ्तारी के लिए हसीना के खिलाफ रेड-कॉर्नर नोटिस मांगा

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश पुलिस ने इंटरपोल से पूर्व पीएम शेख हसीना के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की मांग की है। हसीना के अलावा 11 अन्य लोगों के खिलाफ भी ऐसी ही मांग की गई है। शेख हसीना पिछले साल अगस्त में हुए तख्तापलट के बाद से भारत में रह रही हैं।

बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने शेख हसीना, उनके पूर्व मंत्रियों, सलाहकारों और अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। इन पर भ्रष्टाचार, मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार के आरोप लगाए थे। इंटरपोल का रेड नोटिस किसी व्यक्ति को ढूंढ़ने और उसे प्रत्यर्पण या कानूनी कार्रवाई से पहले अस्थायी रूप से गिरफ्तार करने में मदद करता है।

◆ आईसीटी ने पूर्व पीएम पर भ्रष्टाचार अपराध, व नरसंहार के आरोप भी लगाए



#### बांग्लादेश आतंकी देश बना एक दिन जरूर लौटूंगी: हसीना

शेख हसीना ने 8 अप्रैल को सोशल मीडिया पर बात करते हुए कहा था कि पहले बांग्लादेश को विकास के मॉडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ये आतंकी देश बन गया है। हमारे नेता और कार्यकर्ताओं को जिस तरीके से मारा जा रहा है, उसे बताया भी नहीं जा सकता है। अवामी लीग, पुलिस, वकील, पत्रकार, कलाकार सभी को मारा जा रहा है। उन्होंने आगे कहा था कि अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा है। मैं वापस लौटूंगी। वो दिन जरूर आएगा जब अवामी लीग के नेताओं को निशाना बनाने वालों को इंसाफ के कठघरे में लाया जाएगा।

#### हसीना का पासपोर्ट रद्द गिरफ्तारी वारंट जारी

शेख हसीना पिछले साल 5 अगस्त को देश छोड़कर भारत आ गई थीं। उनके खिलाफ देशभर में छात्रों ने प्रदर्शन किए थे। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। वहीं, बांग्लादेशी सरकार ने चेतावनी दी है कि भारत में रहते हुए हसीना की तरफ से दिए जा रहे बयान दोनों देशों के संबंध बिगाड़ रहे हैं। बांग्लादेश सरकार ने जुलाई में हुई हत्याओं की वजह से शेख हसीना का पासपोर्ट भी रद्द कर दिया है। वहीं बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ट्रिब्यूनल ने हसीना को 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया था। बांग्लादेश भारत से हसीना को डिपोर्ट करने की अपील भी कर चुका है। हालांकि, भारत सरकार उनका वीजा बढ़ा चुकी है, जिससे यह साफ हो गया कि उन्हें बांग्लादेश डिपोर्ट नहीं किया जाएगा।




# रोहित और सूर्यकुमार के अर्धशतक, मुंबई ने चेन्नई को 9 विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा (नाबाद 76 रन) और सूर्यकुमार यादव (नाबाद 68 रन) के नाबाद अर्धशतकों तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 54 गेंद में 114 रन की अटूट साझेदारी से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग एकतरफा मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस इस जीत से आठ अंक लेकर कोलकाता नाइटराइडर्स को हटाकर तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई जबकि चेन्नई सुपर किंग्स चार अंक से अंतिम स्थान पर बनी रहेगी। रोहित ने 45 गेंद की पारी के दौरान चार चौके और छह छक्के जड़कर फॉर्म में वापसी की जबकि सूर्यकुमार ने 30 गेंद खेलते हुए छह चौके और पांच छक्के जमाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। मुंबई इंडियंस ने रोहित और सूर्यकुमार के तूफान से चेन्नई सुपर किंग्स के 176 रन के लक्ष्य को 15.4 ओवर में एक विकेट पर 177 रन बनाकर हासिल कर लिया।



## जडेजा और दुबे का अर्धशतक बेकार

इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स रविंद्र जडेजा (नाबाद 53 रन) और शिवम दुबे (50 रन) के अर्धशतकों की मदद से पांच विकेट 176 रन के स्कोर तक पहुंची। पर शानदार लय में दिख रहे रोहित ने 33 गेंद में दो चौके और चार छक्के लगाकार अपना अर्धशतक पूरा किया जबकि सूर्यकुमार यादव ने 26 गेंद में छह चौके और दो छक्के से 50 रन पूरे किए और टीम को आसानी से जीत तक पहुंचा दिया। रोहित ने रेयान रिकलटन (24 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 40 गेंद में 63 रन की साझेदारी निभाकर शुरूआत की।

## म्हात्रे का डेब्यू में तूफान

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने धीमी शुरूआत की। पर पदार्पण करने वाले 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे ने 15 गेंद में चार चौके और दो छक्के से 32 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। फिर दुबे और जडेजा ने चौथे विकेट के लिए 50 गेंद में 79 रन की अहम साझेदारी बनाई। सातवें ओवर में चौथे नंबर पर भेजे गए जडेजा ने 35 गेंद में चार चौके और दो छक्के से अर्धशतकीय पारी खेली जिससे टीम ने अंतिम पांच ओवर में 58 रन जुटाये। दुबे ने 32 गेंद की पारी के दौरान चार छक्के और दो चौके लगाए।

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रशीद स्ट रिकलटन बो सेंटनर | 19 | 20 | 1 | 0 |
| रविंद्र का रिकलटन बो अश्विनी | 05 | 09 | 0 | 0 |
| आयुष म्हात्रे का सेंटनर बो चाहर | 32 | 15 | 4 | 2 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 53 | 35 | 4 | 2 |
| शिवम का जैक्स बो बुमराह | 50 | 32 | 2 | 4 |
| धोनी का तिलक बो बुमराह | 04 | 06 | 0 | 0 |
| जेमी ओवरटन नाबाद | 04 | 03 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त :** 09, कुल : 20 ओवर में 176/5

गेंदबाजी : चाहर 4-0-32-1, बोल्ट 4-0-43-0, अश्विनी 2-0-42-1, सेंटनर 3-0-14-1, बुमराह 4-0-25-2, जैक्स 1-0-4-0, पंड्या 2-0-13-0.

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकलटन का म्हात्रे बो जडेजा | 24 | 19 | 3 | 1 |
| रोहित शर्मा नाबाद | 76 | 45 | 4 | 6 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 68 | 30 | 6 | 5 |

**अतिरिक्त :** 09, कुल : 15.4 ओवर में 177/1

**गेंदबाजी :** अहमद 2-0-24-0, ओवरटन 2-0-29-0, अश्विन 4-0-25-0, जडेजा 3-0-28-1, नूर अहमद 3-0-36-0, पाथिराना 1.4-0-34-0.

खास खबर

## ओस्टापेंको और सबालेंका ने सेमीफाइनल में बनाई जगह



**स्टटगार्ट।** जेलेना ओस्टापेंको ने दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियाटेक पर अपना दबदबा जारी रखकर पोर्श ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओस्टापेंको ने क्ले-कोर्ट पर खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में 6-3, 3-6, 6-2 से जीत हासिल की और चार बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन स्वियाटेक के खिलाफ अपने रिकॉर्ड को 6-0 तक पहुंचा दिया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा, जिन्होंने तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 6-0, 6-4 से हराया। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने आखिरकार स्टटगार्ट में अपना पहला मैच खेला और अपनी पूर्व युगल जोड़ीदार एलिस मर्टेंस को 6-4, 6-1 से हराया। सबालेंका को पहले राउंड में बाई और दूसरे राउंड में वॉकओवर मिला था। उनका अगला मुकाबला जैस्मीन पाओलिनी से होगा, जिन्होंने अपने करियर में पहली बार कोको गॉफ को 6-4, 6-3 से हराया।

## अब भी पीसीबी से पारिश्रमिक का इंतजार



**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने दावा किया है कि वह अब भी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से कुछ बचे पारिश्रमिक का इंतजार कर रहे हैं। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर गिलेस्पी ने एक स्टोरी पोस्ट की जो पाकिस्तान मीडिया के साथ उनके साक्षात्कार से संबंधित थी जिसमें कहा गया था कि पीसीबी को अब भी उनके कुछ पारिश्रमिक को मंजूरी देनी है।

गिलेस्पी और दक्षिण अफ्रीकी गैरी कर्स्टन को अप्रैल 2024 में पीसीबी द्वारा दो साल के अनुबंध पर क्रमश: लाल गेंद और सफेद गेंद क्रिकेट का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। पीसीबी ने पाकिस्तान टीम के लिए एक नए युग का वादा किया था लेकिन छह महीने बाद उन्हें दिए गए अधिकांश अधिकार वापस लेने के बाद दोनों को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह पहली बार है जब दोनों में से किसी ने पीसीबी के साथ वित्तीय मामलों पर सार्वजनिक रूप से बात की है। एक स्टोरी में लिखा था, 'मैं अब भी पीसीबी से बचे पारिश्रमिक का इंतजार कर रहा हूं।'

## ओडिशा में खेलो इंडिया केंद्र का उद्घाटन

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के खेल और युवा मामलों के मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने रविवार को राज्य के सभी 30 जिलों में खेलो इंडिया केंद्रों का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ये केंद्र खेल मंत्रालय और राज्य के खेल और युवा मामले विभाग के बीच सहयोग से स्थापित किए गए हैं। मंत्री ने कहा, ''खेलो इंडिया केंद्र जमीनी स्तर पर खेल बुनियादी ढांचे और प्रतिभाओं को विकसित करने के उद्देश्य से खोले गए हैं।'' उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग देने के अलावा इन केंद्र में फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, खो-खो और कबड्डी जैसे खेलों के खिलाड़ियों के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन केंद्रों के उचित प्रबंधन के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रति केंद्र पांच लाख रुपये का वार्षिक अनुदान भी दिया जाएगा। सूरज ने कहा कि इनमें स्थानीय क्षेत्र के पूर्व चैंपियनों को कोच के रूप में भर्ती किया जाएगा।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 7 | 5 | 2 | 10 |
| दिल्ली | 7 | 5 | 2 | 10 |
| बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| मुंबई | 8 | 4 | 4 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| राजस्थान | 8 | 2 | 6 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
368 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
14 विकेट
गुजरात

आईपीएल : कोहली 73 रन पर नाबाद

# 'फिरकी' और तूफानी बल्लेबाजी से हारे किंग्स, घर से बाहर बेंगलुरु की 5वीं जीत

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां पंजाब किंग्स को फिरकी गेंदबाजी में फंसाकर सात विकेट से हरा दिया। यह बेंगलुरु की घर से बाहर पांचवीं जीत है। पंजाब के 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल के बीच दूसरे विकेट की 103 रन की तूफानी साझेदारी से सात गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 159 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस जीत के साथ आरसीबी की टीम पंजाब किंग्स सहित उन पांच टीम में शामिल हो गई जिन्होंने अब तक सर्वाधिक 10 अंक जुटाए हैं।

बेंगलुरु से विराट कोहली ने 73 और देवदत्त पडिक्कल ने 61 रन बनाए। कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा 67 बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले प्लेयर बने। उन्होंने डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ा। बेंगलुरु ने 19वें ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर ही टारगेट हासिल कर लिया। क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। पंजाब से अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बरार और युजवेंद्र चहल को 1-1 विकेट मिला।



## पडिक्कल 61 रन पर आउट

आरसीबी ने 13वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। हरप्रीत बरार ने ओवर की तीसरी बॉल गुड लेंथ पर फेंकी। देवदत्त पडिक्कल ने आगे निकलकर बड़ा शॉट खेला, लेकिन लॉन्ग ऑन पर कैच हो गए। पडिक्कल ने 61 रन बनाए, उन्होंने विराट कोहली के साथ 103 रन की पार्टनरशिप भी की।

## हिसाब किया बराबर

आरसीबी ने पंजाब से अपना हिसाब बराबर कर लिया। पंजाब ने एक दिन पहले आरसीबी को उसके ही घर एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मात दी थी। अब आरसीबी ने पंजाब को उसके घर में मात दी है। ये आरसीबी की इस सीजन घर से बाहर लगाकार पांचवीं जीत है।

## फिरकी में फंसे पंजाबी

पंजाब किंग्स ने छह विकेट पर 157 रन बनाए। बाएं हाथ के स्पिनर कृणाल पंड्या और लेग स्पिनर सुयश शर्मा की फिरकी के सामने पंजाब की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और उसका कोई बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाया। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 33 रन बनाकर पंजाब के शीर्ष स्कोरर रहे जबकि शशांक सिंह ने नाबाद 31 रन बनाए। जोश इंग्लिस (29), मार्को यानसेन (नाबाद 25) और प्रियांश आर्य (22) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश का डेविड बो कृणाल | 22 | 15 | 3 | 1 |
| प्रभसिमरनका डेविड बो कृणाल | 33 | 17 | 5 | 1 |
| अय्यर का कृणाल बो शेफर्ड | 06 | 10 | 1 | 0 |
| जोश इंग्लिस बो सुयश | 29 | 17 | 2 | 1 |
| निहाल वढेरा रन आउट | 05 | 06 | 0 | 0 |
| शशांक सिंह नाबाद | 31 | 33 | 1 | 0 |
| मार्कस स्टोइनिस बो सुयश | 01 | 02 | 0 | 0 |
| मार्को यानसेन नाबाद | 25 | 20 | 0 | 2 |

**अतिरिक्त :** 05, कुल : 20 ओवर में 157/6

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-26-0, दयाल 2-0-22-0, हेजलवुड 4-0-39-0, कृणाल 4-0-25-2, शेफर्ड 2-0-18-1, सुयश 4-0-26-2.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 73 | 54 | 7 | 1 |
| सॉल्ट का इंग्लिस बो अर्शदीप | 01 | 03 | 0 | 0 |
| पडिक्कल का वढेरा बो हरप्रीत | 61 | 35 | 5 | 4 |
| पाटीदार का यानसेन बो चहल | 12 | 13 | 1 | 0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 11 | 08 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 01, कुल : 18.5 ओवर में 159/3

गेंदबाजी : अर्शदीप 3-0-26-1, बार्टलेट 3-0-28-0, हरप्रीत 4-0-27-1, यानसेन 3-0-20-0, चहल 4-0-36-1, स्टोइनिस 1-0-13-0, वढेरा 0.5-0-9-0.

## खबर संक्षेप

### करीबी हार को पचाना मुश्किल : बहुतुले



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने स्वीकार किया कि इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार दो करीबी मैच हारना टीम के लिए मुश्किल भरा रहा है, लेकिन उन्होंने कहा कि इससे टीम में किसी तरह की घबराहट की कोई भावना नहीं है। रॉयल्स की टीम शनिवार रात लखनऊ सुपर जाइंट्स से दो रन से हार गई, जबकि उसने अपना पिछला मैच भी दिल्ली कैपिटल्स से सुपर ओवर में गंवा दिया था। आठ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ, राजस्थान अंक तालिका में आठवें स्थान पर है।

### लोकपाल के आदेश के खिलाफ अदालत जाऊंगा

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के उत्तरी स्टैंड से उनका नाम हटाने के हैदराबाद क्रिकेट संघ के लोकपाल के आदेश पर रोक लगाने के लिए तेलंगाना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की योजना बना रहे हैं। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) वी ईश्वरैया ने एचसीए की सदस्य इकाइयों में से एक लॉर्ड्स क्रिकेट क्लब द्वारा दायर याचिका के आधार पर यह निर्णय लिया जिसमें आरोप लगाया गया था कि अजहरुद्दीन ने मनमाने फैसले लेकर तत्कालीन एचसीए अध्यक्ष के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया। न्यायमूर्ति ईश्वरैया एचसीए के आचरण अधिकारी भी हैं।



### एशियाई चैंपियनशिप में भारत का दमदार आगाज

**अम्मान।** भारत ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में हार्दिक दहिया और रुद्राक्ष सिंह की जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। अंडर-15 लड़कों के वर्ग में हार्दिक (43 किग्रा) ने शनिवार को किर्गिस्तान के कुबनिचबेक बोलुशोव को 5-0 से हराया। रुद्राक्ष (46 किग्रा) ने इसके बाद मंगोलिया के इब्राहिम मराल को 5-0 से आसानी से हराया। यह पहली प्रतियोगिता है जिसका आयोजन एशियाई मुक्केबाजी कर रहा है।



निशानेबाजी विश्व कप

## बाबुता 0.1 अंक से स्वर्ण से चूके, तीसरे स्थान पर भारत



एजेंसी ▶▶| लीमा

पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता यहां आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि आर्या बोरसे महिलाओं की स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहीं।

पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे बाबुता (252.3) रोमांचक फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ (252.4) से सिर्फ 0.1 अंक से हार गए। विश्व कप में 40 से अधिक पदक जीत चुके हंगरी के निशानेबाज इस्तवान पेनी ने 229.8 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में कई स्टार निशानेबाज पहुंचे थे जिनमें मौजूदा विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन, नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग और भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल शामिल थे।

भारत के पास दो पदक जीतने का मौका था, लेकिन दुर्भाग्य से तकनीकी खराबी के कारण पाटिल को जूरी ने अपना 11वां शॉट नहीं लेने दिया। इस तरह से यह भारतीय निशानेबाज पहले एलिमिनेशन चरण में हारकर आठवें स्थान पर रहा।

### संधू और प्रगति की शानदार शुरुआत

पुरुष ट्रैप में अनुभवी जोरावर संधू और महिलाओं की स्पर्धा में प्रगति दुबे ने 25-25 के पहले राउंड में शानदार शुरुआत की। जोरावर तीन राउंड के बाद 70 के स्कोर के साथ 21वें स्थान पर जबकि उनकी टीम के साथी पृथ्वीराज टोंडिमन और लक्ष्य श्योराण 69 के स्कोर के साथ क्रमश: 24वें और 25वें स्थान पर हैं। महिलाओं में राष्ट्रीय चैंपियन भव्या त्रिपाठी 69 (24,22,23) अंकों के साथ भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान जबकि प्रगति 68 अंकों के साथ नौवें स्थान पर हैं। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी नीरू 18वें स्थान पर हैं।

## वैभव सूर्यवंशी : 10 साल की उम्र में हर दिन खेला 600 गेंद, 150 किमी थ्रोडाउन कर चमका बिहार का हीरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चौदह साल की उम्र में आईपीएल में शनिवार को पदार्पण करने वाले वैभव सूर्यवंशी ने शार्दुल ठाकुर की पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर दुनिया को चौंका दिया। ऐसी प्रतिभा रातों-रात नहीं बनीं, इस अविश्वसनीय कहानी की नींव तब पड़ी जब उनके पिता संजीव सूर्यवंशी ने अपने बेटे के क्रिकेट सपनों को पूरा करने के लिए अपनी खेती की जमीन बेच दी। इसे आगे बढ़ाते हुए पटना के क्रिकेट कोच मनीष ओझा ने इस विशेष प्रतिभा को पहचाना और सुनिश्चित किया कि 10 साल के वैभव को हर दिन कम से कम 600 गेंदों का सामना करने का मौका मिले ताकि जब भी मौका मिले, वह बड़ी चुनौती के लिए तैयार रहे। फिर बिहार क्रिकेट संघ ने वैभव का समर्थन किया और उसे रणजी ट्रॉफी में जगह दिलाई। तिलक नायडू की अध्यक्षता में अंडर-19 राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने उसे 'कोल्ट टेस्ट क्रिकेट' में पहुंचाया। और अंत में राजस्थान रॉयल्स के राहुल द्रविड़ और जुबिन भरुचा ने आईपीएल की शुरुआत से पहले उसे 150 से अधिक की गति से साइड-आर्म थ्रोडाउन का सामना करवाकर इस अनगढ़े हीरे को चमकाने में अपना योगदान दिया।



**8 वर्ष की उम्र में पहचानी काबलियत:** ओझा ने अपने शिष्य के बारे में बात करते हुए कहा, 'जब वह आठ साल का था तब उसके पिता संजीव उसे मेरे पास लाए थे। हर बच्चा अलग होता है लेकिन अगर मैं उस उम्र के दूसरे लड़कों को देखता हूं तो उसे जो भी सिखाया जाता तो उसमें कार्यान्वित करने की समझ थी। उसका तरीका, बैक-लिफ्ट, कार्यान्वयन, इरादा, सभी हमेशा तालमेल में रहते थे।'

### चर्चा में 14 वर्षीय वैभव

*जब आम 14 वर्षीय बच्चे प्लेस्टेशन खेलने और 'होमवर्क' करने में व्यस्त होते हैं, तब बिहार के समस्तीपुर के इस किशोर ने शार्दुल ठाकुर जैसे कई टेस्ट खेलने वाले अनुभवी खिलाड़ी की गेंद को सवाई मान सिंह स्टेडियम के स्टैंड में पहुंचा दिया जिससे हजारों लोग हैरान रह गए। आईपीएल की दुनिया में 20 गेंद पर 34 रन बनाना आम बात है, लेकिन अगर बल्लेबाज अभी किशोरावस्था में है तो प्रशंसक राजस्थान रॉयल्स के 1.10 करोड़ रुपये के खिलाड़ी के बारे में अधिक जानना चाहेंगे।*

### बल्ले की स्विंग और सही टाइमिंग से ठोके तीन सिक्स

14 वर्षीय खिलाड़ी अपने स्ट्रोक्स में इतनी ताकत कैसे पैदा कर सकता है कि उसने शीर्ष स्तर के आक्रमण का सामना करते हुए एक बार नहीं बल्कि तीन बार गेंद को स्टैंड में भेजा? कोच ने कहा, 'आप लोगों ने उसके शॉट में ताकत देखी। बल्ले की स्विंग और सही टाइमिंग देखी। अगर छक्का मारने के लिए ताकत ही एकमात्र मानदंड होता तो पहलवान क्रिकेट खेलते। यह पांच साल की ट्रेनिंग है जिसमें हर दिन 600 सौ गेंदें खेली जाती हैं। अकादमियों में अन्य लड़के शायद एक दिन में 50 गेंदें खेलते हैं। मैंने वैभव के ट्रेनिंग सत्रों के लगभग 40 वीडियो यूट्यूब पर अपलोड किए हैं। आप देखेंगे कि उसका बल्ले का स्विंग युवराज सिंह जैसा है।

## यॉर्कर मेरी सर्वश्रेष्ठ गेंद फेंकना जारी रखूंगा



**जयपुर।** लखनऊ सुपर जायंट्स की इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स पर दो रन की रोमांचक जीत में डेथ ओवरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज आवेश खान ने कहा कि वह यॉर्कर पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे, जो मुश्किल परिस्थितियों में उनका मुख्य हथियार है। आवेश ने 18वें और 20वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए क्रमश: पांच और छह रन दिए, जिससे लखनऊ शनिवार रात को खेले गए मैच में आखिरी तीन ओवरों में 25 रन का बचाव करने में सफल रहा।

सात खिलाड़ियों पर भी गिरी राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी की गाज

# एथलेटिक्स कोच रमेश डोपिंग मामले में निलंबित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने जूनियर राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच रमेश नागपुरी को डोपिंग में मिलीभगत के लिए निलंबित कर दिया है, जबकि सात एथलीट भी परीक्षणों से बचने के कारण निलंबित कर दिए गए हैं।

राष्ट्रीय एथलेटिक्स के लिए यह करारा झटका है क्योंकि इसके अलावा दो अन्य कोच करमवीर सिंह और राकेश को भी डोपिंग से जुड़े मामलों में निलंबित कर दिया गया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने डोपिंग से जुड़े मामलों की जो नवीनतम सूची जारी की है उसमें सात एथलीट पारस सिंघल, पूजा रानी, नालुबोथु शनमुगा श्रीनिवास, चेलिमी प्रतुशा, शुभम महरा, किरण और ज्योति भी शामिल हैं। इन सभी को निलंबित कर दिया गया है। 19 वर्षीय सिंघल ने 2024 में खेलो इंडिया युवा खेलों में हरियाणा के लिए लड़कों की 2,000 मीटर स्टीपलचेज़ में स्वर्ण पदक जीता था। श्रीनिवास ने 2024 में फेडरेशन कप, राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप और राष्ट्रीय ओपन चैंपियनशिप तीनों में 200 मीटर में रजत पदक जीता था। नागपुरी हैदराबाद में भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में कार्यरत थे। राष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ ने द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त नागपुरी को 2023 में जूनियर मुख्य कोच नियुक्त किया था। उन्हें 2021 के नाडा डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2.9 के तहत निलंबित कर दिया गया है, जो किसी खिलाड़ी या अन्य व्यक्ति द्वारा मिलीभगत या मिलीभगत का प्रयास करने से संबंधित है।



### नागपुरी ने डोप टेस्ट से बचने में की मदद

सूत्रों के अनुसार, नागपुरी ने कथित तौर पर दो एथलीटों को साइ के हैदराबाद केंद्र में नाडा के डोप संग्रह अधिकारियों से परीक्षण से बचने में मदद की थी। उन्होंने महिलाओं की 100 मीटर राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक दुती चंद के अलावा 2024 पैरालिंपिक कांस्य विजेता और मौजूदा विश्व चैंपियन (400 मीटर) दीप्ति जीवनजी को प्रशिक्षित किया है।

NRI SCHOOL OF MANAGEMENT STUDIES, BHOPAL
(Approved by AICTE, New Delhi and Affiliated to BU Bhopal)
Applications are invited from eligible candidates for the of teaching in the following programme under college code 28 of Barkatullaha University
▸Professor - 4 ▸Associate Professor - 7 ▸Asst. Professor - 12
For MBA Programme
Note: The qualifications and pay scales are as prescribed by AICTE Guidelines. Please send your detail resume along with photocopies of mark sheets, testimonials passport size photograph and UID/ID proof within 10 days of publication of this advertisement to the following address by post or mail.
1, Sajjan Singh Nagar, Raisen Road Bhopal, Ph:0755-4085500
www.nrigroupindia.com | Email ID:hr@nrigroupindia.com



# केसरी चैप्टर-2 की कमाई में आया उछाल

**मुंबई।** अक्षय कुमार की फिल्म केसरी चैप्टर 2 को क्रिटिक्स और दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म के पहले दिन की शुरुआत अच्छी हुई थी। अब दूसरे दिन का अपडेट भी आ गया है। दूसरे दिन कमाई में बढ़ोतरी हुई है जिससे फिल्म की टीम भी खुश हो जाएगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने दूसरे दिन 9.50 करोड़ की कमाई कर ली है। वहीं, पहले दिन केसरी 2 ने 7.75 करोड़ कमाए थे तो इस हिसाब से फिल्म ने 2 दिन में टोटल 17.25 करोड़ कमा लिए हैं। वैसे अक्षय की फिल्म स्काई फोर्स की तुलना में फिल्म की कमाई कम है। वहीं, स्काई फोर्स ने 2 दिन में टोटल 34.25 करोड़ कमाए थे।

लाइफ Style



# उर्वशी

## लोग चीजों को ठीक से सुनते भी नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्वशी रौतेला ने हाल में एक इंटरव्यू में बयान दिया कि बद्रीनाथ धाम के पास उनका एक मंदिर है, जिसका नाम उर्वशी मंदिर है। इस पर खूब विवाद हो गया है। रश्मि देसाई ने भी इसकी आलोचना की है। अब उर्वशी की टीम ने एक बयान जारी किया है, जिसमें लोगों से आग्रह किया गया है कि वे वीडियो को ठीक से सुनें।

सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत के दौरान उर्वशी ने दावा किया था कि बद्रीनाथ धाम के पास एक उर्वशी मंदिर है। उन्होंने दक्षिण भारत में भी कुछ ऐसा ही होने की इच्छा व्यक्त की। उर्वशी से पूछा गया कि क्या लोग आशीर्वाद लेने आते हैं? उन्होंने जवाब दिया, 'अब मंदिर है तो वही तो करेंगे।' अब उर्वशी रौतेला की टीम ने बयान जारी किया है, "उर्वशी रौतेला ने कहा कि उत्तराखंड में मेरे नाम का एक मंदिर है, न कि उर्वशी रौतेला का मंदिर। अब लोग चीजों को ठीक से सुनते भी नहीं हैं; बस 'उर्वशी' या 'मंदिर' सुनकर मान लेते हैं कि लोग उर्वशी रौतेला की पूजा करते हैं। इस वीडियो को ठीक से सुनें और फिर बोलें।' बयान में आगे कहा गया, 'उर्वशी ने कहा, हां, दिल्ली विश्वविद्यालय में उन्हें 'दमदमी माई' के रूप में पूजा गया था, और इसके बारे में एक न्यूज आर्टिकल भी है। उर्वशी रौतेला के बयान के बारे में भ्रमित करने वाले कमेंट्स करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए. किसी भी व्यक्ति के खिलाफ निराधार आरोप या अपमानजनक टिप्पणियां करने से पहले फैक्ट्स की पूरी तरह से जांच करना जरूरी है। समाज में सभी को एक-दूसरे के साथ सम्मान और समझदारी से पेश आना चाहिए ताकि सभी के अधिकारों की रक्षा की जा सके।'

हॉलीवुड मसाला



# लेटेस्ट लुक अंडरवेयर ढीली पैंट

**लॉस एंजिल्स।** पॉप सिंगर जस्टिन बीबर पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। इस वक्त म्यूजिक एंड आर्ट फेस्टिवल से जस्टिन की कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं, जिसे देखकर लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं, लोग उनकी तुलना ब्रिटनी स्पीयर्स से करते दिख रहे हैं। कहा जा रहा है कि जस्टिन अपने फैशन ब्रैंड के लॉन्च की तैयारी में हैं। जस्टिन की कमर से लटकती पैंट, ऊपर से झांकता अंडरवेयर और क्रॉप टॉप की तरह टीशर्ट में दिखे... जिसे देखकर लोगों ने हैरानी जताई थी।

# साइमन पैस्ले डे बने हैं जनरल डायर...




**नई दिल्ली।** 'केसरी चैप्टर 2' ने गुड फ्राइडे के मौके पर सिनेमाघरों में दमदार शुरुआत की है। फिल्म की तारीफ हो रही है। अक्षय कुमार, आर माधवन के अलावा चर्चा में ब्रिटिश एक्टर साइमन पैस्ले डे भी हैं, जिन्होंने फिल्म में जनरल डायर का रोल निभाया है। साइमन 'स्टार वार्स' फिल्म का हिस्सा रहे हैं। 'केसरी 2' में साइमन पैस्ले डे ने अपने खूंखार अंदाज, नृशंस हत्या के बाद भी अहम से भरे हुए व्यक्तित्व को बूखबी निभाया है। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि साइमन पैस्ले डे एक मंझे हुए और दिग्गज ब्रिटिश एक्टर हैं, जिनका थिएटर से लेकर टीवी और यहां तक कि रेडियो पर भी बड़ा नाम है। साइमन पेस्ले डे हॉलीवुड फिल्म 'स्टार वार्स: द राइज ऑफ स्काईवॉकर' में भी नजर आ चुके हैं। इंग्लैंड में 13 अप्रैल 1967 को पैदा हुए साइमन 58 साल के हैं। अपने तीस साल से भी अधिक लंबे कॅरियर में उन्होंने थिएटर, रेडियो ड्रामा, टेलीविजन शोज और फिल्मों में खूब नाम कमाया है। साइमन पैस्ले डे अपने कॅरियर की शुरुआत में, ऑस्कर वाइल्ड, विलियम शेक्सपियर, जॉन बुकान और ब्रूस नॉरिस जैसे प्रसिद्ध लेखकों के उपन्यास और नाटकों का मंचन किया है।

# टोविनो ने चीन में मचाया गदर...



**नई दिल्ली।** अपने टैलेंट और अट्रैक्टिव ऑन-स्क्रीन पिक्चराइजेशन के लिए पसंद किए जाने वाले टोविनो थॉमस भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक महान शख्सियत बन गए हैं। अलग-अलग किरदारों में खुद को पूरी तरह से डुबोने की अपनी क्षमता के लिए मशहूर टोविनो ने अलग-अलग शैलियों में दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ने वाली परफॉर्मेंस देने के लिए तारीफ हासिल की है। अब टोविनो थॉमस मलयालम सिनेमा को उन ऊंचाइयों पर पहुंचा रहे हैं, जो पहले कभी नहीं पहुंची। उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर, एआरएम और 2018 मूवी, ताइवान, ताइपे में गोल्डन हॉर्स फैंटास्टिक फिल्म फेस्टिवल में पूरी तरह से हाउसफुल मिला। दर्शक इन हैरान कर देने वाली फिल्मों की शक्तिशाली कहानी और टोविनो थॉमस की शानदार एक्टिंग से बेहद इंप्रेस्ड हैं।

# एनटीआर लेकर आ रहे हैं नई धांसू फिल्म



**नई दिल्ली।** दर्शकों के चहेते जूनियर एनटीआर अब प्रशांत नील और माइथ्री मूवी मेकर्स के साथ मिलकर एक बड़ी फिल्म करने जा रहे हैं। इसका फिलहाल नाम एनटीआरनील रखा गया है। जूनियर एनटीआर 22 अप्रैल से शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस प्रोजेक्ट को लेकर फैंस का क्रेज जबरदस्त है। शूटिंग के लिए रवाना होते हुए जूनियर एनटीआर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक फिल्म की डीटेल्स सीक्रेट रखी हैं, लेकिन माहौल में जबरदस्त हलचल है। प्रशांत नील की दमदार स्टोरीटेलिंग और जूनियर एनटीआर की तगड़ी मौजूदगी इस फिल्म को इंडियन सिनेमा में एक नया बेंचमार्क देने वाली है। इसके अलावा जूनियर एनटीआर देवारा: पार्ट 1 की धमाकेदार सफलता के बाद एक बार फिर वापसी कर रहे हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930